वाराणसी, शुक्रवार 7 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 14, अंक 30, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर : कांशीराम की विरासत, मायावती की तर्ज-ए-सियासत

अन्दर : बुमराह के नहीं होने से मुझ पर है अधिक जिम्मेदारी : शमी



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) •चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## मुंबई एयरपोर्ट पर 11 करोड़ रुपये की ड्रग्स और सोना जब्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। इसके साथ ही सोने का पाउडर भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, 2 से 5 मार्च के बीच मुंबई के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने ड्रग और सोने की तस्करी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार यात्री के पास से 1.18 किलोग्राम कोकीन और 485 ग्राम सोने का पाउडर जब्त किया गया। ये ड्रग्स युगांडा से आए एक यात्री से जब्त की गईं।

# मुझे यह अनुभूति...जैसे मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के गंगोत्री के मुखवा गांव में मां गंगा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद हर्षिल में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने उत्तराखंड की आध्यात्मिक शक्ति और विकास की संभावनाओं पर बात की। यहां उन्होंने कहा, कि उत्तराखंड की यह देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों के आशीर्वाद से मुझे एक बार फिर मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आने का सौभाग्य मिला है। अपने परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं। जनसभा में पीएम मोदी ने

**संबोधन**

### गंगोत्री में बोले पीएम मोदी, मां गंगा का दुलार है कि मैं उनके मायके मुखवा आया

अपनी गंगा भक्ति प्रकट की और कहा, कि कुछ महीने पहले मुझे यह अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। यह उनका ही दुलार है कि मैं आज उनके मायके, मुखवा गांव आया हूं। पीएम मोदी ने उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह राज्य की आर्थिक संभावनाओं को



साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, कि उत्तराखंड के पर्यटन को सालभर सक्रिय रखने की जरूरत है। यहां कोई ऑफ-सीजन नहीं होना चाहिए, हर मौसम में पर्यटकों के लिए अवसर उपलब्ध होने चाहिए। पीएम मोदी ने इस पहल के लिए उत्तराखंड की धामी सरकार को बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की यह देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से पूर्ण है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद भी इसे प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मैं यह मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंच पाया और अब सांसद के तौर पर काशी की सेवा कर रहा हूं। यही वजह है कि मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चारधाम ऑल वेदर रोड, आधुनिक एक्सप्रेस वे, रेल, विमान और हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार पिछले 10 वर्षों में तेजी से हुआ है। अभी कल ही केंद्रीय कैबिनेट द्वारा केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ रोपवे बन जाने के बाद जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती थी, उसे लगभग 30 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। ऐसा होने से बुजुर्गों और बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी।

## संक्षेप

### पीएफआई मॉड्यूल से जुड़े मो. अफरोज ने किया सरेंडर

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में फुलवारीशरीफ मॉड्यूल से जुड़े पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के संदिग्ध सदस्य मो. अफरोज ने मुजफ्फरपुर की विशेष यूएपीए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। वह पिछले दो साल से फरार था और पुलिस उसकी कुर्की-जब्ती की तैयारी कर रही थी। मो. अफरोज पर बरुराज के परसौनी गांव में एक ट्रेनिंग कैंप चलाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आरोप है। वह पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के कस्बा गांव का निवासी है और पीएफआई के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. रियाज मौरिफ का करीबी बताया जाता है।

### अनुराग कश्यप ने तोड़ा बॉलीवुड से नाता

मुंबई। मशहूर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मुंबई और बॉलीवुड से दूरी बना ली है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वह मुंबई छोड़कर किसी और शहर में शिफ्ट हो गए हैं, क्योंकि इंडस्ट्री का माहौल अब पहले जैसा नहीं रहा। अनुराग ने कहा कि बॉलीवुड अब सिर्फ मुनाफे की दौड़ में लगा है, कला और क्रिएटिविटी के लिए कोई जगह नहीं बची।

### ममता बनर्जी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में देंगी व्याख्यान

**कोलकाता।** ममता बनर्जी इस महीने के अंत में लंदन यात्रा पर जा सकती हैं। वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में आमंत्रित की गई हैं, जहां 27 मार्च को वह एक विशेष व्याख्यान देंगी।

### 19 बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

अगरतला। बीएसएफ ने त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से 19 बांग्लादेशी और एक दलाल सहित तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में पश्चिमी त्रिपुरा, खोवाई, उत्तरी त्रिपुरा और सिपाहीजाला जिलों से गिरफ्तार किया गया।

# महाकुंभ में ब्लास्ट करने वाला था बब्बर खालसा का आतंकी

## कौशांबी से स्पेशल टास्क फोर्स ने पकड़ा

**लखनऊ।** प्रदेश के कौशांबी जिले से बृहस्पतिवार तड़के बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार किया गया। वह महाकुंभ के दौरान अशांति फैलाकर भारत से फरार होना चाहता था। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। प्रदेश के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में यह कामयाबी मिली है। डीजीपी कुमार ने कहा कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल के इस आतंकी की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से भारत में हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी की पुष्टि भी हुई है। लखनऊ के सिग्नेचर बिल्डिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीजीपी कुमार ने कहा कि मसीह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, धार्मिक आयोजन में कड़ी सुरक्षा जांच के कारण वह अपनी साजिश को अंजाम नहीं दे सका। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसका बब्बर खालसा के एक सदस्य के साथ संबंध था जो पहले ही फर्जी यात्रा दस्तावेज के जरिए दुबई से भागा है।

**शिकंजे में**

### डीजीपी बोले-मारे गए आतंकियों को गोला-बारूद दिए थे

डीजीपी ने बताया कि मसीह पाकिस्तान में आईएसआई के तीन एजेंटों के संपर्क में था और वह पूर्व में हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन 24 सितंबर 2024 को अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज के दौरान भाग गया था।

उन्होंने बताया कि भागने के बाद उसने 23 अक्टूबर 2024 को पंजाब के बटाला में स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के इशारे पर गोली चलाई थी, जिसके बाद वह सोनीपत और दिल्ली में छिपा रहा। कुमार ने बताया कि मसीह पंजाब में पुलिस चौकियों पर हमलों में शामिल बीकेआई के सदस्यों को कूट संकेतों के जरिए ग्रेनेड की आपूर्ति करता रहा है और वह पीलीभीत में मारे गए आतंकी विरेश सिंह उर्फ रवि के भी संपर्क में था। उत्तर प्रदेश पुलिस के मुताबिक, मसीह अमेरिका स्थित एक खालिस्तानी आतंकी से जुड़े अजनाला स्थित एक शख्स और कतर में छिपे एक अन्य आतंकी के निरंतर संपर्क



डीजीपी प्रशांत कुमार आतंकी बब्बर खालसा के बारे में जानकारी देते हुए

में था। पुलिस ने बताया कि उसने कूटरचित मंचों से संवाद किया और उसके मोबाइल फोन डेटा का एसटीएफ साइबर लैब में विश्लेषण किया जा रहा है।

डीजीपी कुमार ने कहा कि मसीह आतंकी गतिविधियों के लिए धन उपलब्ध कराने में पंजाब के मादक पदार्थ और फिरौती के अपने गिरोह का उपयोग कर रहा था। मुक्तसर जेल में एक साथी कैदी के जरिए आईएसआई के लोगों से उसका संपर्क स्थापित हुआ। कैदी ने उसे सीमा पार से ड्रोन का उपयोग कर हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों से संपर्क कराया। इससे



पकड़ा गया आतंकी


पूर्व उत्तर प्रदेश एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुरलियां गांव निवासी आरोपी लजर मसीह को तड़के करीब 3रू20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियान कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चलाया गया था। उन्होंने बताया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के जर्मनी स्थित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित आईएसआई एजेंटों के सीधे संपर्क में था।

## वीडियो, ऑडियो बुक ई-बुक की मदद लेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने फैसला किया है कि मतदाताओं, उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों समेत उसके विभिन्न हितधारकों के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उन्हें चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं, व्यवस्थाओं और नियमों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। चुनाव आयोग के अनुसार, क्षमता निर्माण के लिए आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा। यह वीडियो उनके लिए चुनाव से जुड़े सभी पहलुओं को विस्तार से कवर करेगा। ये एनिमेटेड वीडियो प्रत्येक हितधारक के लिए स्व-गति से निरंतर सीखने का आसान माध्यम होंगे। प्रदेशों के सीईओ का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। चुनाव प्रणाली में दक्षता लाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और दृढ़ विश्वास के अनुरूप, यह निर्णय लिया गया। इसके तहत विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक अनुकूलित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी आर्किटेक्चर तैयार किया जाएगा। एक एकल खिड़की मंच की भी योजना बनाई गई है, जो सूचनाओं के सुझाव और परिणामों के प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। यह मंच मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए अंतर्निहित क्रॉस-सत्यापन के साथ अधिकारियों के बीच संचार को सुचारू बनाएगा।

# लंदन में विदेश मंत्री के सामने तिरंगा फाड़ने पर आक्रोश





**अमृतसर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर तिरंगा भी फाड़ा। विदेश मंत्री इस समय लंदन में हैं। उन्होंने यहां चैथम हाउस थिंक टैंक के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इसे लेकर देश के लोगों में गुस्सा है। इस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद जैसे ही वे अपनी कार की तरफ बढ़े। वहां पहले से विरोध कर रहे खालिस्तान समर्थकों ने उन्हें देखकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद एक शख्स तिरंगा लेकर उनकी कार के आगे खड़ा हो गया और रास्ता रोक लिया। इस दौरान उसने भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ने जैसी शर्मनाक हरकत भी की।खालिस्तान समर्थक की तिरंगा फाड़ने की हरकत को देखते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी से दूर ले गए। ये पूरी घटना विदेश मंत्री की सुरक्षा में चूक के तौर पर देखी जा रही है। जब जयशंकर चैथम हाउस में पहुंचे थे, उससे पहले ही खालिस्तानी समर्थक वहां मौजूद थे और सड़क के दूसरी तरफ खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद जयशंकर के बाहर आते समय सुरक्षा घेरा नहीं बढ़ाया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग हुआ

भारत ने जयशंकर की सुरक्षा में चूक की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा-हमने विदेश मंत्री की यूके यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन की फुटेज देखी है। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

विदेशों में खालिस्तान समर्थक पहले भी भारत विरोधी गतिविधियां करते रहे हैं। ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में भारतीय दूतावासों के बाहर ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिन पर भारत सरकार पहले ही विरोध जता चुकी है।

# आबकारी मंत्री सेंथिल और उनके समर्थकों के घर पर ईडी का छापा

**कार्रवाई**

### सरकारी ठेकेदार एम शंकर आनंद और शक्ति मेस के मालिक कार्थी के आवासों पर भी छापा

**करूर।** तमिलनाडु में धन शोधन मामले में ईडी ने गुरुवार को राज्य के आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके समर्थकों के घरों पर छापेमारी की। इनमें प्रमुख रूप से करूर जिले के रायनूर स्थित कोंगू मेस के मालिक मणि का घर शामिल है। इसके अलावा, इरोड रोड पर सरकारी ठेकेदार एम शंकर आनंद और शक्ति मेस के मालिक कार्थी के



आवासों पर भी छापा मारा। ये सभी लोग मंत्री सेंथिल के समर्थक माने जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारी इस कार्रवाई में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री सेंथिल पर कई गंभीर आरोप हैं, जिनमें वित्तीय धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और धन शोधन जैसे मामले शामिल हैं।

ईडी आरोपों की गहन जांच कर रही है, और इससे संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया जा सकता है, जो कानूनी कार्रवाई में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पिछले साल 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी। इसके तीन दिन बाद ही 29 सितंबर को उन्हें तमिलनाडु के बिजली, मद्य निषेध और आबकारी मंत्री के रूप में बहाल कर दिया। मई 2021 से जून 2023 तक वे इसी पद पर रहे। 2 दिसंबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार द्वारा उनकी बहाली पर चिंता जताई थी।

### कांग्रेस अपनी ही संपत्ति का करेगी आकलन

नई दिल्ली। पूरे में देश में अलग अलग जगहों पर पड़ी कांग्रेस की संपत्ति को व्यवस्थित करने के लिए कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नया विभाग गठित करने की घोषणा के साथ ही एआईसीसी के संयुक्त कोषाध्यक्ष विजय इंदर सिंगला को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इस विभाग को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तहत स्थापित किया गया है और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पार्टी की संपत्तियों का सही लेखा-जोखा तैयार करना, उनकी मौजूदा स्थिति की समीक्षा करना और उनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करना है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब कांग्रेस कई राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई है।

# घरों को तोड़ना अत्याचारी कदम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना लोगों के घर गिराने के मामले का संज्ञान लिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को जमकर फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई चौंकाने वाली है और बेहद गलत उदाहरण पेश करती है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय ओका और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने घर तोड़ने को अत्याचारी कदम बताया है। साथ ही कोर्ट ने ढहाए गए घरों के पुनर्निर्माण के निर्देश भी दिए हैं।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया, यह कार्रवाई चौंकाने वाली है और गलत संदेश देती है। आप घरों को तोड़कर इसतरह का एक्शन क्यों ले रहे

**सख्त टिप्पणी**

### योगी के बुलडोजर ऐक्शन पर नाराज सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

हैं। हम जानते हैं कि इस तरह के तकनीकी तर्कों से कैसे निपटना है। आखिरकार अनुच्छेद 21 और आश्रय के अधिकार जैसी कोई चीज होती है। सुप्रीम कोर्ट में जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवाओं और एक अन्य व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई चल रही थी, जिन्होंने योगी सरकार पर गैर कानूनी तरीके से घरों को गिराने के आरोप लगाए हैं। वहीं योगी सरकार के मुताबिक जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की थी, जो 2023 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया



था। इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मार्च 2021 में शनिवार रात को नोटिस देकर रविवार को घर तोड़ दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि राज्य को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। वहीं योगी सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि लोगों को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था। हालांकि जस्टिस ओका इस तर्क से असहमत थे।

जस्टिस ओका ने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा। यह एक खराब उदाहरण है। इस दौरान अटॉर्नी जनरल ने मामले को हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की। एजी ने कहा, मैं डिमोलिशन का बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन इस पर हाईकोर्ट को विचार करने दें। हालांकि कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा, बिल्कुल नहीं। दोबारा हाईकोर्ट नहीं जाना चाहिए। तब मामला टल जाएगा।

# माता-पिता की अनुमति बिना नहीं बनेगा नाबालिग का पासपोर्ट

**नई दिल्ली।** माता-पिता दोनों की अनुमति के बिना अब नाबालिग का पासपोर्ट नहीं बनेगा। अगर किसी एकल अभिभावक ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन दिया है, तब उन्हें पहले से ज्यादा सूचनाएं और उनकी पुष्टि करने वाले दस्तावेज देना होगा। उन्हें दूसरे अभिभावक की ओर से सहमति न मिलने का कारण भी स्पष्ट करना होगा।



दरअसल विदेश मंत्रालय ने बीते दिनों नाबालिग के आवेदन के साथ लगने वाले अनुलग्नक-सी (माता-पिता की ओर से घोषणा-पत्र) में परिवर्तन किया है। अनुलग्नक-सी में सही जानकारी नहीं देने पर पासपोर्ट के आवेदन पर विचार नहीं होगा। नाबालिग के पासपोर्ट के आवेदन के साथ दोनों अभिभावकों की सहमति दी गई है, तब उन्हें अनुलग्नक-डी और एक अभिभावक की सहमति होने पर अनुलग्नक-सी भरकर देना होता है। इसमें अक्सर आवेदकों की ओर से सही जानकारी नहीं दी जाती थी। इसतरह के कई मामले सामने आए हैं, जिसमें अभिभावकों के बीच विवाद होने पर पूरी जानकारी नहीं दी गई थी। आवेदन करने वाले अभिभावक की ओर से दूसरे की सहमति न मिलने का कारण उसका विदेश में रहना बताया गया। पूर्व में इसतरह के मामलों में विदेश में रहने के सुबूत दिया जाना अनिवार्य नहीं था। वहीं, कोर्ट में तलाक का केस चलने पर सिंगल अभिभावक की ओर से आवेदन करने पर उनके लिए यह जानकारी देना अनिवार्य नहीं था कि न्यायालय की ओर से उन्हें बच्चे की कस्टडी दी गई है या नहीं। पासपोर्ट बनवाने के दौरान इसतरह के दस्तावेज जमा करने की अनिवार्यता भी नहीं थी जिसमें कोर्ट के पासपोर्ट जारी करने पर कोई शर्त या प्रतिबंध तो नहीं लगा रखा है।

### ये हैं नियम

1. माता या पिता में से कोई एक विदेश में रह रहा है और अनुमति देने में असमर्थ हैं, तब उनके पासपोर्ट और वीजा की कॉपी भी जमा करानी होगी।
2. अगर कोई एक अभिभावक विदेश यात्रा के लिए गया है, तब पासपोर्ट, वीजा के साथ टिकट या बोर्डिंग पास की कॉपी देनी होगी।
3. तलाक होने की स्थिति में सिंगल अभिभावक को आवेदन के साथ कोर्ट से बच्चे की कस्टडी और देखरेख के अधिकार का दस्तावेज देना होगा।
4. तलाक होने या मामला विचाराधीन होने पर अगर कोर्ट ने पासपोर्ट के संबंध में कोई निषेधाज्ञा लागू नहीं की है, तब तलाक याचिका की कॉपी देनी होगी।
5. तलाक हो जाने पर या मामला विचाराधीन होने पर अगर कोर्ट ने पासपोर्ट के संबंध में निषेधाज्ञा लागू की है, तब दोनों अभिभावकों की सहमति या न्यायालय की अनुमति जरूरी होगी।

## सुप्रीम कोर्ट से स्टालिन को राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री एम उदयनिधि स्टालिन को फौरी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उदयनिधि के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं हो सकतीं। साथ ही न्यायालय ने मौजूदा प्राथमिकियों की सुनवाई कर रही अदालतों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से स्टालिन को दी गई छूट संबंधी अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ा दी। उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया था कि जिस तरह से कोरोना, मलेरिया, डेंगू को खत्म करते हैं, उसी तरह सनातन धर्म का सिर्फ विरोध नहीं होना चाहिए, बल्कि सनातन धर्म को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

# आजमगढ़ में स्कूल के बाहर हो रही थी खुलेआम नकल

**आजमगढ़।** जिले के मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कॉलेज में एसटीएफ का छापा पड़ते ही हड़कंप मच गया। परीक्षा केंद्र के बाहर पेपर लिखवाने का काम हो रहा था।

बच्चों को कठिन लगने वाला विषय भौतिक विज्ञान है और इंटरमीडिएट के इसी विषय की परीक्षा गुरुवार को थी। यूपी बोर्ड परीक्षा में सामान्यतः नकल माफिया सक्रिय होते हैं। इसी के मद्देनजर एसटीएफ वाराणसी की टीम को छापेमारी में एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। आजमगढ़ जिले के कामता प्रसाद इंटर कालेज मड़हर के बाहर भौतिक विज्ञान की कॉपियां लिखते हुए चार लोग पकड़े गए। एसटीएफ व पुलिस अभी पूछताछ कर रही है।

**अराजक हालात**

### भौतिक विज्ञान की कॉपियां लिखते समय एसटीएफ ने चार को किया अरेस्ट

जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा चल रही है। इसके लिए 282 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को भी दो पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली में सात केंद्रों पर इंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन व नृत्यकला की परीक्षा थी। वहीं, दूसरी पाली में 282 परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र व तर्क शास्त्र की परीक्षा हुई।

गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर स्थित पंडित कामता प्रसाद इंटर कालेज में दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान एसटीएफ की टीम ने छापा मारा। इस दौरान उत्तर पुस्तिका को परीक्षा केंद्र के बाहर लिखवाकर कर इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान विषय में पास कराने का खेल होता पाया गया।

एसटीएफ की टीम और आजमगढ़ के डीआईओएस द्वारा गिरफ्तार लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक एसटीएफ व पुलिस ने इस मामले में जांच-पड़ताल की बात कही थी। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि अभी पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला सामने आने पर बताया जाएगा।

## नाबालिग लड़की को भगाने वाला तीन साल बाद गिरफ्तार

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की को लेकर भागने वाले आरोपी समीर मलिक बिंदापुर पोकेट डाबरी द्वारका वेस्ट दिल्ली के रहने वाले गिरफ्तार किया। किशोरी को पुलिस ने आरोपी के घर से बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ भेलूपुर थाना में वर्ष 2022 में किशोरी की पिता की शिकायत पर पास्को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था।आरोपी मोबाइल का प्रयोग नहीं करता था। जिसके कारण पुलिस आरोपी तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। गिरफ्तार करने वाले एएचटीयू के प्रभारी विजय कुमार शुक्ल उप निरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय महिला मुख्य आरक्षी सीमा गौतम गोबिंद यादव शामिल थे।

# छेड़खानी से रोकने पर बवाल भीड़ आरोपी को छुड़ा ले गई

**ये दुस्साहस**

### पुलिस ने आरोपी समेत दो के खिलाफ दर्ज किया केस

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंबिया मंडी चौकी स्थित जमुना टॉकीज गली में शुक्रवार को छेड़खानी की घटना के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना तब हुई जब एक किशोरी से छेड़खानी कर रहे युवक को परिजनों और स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद मामला बढ़ गया और झड़प में बदल गया। जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय किशोरी किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। किशोरी ने शोर मचाया तो उसके पिता और आसपास के लोग वहां पहुंच गए और युवक को पकड़ लिया।

इस घटना के बाद आरोपी युवक के समुदाय के कुछ लोग वहां पहुंचे और उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे। जब किशोरी के पिता और स्थानीय लोगों ने विरोध किया, तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि इस दौरान रिजवान गुड्डू नामक व्यक्ति ने युवक को भीड़ से छुड़ाकर वहां से भगा दिया।

इस झड़प में राहुल प्रजापति नामक युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए कबीरचौरा अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी गौरव बंसवाल, एसीपी कोतवाली प्रज्ञा पाठक और कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

किशोरी के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी गौरव बंशवाल ने बताया कि अंबिया मंडी में एक युवक नाबालिग से छेड़खानी कर रहा था। जिसे किशोरी ने पकड़ लिया। इस दौरान शोहदे को थाने ले आते समय उसके जान पहचान के लोगों ने छुड़ा लिया। इस दौरान हाथापाई भी हुई है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। इसके अलावा आरोपी और उसे छुड़ाने वाले की शिनाख्त हो गई है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सेवापुरी में चोर हजारों का माल उठा ले गए

**स्कूल में चोरी**

### तहरीर बदलने पर मुकदमा दर्ज करने की बात पर अड़ी पुलिस, नहीं लिया प्रार्थना पत्र

**सेवापुरी।** प्राथमिक विद्यालय कुरौना में खिड़की का ग्रिल काटकर घुसे चोर हजारों का माल उठा ले गए।।जनवरी से अब तक विद्यालय में हुई यह तीसरी चोरी घटना का पदार्फाश नहीं कर पाई पुलिस। सेवापुरी-जंसा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुरौना में जनवरी माह से अब तक तीन बार चोर विद्यालय में घुसकर काफी सामान उठा ले गए पुलिस मामले का पदार्फाश करने को कौन कहे प्राथमिक की तक दर्ज नहीं की जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के पीछे लगी खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर घुसे चोर एक बोरी चावल एक कूलर एक साउंड बॉक्स व बड़े बॉक्स में रखे बर्तन बर्तन गायब थे जिसकी सूचना जारिऐ मोबाइल विद्यालय के शिक्षकों ने पुलिस को दी सूचना पर जनसा पुलिस डॉग स्क्वायड फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच काफी हाथ पांव चलाया लेकिन कोई सुरग पुलिस के हाथ नहीं लगा गौरतल ब हो की इस विद्यालय में बीते 20 जनवरी व 27 फरवरी को भी इसी तरह से चोरी की घटना हो चुकी है शिक्षकों का आरोप है कि प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी पुलिस न ही मुकदमा लिखी ना मामले का पदार्फाश करने में कोई रुचि दिखाई जिसके चलते होसला बुलंद चोर आज तीसरी बार घटना को अंजाम दे दिए कार्यवाहक प्रधान अध्यापिका किरण मिश्रा का कहना है कि गुरुवार की दोपहर घटना की तहरीर जब देने थाने पर पहुंची तो थाना अध्यक्ष महोदय यह कहने लगे की तहरीर बदल दो जैसा हम कहते हैं वैसा लिखकर तहरीर दो जब इस पर हम तैयार नहीं हुई तो वे तहरी लेने से मना कर दिए अब इस मामले में विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण शुक्रवार को सीपी वाराणसी से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे।

## संक्षेप

### विश्वकर्मा समाज ने किया हैदराबाद के चिकित्सक का सम्मान



**वाराणसी।** विश्वकर्मा समाज ने हैदराबाद के लोकप्रिय वरिष्ठ सर्जन डॉ. जया प्रसाद विश्वकर्मा और बी. राज नरसिम्हा का काशी आगमन पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने पर सपा के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने चिकित्सक डॉ. जया विश्वकर्मा सहित अन्य मेहमानों का माल्यार्पण और स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। दो दिन प्रवास के दौरान डॉ. जया विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगो से मुलाकात किया एवं काशी के प्रमुख मंदिर में परिवार सहित दर्शन-पूजन के उपरांत गंगा घाटों का भ्रमण किया।

### भिखारी ठाकुर ने भोजपुरी को दिलाया सम्मान

**वाराणसी।** भिखारी ठाकुर को भोजपुरी का सेक्सपियर कहा जाता है। उक्त बातें दिनेश चंद्र पूर्व राजभाषा अधिकारी ने कही। कहा कि भिखारी ठाकुर ने समाज में अपने नृत्य एवं गायन शैली की विधा से भोजपुरी को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया। दूसरे वक्ता के रूप में डॉ जयशंकर जय ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार का भूभाग आज भी भिखारी ठाकुर के नाटको एवं विदेशिया के माध्यम से लोकप्रिय हुए और बहुत ही ख्याति अर्जित की। इसी क्रम में भिखारी ठाकुर सम्मान प्राप्त चंद्रकांत सिंह ने कहा कि जब तक भोजपुरी बोली और भाषा के रूप में उत्तर भारत में चलती रहेगी तब तक भिखारी ठाकुर अपने योगदान से आम जनमानस के बीच अपनी उपस्थिति अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्ज करते रहेंगे। आकाशवाणी के प्रखर भोजपुरी संचालक श्रीलालजी झगड़ू भैया ने कहा कि भिखारी ठाकुर अपनी नित्य शैली और विदेशिया नाटक के माध्यम से जल्द ही अपने उपस्थिति दर्शकों के पटल पर छा जाते थे।

### ऑटो व बाइक की टक्कर में चार घायल

**कछवांरोड।** क्षेत्र के कछवां-कपसेठी मार्ग पर मिल्कीपुर गांव के सामने चट्टी पर गुरुवार की शाम ऑटो व बाइक के आमने-सामने टक्कर में ऑटो सवार छतेरी गांव निवासिनी माला देवी उम्र (35) वर्ष, शिवांगी उम्र (07) वर्ष व विकास घायल हो गए वही बाइक सवार मिजार्पुर जिले के चुनार निवासी राम प्रकाश पाल घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु कछवांरोड स्थित विजय अस्पताल में भर्ती करवाया।वही क्षतिग्रस्त बाइक व ऑटो को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी कछवांरोड ले आई।

### मंडुवाडीह पुलिस ने होली-रमजान पर शांति की अपील की

**वाराणसी।** मंडुवाडीह पुलिस ने बरेका चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की, जिसमें क्षेत्र के दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस ने सभी से आपसी भाईचारे के साथ होली और रमजान मनाने की अपील की। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही गई। इस बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा। मौके पर एसीपी रोहनिया, थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण तरीके मनाएं त्योहार

**चोलापुर।** थाना परिसर में होली और आगामी त्यौहारों को देखते हुए गुरुवार की शाम को पीस कमेटी की एक बैठक एसीपी सारनाथ डॉ.अतुल अंजान त्रिपाठी नेतृत्व मे हुई उन्होंने आए हुए संभ्रांत लोगों से कहा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए त्यौहार।एसएचओ चोलापुर राकेश कुमार गौतम ने लोगों से कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की और उनके गांवों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली खास तौर पर होलिका दहन वाली जगहों पर किसी प्रकार के वाद विवाद की आशंका वाले स्थानों की जानकारी ली और लोगों से अपील की त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित कर सूचना दें बैठक में थाना क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी व प्रधानगण के साथ क्षेत्र के संभ्रांत लोग बैठक में मौजूद थे।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चलाने वाला हिरासत में

**जनसंदेश न्यूज**

**बड़ागांव।** बड़ागांव पुलिस और एसटीएफ वाराणसी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार को दोपहर बाद चिलबिला के टीका ब्रह्म बाबा मंदिर के पास से वाहन खरीदने के नाम पर चार पहिया लेकर भाग जाने वाले और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चलाने वाले अभियुक्त निवासी ग्राम गाहा थाना कोठी जनपद बाराबंकी निवासी उत्कर्ष द्विवेदी को कार सहित हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। बताते चलें कि वाराणसी के महमुरगंज बड़ी गैबी निवासी शहजाद खान ने अपनी चार पहिया डट्सन कार को बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था बीते 20 जनवरी को अभियुक्त द्वारा गाड़ी का पैसा हरहुआं चल कर देने की बात कहते हुए रास्ते में काजी सरांय बाजार के पास एक चाय की दुकान चाय पीने की बात कहते हुए गाड़ी में छुट गये मोबाइल को लेने के नाम पर कार लेकर भाग निकला और वाहन स्वामी देखता रह गया।

## जमीन पर अवैध कब्जा कराया जा रहा

रोहनिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के जाफराबाद स्थित गांव में मंदिर की जमीन को अवैध तरीके से राम मूरत पाण्डेय पुनीत पाण्डेय विशाल पाण्डेय शौर्य पाण्डेय दीपू पाण्डेय वीपू पाण्डेय लकड़ू पिंटू सहित कुछ अज्ञात लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा था जिस पर शीतला प्रसाद राजेश पाण्डेय मनोज पाण्डेय धर्मेंद्र पाण्डेय शशिकला इत्यादि लोगो द्वारा जब रोकने का प्रयास किया गया तो उपरोक्त सभी लाठी डंडा धारदार हथियार से मारकर शीतला प्रसाद राजेश पाण्डेय मनोज पाण्डेय धर्मेंद्र पाण्डेय शशिकला इत्यादि लोगो को घायल कर दिए साथ ही लोगों ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे डाली वहीं सूचना पर पहुंची 112 की टीम पीड़ित को थाने ले आई जिस पर पीड़ित के तहरीर के आधार पर रोहनिया पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# संकल्प दृढ़ हो तो जरूर मिलती है सफलता

**सम्मानित**

### तभी समाज में नाम और होता है सम्मान-महापौर

### राजनारायण पार्क में सम्मानित किए गए सफाई मित्र



**वाराणसी।** लोगो में दृढ संकल्प हो तो सफलता जरूर मिलता है तभी समाज में उनका नाम और सम्मान भी होता है। हमें इच्छा शक्ति बनाए रखने और प्रतिज्ञा के साथ अपने कार्य करते रहना चाहिए। यह बात महापौर अशोक कुमार तिवारी ने गुरूवार को बेनियां बाग स्थित राजनारायण पार्क में नगर निगम की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए कही। उन्होंने कुंभ के पलट प्रवाह पर सफाई मित्रो द्वारा काशी को साफ-सुथरा रखे जाने और बेहतर कार्य किए जाने की सराहना की। महापौर ने सभी स्वास्थ्य निरीक्षको, सुपरवाइजरो और सफाई कर्मियो से अपने स्तर पर एक पेड लगाने का जहां आवाह्न किया, वही सफाई व्यवस्था को श्रद्धालुओ की भीड़ के बाद भी दुरूस्त रखे जाने पर बधाई दी। इस दौरान महापौर ने दशाश्वमेध और आदमपुर वार्ड सहित कई क्षेत्रो के दर्जनों सफाई मित्रों को उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर जहां फूल की पंखुड़ी डाल कर उनका उत्साहवर्धन किया ,वही अनेक महिला और पुरुष सफाई मित्रों को अंगवस्त्र तथा स्वास्थ्य निरीक्षको को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त सरिता यादव ने महापौर को स्मृति चिंह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुरेंद्र कुमार चौधरी, जोनल स्वच्छता अधिकारी रवि चंद्र निरंजन, गजेंद्र सिंह,पीआरओ संदीप श्रीवास्तव सहित कई वार्डो के पार्षद उपस्थित थे।

### वेतन बढ़ाने और होली के पूर्व भुगतान करने की सफाई कर्मियों ने उठाई मांग

कार्यक्रम का जैसे ही समापन होने वाला ही था वैसे ही दर्जनो सफाईकर्मियो के अचानक अपने जगह से उठने और मंच की ओर बढने से थोड़ी देर के लिए उहापोह की स्थिति हो गई। इस दौरान सफाई कर्मियो ने महापौर से अपने वेतन बढाने और होली के पूर्व भुगतान किए जाने की जोरदार मांग करने लगे। मंच पर बैठे महापौर अशोक कुमार तिवारी तेजी से जहां अपने कुर्सी से उठे,वही सफाई कर्मियो पर पुष्प वर्षा की और शांत रहने का निर्देश देते हुए उन्हे भोजन करने को कहा।


जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 4104085 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। पूजा सिंह पुत्री छेदी लाल, एन 2/186 सुन्दरपुर, वाराणसी।

मेरा आचार्य वर्ष 2022 अनुक्रमांक 22447970 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। दिलीप कुमार तिवारी पुत्र श्री मदन मोहन तिवारी ग्राम व पोस्ट-अर्जुन खिरिया, ललितपुर उत्तर प्रदेश।

मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम आयांश नारायण सिंह तथा जन्म तिथि 05.12.2019 अंकित है, उसका वास्तविक नाम नारायण सिंह (NARAYAN SINGH) तथा जन्म तिथि 30.04.2020 जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार है। दिनेश कुमार सिंह एस.एच. 17/262-5 परमहंस नगर कालोनी, शिवपुर, वाराणसी।

मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम A.K. RAI और पत्नी का नाम Bhanumati Devi हो गया है। जो गलत है। जबकि सही नाम Ashwini Kumar Rai और पत्नी का नाम Bhanumati Rai है। इसे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। अश्विनी कुमार राय पुत्र स्व कुबेर राय, ग्राम+पोस्ट-गौरा, थाना -सुहवल, जिला-गाजीपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** महिला महाविद्यालय हेतिमपुर, जमानियां गाजीपुर उ0प्र0 (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर बी.एस-सी. पाठ्यक्रम के पांचों विषयों में एवं बी.काम. पाठ्यक्रम एवं बी.ए. में शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं परास्नातक में समाज शास्त्र, गृहविज्ञान, हिन्दी, प्रा0 इतिहास, राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं के पद हेतु योग्यताएं- यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबंधक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक या दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबंधक, मो. 9935242487**

**आवश्यकता है-** अमरनाथ सोना देवी महाविद्यालय, भवनीपुर, तरांव, गाजीपुर (उ0 प्र0) सम्बद्ध (वी0बी0एस0पू0वि0वि0, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य व विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान-03, वनस्पति विज्ञान-02, भौतिक विज्ञान-02, जन्तु विज्ञान-02, गणित-02 एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी-01, संस्कृत-01, गृहविज्ञान-01, शिक्षाशास्त्र-01, समाजशास्त्र-01, अंग्रेजी-01, भूगोल-01 विषयों में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन UGC एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज का 04 फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष के द्वारा दी जायेगी।
**प्रबंधक**
**मो0-9415970752, 9415305404**

**आवश्यकता है**

सॉई दया लॉ कालेज, रसौरा, पहाड़ा, मीरजापुर सम्बद्ध माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत विधि संकाय में प्राचार्य एवं एल0 एल0 बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। योग्यता व वेतनमान बी0 सी0 आई0 / यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय, मीरजापुर परिनियमावली के अनुसार। नवीनतम फोटो, पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ प्रथम विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**
**मो0-9455397210, 7668838383**

**आवश्यकता है**

माँ शारदा देवी महिला महाविद्यालय, कैथौली, बाबतपुर, वाराणसी (संबद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) में स्नातक स्तर वाणिज्य संकाय में बी0 काम0 विषय प्रवक्ताओं की। अर्हता व वेतनमान यू0 जी0 सी0 उत्तर प्रदेश शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अंकपत्र, समस्त अभिलेख एवं 2 फोटो सहित 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**
**मो0-9415835585**


# संचारी रोगों के नियंत्रण को सफाईकर्मियों को दी टिप्स

**प्रशिक्षण**

### वेक्टरजनित रोगों की रोकथाम की खातिर सफाईकर्मियों का संवेदीकरण शुरू

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** आगामी एक अप्रैल से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग तैयारियों में जुट गये हैं। गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफाईकर्मियों को संचारी रोगों के नियंत्रण की खातिर कई टिप्स दिये गये।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि मच्छरों के संचरण काल के दृष्टिगत ग्राम स्तर पर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, फागिंग व साफ-सफाई के अतिरिक्त संचारी रोगों से बचाव व रोकथाम के लिए सफाई कर्मियों का संवेदीकरण माइक्रोप्लान के अनुसार किया जा रहा है, जिससे संचारी रोगों पर नियंत्रण व बचाव किया जा सकें। उन्होंने बताया कि गुरुवार को काशी विद्यापीठ, हरहुआ, चोलापुर और चिरईगांव ब्लॉक के 599 सफाईकर्मियों का संवेदीकरण किया गया। सफाईकर्मियों को संचारी रोगों से बचाव व रोकथाम के लिए रणनीति के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। जबकि शुक्रवार को पिंडरा, बडागांव, सेवापुरी और अराजीलाइन ब्लॉक के 648 सफाईकर्मियों का संवेदीकरण किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी शरत चंद पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सफाईकर्मियों को घरों का सर्वे कर डेंगू व अन्य वेक्टर जनित रोगों को लेकर क्षेत्र में कैसे निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी, इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अलावा प्रशिक्षण में उन्हें क्षेत्र में किए जाने वाले एंटीलार्वा छिड़काव, स्रोत विनष्टीकरण (जहां मच्छर पनपने की गुंजाईश हो, उन स्रोतों को समाप्त करना), फॉगिंग के साथ बुखार से ग्रसित लोगों को लक्षण, जांच, निदान, उपचार के साथ बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में गुरुवार को बीडीओ वीएन द्विवेदी ने सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में तेजी लाने निर्देश दिया। उन्होंने आवास सर्वे, जीरो पावर्टी, फैमिली आईडी, आवास पूर्णता, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, खाद्यान्न भवन निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा कर सचिवों से फीड बैक लिया। कार्यों की धीमी प्रगति पर सचिव आशुतोष, रमेश, रमाशंकर को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों का राशन कार्ड नहीं बना है।

उन परिवारों का फैमिली आईडी बनाया जाय। इसके रमगढ़वा, बीकापुर, सरसौल, उकथी, तरयां, अमौली ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण होना है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण पर आठ लाख रुपये मनरेगा योजना, दो लाख बाल विकास और दो लाख रुपये ग्राम पंचायत निधि से खर्च होने हैं। कुल 12 लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी। बैठक में शैलेन्द्र सोनकर, सुजीत यादव, चांदनी सिंह, बीना सोनकर, अविनाश सिंह, शिवम शरण सोनकर आदि सचिव उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय बालक एथलेटिक्स में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

## विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**वाराणसी।** राज्य स्तरीय बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दमखम दिखाए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एथलेटिक्स संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष यादव एवं विशिष्ट अतिथि एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश यादव उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान दौड़ स्पर्धा में 800 मीटर में चंदन कुमार यादव मिजार्पुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में शुभम अयोध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर में साहिल पटेल प्रयागराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में हनी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो में तुषार यादव वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जैबलिंग थ्रो में हिमांशु मौर्य प्रयागराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में गुलशन आगरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाटपूट में हिमांशु मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में साहिल पटेल प्रयागराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आए अतिथियों का स्वागत सम्मान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कन्हाई तालपात्र ने किया।

इस मौके पर दिनेश जायसवाल, राम अवध यादव, चंद्रभान यादव एवं खेल विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**न्यायालय सिविल जज (जू. डी.) गाजीपुर**
**मूलवाद संख्या-850 सन् 2023**
**चंद्रिका यादव**
**बनाम**
**सुरेंद्र यादव**

1-सुरेन्द्र यादव उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र स्व० रामसकल
2-राजमति उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी स्व० गजानन्द
3-सोनू यादव उम्र लगभग 22 वर्ष
4-संदीप उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्रगण स्व० गजानन्द
5-राधेश्याम यादव उम्र लगभग 58 वर्ष
6-अनिल यादव उम्र लगभग 56 वर्ष पुत्रगण स्व० रामजनम यादव

समस्त ग्राम-दरियापट्टी, पोस्ट-गोशन्देपुर, परगना-करण्डा, जनपद-गाजीपुर।
हरगाह.......ने दरख्वास्त गुजारी है कि आपको इत्तेला दी जाती है कि आप दिनांक 08 माह 05 सन् 2025 ई0 वक्त 10.00 बजे दिन खुद या वकील द्वारा दी गयी तारीख को हाजिर होकर वजह दिखाये यदि ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा समायत होगी। दिनांक 06 माह 03 सन् 2025
**मुंशरिम**


# इस साल भी गेहूं की कीमत में आ सकती है उछाल

**जनसंदेश न्यूज**

**अनुमान**

### सामान्य से ज्यादा तापमान और पछुआ हवाओं ने फसल पर डाल रही असर

**वाराणसी।** गेहूं की कीमत इस साल भी हाई बनी रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक मार्च से मई तक गर्मियों में सामान्य से ज्यादा तापमान रहने की आशंका है। जिसके चलते गेहूं की उपज कम हो सकती है। पिछले चार साल से गेहूं के दाम बढ़ते रहने का एक बड़ा कारण खराब मौसम भी है।

मौसम विभाग की माने तो इस साल का फरवरी माह 125 साल में सबसे गर्म रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि मार्च से अप्रैल तक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से ज्यादा गर्मी रहने वाली है। मार्च में गर्म हवाओं की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। ये हवाएं गेहूं के दाने बनने के प्रोसेस के लिए महत्वपूर्ण है। इसे गेहूं के दाने प्रभावित होंगे। क्योंकि गेहूं सर्दियों की फसल है, जिसे वर्ष में केवल एक बार उगाया जा सकता है और जो देश के लगभग आधे हिस्से के लिए भोजन का मुख्य स्रोत है।

इस तरह के उच्च तापमान को गेहूं की फसल सहन नहीं कर सकता है। उच्च तापमान के कारण अनाज सिकुड़ जाएगा, जिससे प्रत्येक दाने का वजन कम होगा। जिसके चलते गेहूं की फसल की कुल उपज कम हो जाएगी।' पिछले चार साल में गेहूं के प्रोडक्शन में लगातार गिरावट के कारण सरकार के पास गेहूं का स्टॉक कम हो गया है।


इसके बीच पिछले दो दिन से चल रही पछुआ हवाओं के चलते भी गेहूं की फसल पर असर पड़ा है। इस समय सरसों और गेहूं दोनों की फसल पकने की अवस्था में हैं। तापमान बढ़ने की वजह से खेत की नमी तेजी से सूख रही है। खेत की नमी गायब होने की वजह से गेहूं के दाने कमजोर ही रह जाएंगे और पैदावार 25 से 30 फीसदी कम रहने के आसार हैं। पछुआ हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पछुवा हवा से गेंहू समेत अन्य फसलों को नुकसान हो रहा है।

# कानपुर बैराज से विंध्याचल के बीच 718 गंगेय डॉल्फिन

**सर्वेक्षण**

### उत्तर भारत में कुल 6227 डॉल्फिन की संख्या, उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 2397

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** भारत सरकार ने उत्तर भारत के डॉल्फिन की जनसंख्या के सम्बन्ध में 2024 की वार्षिक गणना रिपोर्ट बीते दिनों जारी की। उत्तर भारत की 28 नदियों में 8507 किमी लम्बी दूरी के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य किया गया है, जिसमें वैज्ञानिकों व वन कर्मियों को 3150 दिन लग गए। दिलचस्प बात यह है कि कानपुर बैराज से विंध्याचल के बीच 718 गंगेय डॉल्फिन पायी गयी है।

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वाराणसी डॉ रवि कुमार सिंह ने बताया कि पीएम ने 15 अगस्त 2020 को जलीय क्षेत्रों में डॉल्फिन के संरक्षण की खातिर प्रोजेक्ट डॉल्फिन की शुरूआत की थी। इसके तहत कराए गए सर्वेक्षण के तहत उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 2397, बिहार में 2220, झारखंड में 162, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में 95-95, पश्चिम बंगाल में 815, असम में 535 तथा पंजाब में तीन डॉल्फिन पायी गयी। उन्होंने बताया कि वन विभाग, मत्स्य विभाग व मछुआरों के समूहों से सामंजस्य बनाते हुए गंगा व ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों में 2021 से 2023 तक 8507 किमी लम्बे नदी क्षेत्रों में डॉल्फिन की गणना की गयी, जिसमें उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक डॉल्फिन की संख्या पायी गयी। प्रदेश के अंदर कानपुर बैराज से विन्ध्याचल के बीच 380 किमी लम्बे नदी क्षेत्र में सर्वाधिक 718 गंगेय डॉल्फिन की उपस्थिति पायी गयी। गंगा के अतिरिक्त ब्रह्मपुत्र नदी में 584, चम्बल में 298, घाघरा में 557 डॉल्फिन पायी गयी।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की तरफ से भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के वैज्ञानिकों व वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने विशेष उपकरणों से लैस नावों के जरिए डॉल्फिन गणना कार्य हुआ। इस दौरान लाइन ट्रांजेक्ट मेथड से पानी की सतह से ऊपर आई हुई डॉल्फिन की प्रत्यक्ष गणना और ड्रैग हाइड्रोफोन नाव के नीचे स्थित सेन्सर के जरिए पानी में मौजूद डॉल्फिन की गणना की गयी। उन्होंने बताया कि पीएम ने बीते तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस पर गुजराज स्थित राष्ट्रीय उद्यान में किया।


**शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय**
**यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

पत्रांक: 482/स्मार्ट क्लास निविदा विज्ञापन/2024-25 दिनांक: 05.03.2025

**अल्पकालीन निविदा-सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0 प्र0 शासन एवं उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में दो स्मार्ट क्लास बनाने सम्बन्धी कार्य को जेम पोर्टल पर आनलाइन बिड नं0-GEM/2025/B/6017791 दिनांक 03.03.2025 के द्वारा जेम पोर्टल पर कार्य करने हेतु जारी किया गया है। अतः उक्त बिड में कृपया सभी फर्मों को बिड डालने के क्रम में निविदा पंजीकृत, प्रतिष्ठित फर्मों/निर्माताओं से दिनांक 14.03.2025 समय 09.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

**(अरूण कुमार)**
**प्राचार्य**
**शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय**
**यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर।**

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
89100/inc.GST


चांदी (99.50)
98300/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# अवैध री-फिलिंग कारोबार का खुलासा

## कई साल से चल रहा था यह खेल, दर्जनों सिलिंडर बरामद

**छापेमारी**

### चार तौल यंत्र, तीन बांसुरी और अन्य उपकरण किये गये जब्त

**वाराणसी।** आपूर्ति विभाग की टीम ने शिवपुर क्षेत्र में गुरुवार को छापेमारी कर घरेलू सिलिंडरों से अवैध री-फिलिंग कारोबार का खुलासा किया। जहां पर छापेमारी हुई, वहां पर कई साल से यह खेल चल रहा था। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, वहां अफरा-तफरी मच गई। कई लोग भाग निकले। टीम ने कार्रवाई करते हुए दर्जनों सिलिंडर समेत कई उपकरण सीज किये हैं। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, शिवपुर थाना क्षेत्र के क्षेत्र स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के दो मकान में कई वर्षों से अवैध रिफिलिंग का काम चल रहा था। मुखबिर से मिली सटीक जानकारी पर क्षेत्रीय खाद्य



आपूर्ति अधिकारी भानु प्रताप सिंह व सुषमा पांडेय के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक राघवन त्रिपाठी व मिथिलेश कुमार सिंह ने फोर्स के साथ मौके पर छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और री-फिलिंग करने वाले सभी लोग कमरे का ताला बंद कर फरार हो गए। टीम ने बंद कमरों के ताला को तुड़वाते हुए उसमें से दर्जनों घरेलू सिलिंडर के साथ सात छोटू सिलिंडर, चार तौल मशीन, तीन बांसुरी आदि उपकरण को बरामद कर सीज किया। टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि मकान मालिक ने बताया कि हमारे यहां चार हाकर रहते हैं, जो ताला बंद कर फरार थे। पुलिस बल को बुलाकर ताला को तोड़कर काफी संख्या में भरे और खाली सिलिंडर बरामद किया गया। अवैध री-फिलिंग के मामले में सभी के खिलाफ जिलाधिकारी से अनुमति लेकर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बतायाा क कमरे से तीन का आईडी बरामद हुआ, जिस पर पोषण पासवान, लक्ष्मण कुमार, रामकुमार नाम अंकित है। इस बाबत जिला पूर्ति अधिकारी केबी सिंह ने बताया कि छापेमारी में घरेलू सिलिंडर समेत तमाम उपकरण मिले हैं। अभी तक पूरी सूची उनको नहीं मिल पायी है। सूची आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने नागरिकों का पक्ष जाना

**किया निरीक्षण**

### रास्ते के विवाद का हल करने को किया संवाद

### बरेका से उत्तरी ककरमत्ता मार्ग बंद करने का मामला

**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के बरेका से उत्तरी ककरमत्ता जाने वाले मार्ग को विगत दिनों बरेका प्रशासन ने बंद कर दिया। जिसके विरोध में उत्तरी ककरमत्ता व कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बीते बुधवार को उच्चाधिकारियों से मिला था। गुरुवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा रास्ते के विवाद का हल करने मौके पर पहुंचे और बरेका के प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर मामले की जानकारी ली। अपर नगर मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने बरेका के जनसम्पर्क अधिकारी राजेश यादव तथा अन्य अधिकारियों के साथ संबंधित चहरादीवारी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वहां मौजूद रहने



वालों से बातचीत भी किया। स्थानीय निवासी संजय मौर्या का आरोप था कि पहले वहां पर बरेका प्रशासन ने रास्ता दिया था और बरेका ने अपना गेट भी लगाया था, लेकिन बाद में उसको भी बन्द कर दिया गया और पूरब के तरफ रेलवे ट्रैक है। जिसके बगल के रास्ते से हम लोग आते-जाते हैं। लेकिन भविष्य में कभी रेलवे अगर कोई रेलवे ट्रैक और बिछाता है तो रेलवे द्वारा उस रास्ते को भी बंद कर दिया जायेगा। यह सुनकर अपर नगर मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने पीआरओ राजेश यादव से इस बारे में एनईआर के मुख्यालय से बात कर रिपोर्ट मंगाने को कहा। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि उचित कार्यवाही होगी। इस दौरान आरपीएफ, बरेका के अधिकारियों सहित दर्जनों नागरिक उपस्थित रहे।

# बह रही फगुनहटी वाली हवा, आई तरी

जनसंदेश न्यूज

**मौसम में फिर बदलाव**

### पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम ने करवट बदली

**वाराणसी।** मौसम एक बार फिर बदला है। मौसम में ठंडी हवा चल रही है। बनारसी भाषा में इसे फगुनहट वाली हवा कहते हैं। गुरुवार को सुबह से ही ठंडी हवाएं चलती रही। इसके चलते लोगों को काफी दिक्कतें हुई। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम फिर करवट बदल सकता है। राज्य के कई भागों में तीन दिन बारिश-बर्फबारी का पूवार्नुमान है।

अगले 3-4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। 9 मार्च तक अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार हैं और उसके बाद अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 8 मार्च तक राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। गुरुवार को कई भागों में धूप खिली हुई है। इससे मौसम और भी खुशनुमा हो गया है।अगले 3-4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। 9 मार्च तक अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार हैं और उसके बाद अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

# तीसरे पड़ाव पर भीमचंडी पहुंचे नागासाधु



पंचकोसी यात्रा में महिला अष्टभुजा मंदिर पर फूलों की वर्षा करते नागरिक



पंचक्रोशी यात्रा में जाते हुए नागा साधु

जनसंदेश न्यूज

**राजातालाब।** पंचकोशी यात्रा के दौरान श्री पंचायती महानिवार्णी श्री अस्थानेश्वर महादेव मंदिर कुरूक्षेत्र हरियाणा अखाड़ा के नागा साधुओं द्वारा कर रहे पंचकोश यात्रा के दौरान गुरुवार को पंचकोशी के दूसरे पड़ाव कंदवा से तीसरे पड़ाव भीमचण्डी लिए जाते समय देल्हना स्थित पंचकोशी मार्ग पर अष्टभुजा मंदिर पर पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयभान ने उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों के साथ काफिला के साथ पैदल पंचकोश यात्रा कर रहे लगभग दो सौ नागा साधुओं को हर हर महादेव का नारा लगाते हुए फूलों की पंखुड़ियो की वर्षा करते हुए माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सभी नागा साधुओं को जलपान कराया तथा नागा साधु के चरणों का धूल मस्तक पर लगाकर आशीर्वाद लिया। नागा साधु ने अष्टभुजा मंदिर पर दर्शन पूजन करने के उपरांत पुनः काशीपुर, मातलदेई , पयागपुर, असवारी होते हुए तीसरे पड़ाव भीमचंडी पहुंचकर मां भीमचंडी देवी तथा बाबा भोलेनाथ के मंदिर में दर्शन पूजन कर धर्मशाला में विश्राम किया। नागा साधुओं के पंचकोशी यात्रा के दौरान रोहनिया तथा राजातालाब पुलिस के साथ एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे। स्वागत के दौरान उदयभान सिंह उदल, राज बिहारी पटेल, प्रदीप प्रजापति , राजबहादुर राजभर , विजय शंकर सिंह, अवधेश चौहान ओम प्रकाश पटेल ,राम जी चौहान, रामाश्रय चौहान ,चंद्रभान सिंह, अंकुर सिंह ,विजय बहादुर इत्यादि लोग शामिल रहे।

# आसमान छू रहे सेब-केले के दाम

जनसंदेश न्यूज

**महंगाई की मार**

### फलों की कीमतें 50% तक बढ़ीं

**वाराणसी।** रमजान में रोजेदारों पर महंगाई की मार हो गई है। आसमान छू रहे सेब-केले के दाम, फलों की कीमतें 50% तक वृद्धि हुई है। मार्केट में सेब 200 रुपए किलो, केले 100 रुपये दर्जन, अमरूद 150 रुपये किलो, अंगूर 150 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। राजधानी में रमजान के पाक महीने में फल और सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इफ्तार और सहरी के लिए जरूरी फल-सब्जियां अब लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। बाजारों में सेब, केले, खजूर, तरबूज से लेकर अंगूर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हर साल रमजान में फलों और सब्जियों की मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार महंगाई ने आम जनता की जेब पर भारी असर



डाला है। बनारस की मंडी में तीन दिन पहले सेब 160 से 180 रुपए तक बिक रहा था, लेकिन गुरुवार को दो सौ की बोली लगाई जाने लगी। इतना ही नहीं, बड़ा केला 70 रुपए दर्जन पर जा पहुंचा। संतरे की बात करें तो वह सौ से 120 रुपए प्रति किलो मे बिक रहा है जबकि आनार दो सौ रुपए प्रति किलो के भाव लोग लेने पर विवश हैं।

# पंडित दीनदयाल पार्क में जल्द खुलेगी नर्सरी



जनसंदेश न्यूज

**तैयारी**

### सरकारी दर पर खरीदें पौधे, नही भटकना होगा यहां-वहां

### वीसी ने की समीक्षा ,नर्सरी विकसित किए जाने का दिया निर्देश

**वाराणसी।** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति पार्क में जल्द नर्सरी खोली जाएगी। अब नर्सरी से जहां सरकारी दर पर पौधा खरीदा जा सकता है,वही अपने घरो में मनपंसद पौधा लगाने के लिए यहां -वहां भटकना नही पडेंगा। इसको लेकर वीडीए की बुधवार को बैठक हुई। जिसमें उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल में नर्सरी के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और नर्सरी को विकसित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छ जीवन की सुरक्षा के लिए लोगों को आगे आने का आवाह्वन किया। बैठक में उद्यान विशेषज्ञ गौरव कुमार ने नर्सरी की वर्तमान प्रगति और व्यवस्था की स्थिति के बारें में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नर्सरी के लिए उक्त जगह पर लगभग 25 बेड तैयार किए गया है। जिनमें पालिथिन बैग भरकर पौधों की कटिंग लगा दी गई है। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि रविदास पार्क और दीन दयाल पार्क में नर्सरी स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पार्क में आने और भ्रमण करने वाले लोगो को यदि कोई पौधा पसंद हो, तो वे उसे सरकारी दर पर खरीद सकें। इसके लिए रेट बोर्ड भी लगाए जाने को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा है कि यदि किसी को इवेंट, रील शूट या प्री-वेडिंग शूट की आवश्यकता हो, तो वे उद्यान विशेषज्ञ रामधनी प्रसाद से मो. 07985301129 पर संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, उद्यान विशेषज्ञ आदि लोग उपस्थित रहे।

# लाइन लॉस कम करने का हुआ अनुबंध



**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) के भिखारीपुर स्थित विद्युत भवन में गुरुवार को आरईसी, डिस्कॉम और एसजे टेक सॉल्युशंस प्रा. लि. के बीच एक त्रिपक्षीय अनुबंध किया गया। अनुबंध के तहत डिस्कॉम के एटी एंड सी लॉस को घटाने के लिए एसजे टेक सॉल्युशंस प्रा. लि. के माध्यम से आर्टिफिशल इंटेलीजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग के इस्तेमाल से विभिन्न प्रकार के डाटा एनालिसिस करके डिस्कॉम को दिए जाएंगे। सहायक अभियंता वाणिज्य सतीश कुमार जायसवाल ने बताया कि इस डाटा का इस्तेमाल करके डिस्कॉम प्रबंधन बेहतर राजस्व वसूली की कार्यवाही करेगा और लाइन हानियां भी कम की जाएगी।

# मंडलीय ऑफिस में ट्रांसफर होंगे 13 विभाग

**बदलाव**

### अधिग्रहित होने वाले जमीन का क्षेत्रफल,आराजी नंबर,नजरी नक्शे की दी जानकारी

### पीपीटी के माध्यम से नए एकीकृत मंडलीय कार्यालय के बारे में कराया गया अवगत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वीडीए एकीकृत मंडलीय कार्यालय निर्माण के लिए13 विभागों के अधिकारियों संग जहां महत्वपूर्ण बैठक की,वही अधिग्रहित होने वाले जमीन का क्षेत्रफल,आराजी नंबर,नजरी नक्शा की जानकारी दी गई। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधिकरण सभागार में हुई महत्वपूर्ण बैठक में जमीन स्थानांतरण पश्चचात शासन द्वारा अधिग्रहित कर लिए जाने की जहां अधिकारियो को



अवगत कराया गया,अधिग्रहित की जाने वाली जमीनो का क्षेत्रफल, उसका आराजी नंबर, नजरी नक्शा के विवरण की जानकारी दी गई। इस दौरान पीपीटी के माध्यम से नए एकीकृत मंडलीय कार्यालय के बारे में सभी को अवगत कराया गया और 59 कार्यालयो को एक ही बिल्डिंग में स्थानांतरित करने और जिन विभागो का जमीन पर कार्यालय अव्यस्थित है उन जमीनो का मौद्रिकरण करके उसकी धनराशि शयसन में निहित करने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अवप्ति अनुभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और 13 विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आबकारी दुकानों का हुआ आवंटन

**ई लॉटरी सिस्टम**

### 12308 आवेदन आये, 696 दुकाने आवंटित

**वाराणसी।** पुलिस लाइन में गुरुवार को आबकारी विभाग ने शराब दुकानों का ई लॉटरी सिस्टम से आवंटन की प्रकिया पूरी की। शराब व भाग दुकानों के लिए कुल 12308 दावेदारों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 696 दुकानों का आवंटन पूरा कर लिया जबकि एक दुकान का रह गया जिसकी प्रकिया कानूनी रूप के साथ बाद में पूरी की जायेगी।

वहीं दूसरी तरफ आवेदकों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाया। उनका आरोप था कि 12308 आवेदन को महज चंद समय में संपन्न करा दिया गया। जबकि अलग-अलग दूकानों की लिस्ट के अनुसार ई लॉटरी खोली जानी चाहिए थी। आबकारी नीति 2025-26 के अन्तर्गत जनपद वाराणसी की समस्त 697 देशी मंदिरा,




कम्पोजिट, मॉडल शॉप व भांग की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी के माध्यम से हुआ। इसकेलिए आबकारी विभाग ने 17 फरवरी से 28 फरवरी तक आवेदन का समय दिया था। इस बीच विभाग के पास कुल 12308 आवेदन आये। गुरुवार यानी पांच मार्च को ई लॉटरी सिस्टम से दुकानों का आवंटन पुलिस लाइन में सुबह 10:00 बजे सम्पन्न हुआ। जिला आबकारी अधिकारी कमल कुमार शुक्ल ने बताया कि एक दुकान पर चयनि 'आवेदक को पूर्व में ही 02 दुकान आवंटित होने के कारण चयन रद्द किया गया। उक्त चयनित सभी आवेदकों को आवंटन पत्र मा० उच्च न्यायालय योजित रिट याचिका के निर्णय के पश्चात निर्गत किया जायेगा ।

## ईंट निर्माण में जिगजैग तकनीक अपनाने पर जोर

**वाराणसी।** ईंट निर्माता परिषद वाराणसी के अध्यक्ष कमलाकांत पांडेय ने बताया कि सम्पन्न तीन दिवसीय सर्वेक्षण और प्रशिक्षण शिविर के दौरान ईंट निर्माण में जिगजैग तकनीक अपनाने पर जोर दिया गया। अलायंस फॉर एन एनर्जी इंफिशियंट इकॉनामी और निर्माता परिषद के संयुक्त बैनर तले आयोजित शिविर में विशेषज्ञों ने ईंट निर्माताओं को पर्यावरण संरक्षण व उद्योग हित में कई गुर बताए। विशेषज्ञों ने जिगजैग तकनीक को अपनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया और कहा कि इसके लाभ के बारे में ईंट निर्माताओं को जानकारी दी जाए। वक्ताओं ने ईंट-भट्ठा उद्योग के तकनीकी उन्नयन और पर्यावरणीय लाभों पर जोर दिया। शिविर को डॉ. बीडी त्रिपाठी, डॉ. समीर मैथल, संदीप आहूजा, शशि बिंदकर, राजेश चौधरी, मोहन शर्मा, बालेंदु भूषण पांडेय आदि

# जनता की सुविधा की खातिर एक घंटे बढ़ाया गया निबंधन दफ्तरों का समय

## चालू माह में सायं पांच बजे तक उपलब्ध होंगे रजिस्ट्री स्लॉट

**गुड न्यूज**

### कार्यालयों में शाम छह बजे तक होगा रजिस्ट्री का कार्य

### एक मुश्त समाधान योजना की अंतिम तारीख 31 मार्च

### सीएम योगी सरकार के संकल्प को स्टांप विभाग कर रहा साकार

**वाराणसी।** आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए यह निर्देश दिया गया है कि प्रदेश के समस्त उप-निबन्धक कार्यालय चालू माह में शाम छह बजे तक रजिस्ट्री का कार्य करेंगे। इसके साथ ही स्लॉट बुक करने का जो समय अपराह्न चार बजे तक था, उसे भी एक घंटा बढ़कर शाम पांच बजे कर दिया गया है।

इसके साथ ही मार्च माह के अंतिम रविवार को भी विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारु रूप से सम्पादित किया जायेगा, ताकि उक्त अवकाश के दिन भी आम जनमानस के द्वारा विलेखों का अधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सके और विभाग को निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय समापन एवं माह मार्च में होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण इस माह में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। माह मार्च में होली आदि त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही माह मार्च 2025 के अन्य अवकाश दिवस अथवा रविवार को उप निबन्धक कार्यालयों को निबन्धन कार्य हेतु खोले जाने के सम्बन्ध में स्थानीय स्तर पर निर्णय लिये जाने को निर्देशित किया गया है। एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत स्टाम्प कमी के मुकदमों को 31 मार्च 2025 तक मात्र 100 रुपये के अर्थदंड पर समाप्त किए जाने का निर्णय भी पूर्व मे लिया गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की जनसेवा के संकल्प को सिद्ध करने के लिए यह निर्णय लिए गए है।

St. John's School
Marhauli, Varanasi
REQUIRED
QUALIFIED AND EXPERIENCED TEACHERS FOR PRT ENGLISH, TGT ENGLISH, SCIENCE, HISTORY & GEOGRAPHY
Interested candidates are required to apply in person within 3 days during school working hours. Please bring a passport size Photo, complete Bio-Data and a set of Photocopies of academic performance certificates.
The Manager,
St. John's School, Marhauli,
Bhoolanpur Post, Varanasi-221108

# खाद्य विभाग की टीम ने संग्रहित किये 10 नमूने



किराना दुकान से नमूना संग्रह करती खाद्य विभाग की टीम

**बलिया।** होली पर्व पर खाद्य पदार्थों में मिश्रित सामानों की बिक्री को रोकने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को जिले के विभिन्न बाजारों में अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य सामग्रियों के दस नमूने संग्रहित किये। टीम ने सभी नमूनों को दुकानदारों के सामने सील बंद किया। सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके राय के निर्देश पर टीम ने वन्दना जनरल स्टोर विशुनपुरा, गोपाल प्रसाद, ऐनुद्दीन अंसारी चांदुपाकड़, सिद्धार्थ ट्रेडर्स सिकन्दरपुर, दिनेश किराना स्टोर खेजुरी के खाद्य प्रतिष्ठानों से सोन पापड़ी, पापड़, सरसो तेल, बेसन, बनस्पति घी के कुल दस नमूने लिये। टीम में खाद्य निरीक्षक धर्मराज शुक्ल, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार शामिल रहे।

## मिठाई के नाम पर बेचा जा रहा 'जहर'

**गोरख धंधा**

### 100 से 120 रुपये किग्रा के हिसाब से बिक रहीं केमिकल मिश्रित मिठाइयां

**बैरिया।** अपने-अपने स्वास्थ्य को लेकर हर व्यक्ति जागरूक रहता है, परन्तु यहां तो जान-बूझकर ठेले पर सजा कर जहर के रुप में खोआ एवं छेना की मिठाइयां बेची जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे बैरिया में ठेलों पर 100 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिकने वाली छेने की गुलाब जामुन एवं खोआ की मिठाइयों में खतरनाक केमिकल मिश्रित किया जाता है। इसके सेवन से कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियां होती है। बावजूद इसके वर्षों से खाद्य विभाग की मिलीभगत से खुलेआम सड़क की पटरियों पर ठेला लगाकर यह मिठाइयां बेची जा रही है।

बता दे कि बिहार से पाउडर एवं लिक्विड के शक्ल में यह केमिकल मिठाई बनाने वाले मंगाते हैं। चूल्हे पर गर्म पानी करके उसमें पहले केमिकल डालते हैं। फिर अन्य पाउडर मिलाते हैं और उससे छेना जैसी मिठाई तैयार हो जाती है। आम आदमी यह अंतर नहीं कर पाता है कि यह मिठाई छेना की है या केमिकल की है।

जहां मिठाई की दुकानों पर छेना एवं खोवा की मिठाइयां प्रति किलो 250 से 400 रुपए तक बिकती है, वही यह केमिकल की मिठाइयां 100 से 120 रुपए प्रति किलो के हिसाब से जितना चाहे मिल जाएगी। खाने में भी उसका स्वाद आपको लुभाएगा, किंतु उसका सेवन आपको भयंकर बीमारियों का वाहक बना देगी। बैरिया, रानीगंज बाजार में कम से कम 50 से 60 ठेलों पर यह मिठाइयां बिकती है। जब भी खाद्य विभाग के अधिकारी जांच के लिए आते है, उसके पहले यह ठेले ऐसे गायब हो जाते हैं, जैसे गधे के सिर से सिंग। जानकार लोगों का कहना है कि खाद्य विभाग के अधिकारियों को प्रति ठेला के हिसाब से सुविधा शुल्क बलिया पहुंच जाता है। जब वह जांच के लिए चलते हैं तो बता देते हैं कि हम लोग जांच के लिए आ रहे हैं। उसके पहले ही सभी ठेले वाले अपनी दुकान सड़क की पटरियों से हटा लेते हैं।

कई बार लोगों ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की, किंतु वह जांच करने की बात कहकर मामले को टाल जाते हैं। फलस्वरुप अब शिकायतकर्ता भी यह जानकर चुप हो गए हैं कि शिकायत करने से भी कोई कार्रवाई नहीं होगी। क्योंकि जांच करने वाले लोग मिले हुए हैं। बैरिया निवासी अजय सिंह, धतुरी टोला निवासी शत्रुघ्न सिंह, करण छपरा निवासी संजय सिंह, सुकरौली निवासी श्याम सुंदर यादव, टोला सिवनराय निवासी राघवेंद्र सिंह आदि ने इस संदर्भ में जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जांच दूसरे विभाग से कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में सोनबरसा अस्पताल के चिकित्साधिकारियों से शिकायत की गई तो उनका कहना था कि जांच करना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। यह जांच खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर या उसके ऊपर के अधिकारी करेंगे। आप लोग वही शिकायत करें।

> बैरिया में नकली खोवा एवं छेना की मिठाई बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई है। जानलेवा केमिकल मिलाकर यह मिठाई बनाई जाती है। इसकी उच्चस्तरीय जांच करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। इस संदर्भ में जल्द ही उचित कार्रवाई होगी।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

# आपसी सौहार्द्र के साथ मनायें त्योहार

**बैठक**

### डीएम-एसपी ने अधिकारियों व प्रबुद्ध जनों के साथ की बैठक



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं अन्य के साथ बैठक करते डीएम-एसपी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहार होली एवं ईद पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों, आयोजकों व प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजकों व प्रबुद्धजनों से उनकी समस्याओं, सुझाव प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों व प्रबुद्धजनों से त्यौहार आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। सभी को होली एवं ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी। आयोजकों व प्रबुद्धजनों ने कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही की जाय। होलिका दहन एवं होली दिवस पर विशेष सतर्कता बरतते हुए त्यौहार सकुशल संपन्न कराई जाय। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जिस स्थान पर होलिका रखी जाय, उस स्थान पर विद्युत तार एवं ट्रांसफार्मर आदि न हो, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। होलिका दहन स्थल का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट पर रहे। उन्होंने कहा कि हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। अगर कोई व्यक्ति महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं अश्लील टिप्पणी करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त जल आपूर्ति एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाय। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि अगर कोई व्यक्ति नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने आयोजकों-प्रबुद्धजनों से कहा कि किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराएं, उसका समाधान किया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाय। उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर, अनिल कुमार झा आदि मौजूद रहे।

# तेल व प्राकृतिक गैस का भंडार होने की संभावना

**टीम उत्साहित**

### रोहतास से मोतिहारी तक 200 किमी में हो रही तेल व प्राकृतिक गैस की खोज

**बैरिया।** गंगा एवं सरयू नदी के तटवर्ती इलाकों में खनिज तेल मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। तेल व प्राकृतिक गैस की खोज करने वाली टीम उत्साहित है। उनका कहना है कि 70 प्रतिशत से अधिक उम्मीद है कि बलिया जनपद के गंगा एवं सरयू नदी के तटवर्ती इलाकों में खनिज तेल व प्राकृतिक गैस का भंडार जमीन के नीचे छिपा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर अल्फा जिओ कंपनी द्वारा रोहतास से लेकर मोतिहारी तक 200 किलोमीटर लंबाई में तेल एवं प्राकृतिक गैस की खोज किया जा रहा है। इसमें मोतिहारी में जमीन के नीचे तेल एवं प्राकृतिक गैस होने की पुष्टि हो चुकी है। वहां किसानों से जमीन को लेकर एग्रीमेंट हो रहा है। बलिया के द्वाबा में गंगा एवं सरयू नदी के किनारे धरती के नीचे प्राकृतिक गैस व तेल के भंडार होने की 70 प्रतिशत के आस-पास उम्मीद है। इसको लेकर खोजी टीम काफी उत्साहित है और जमीन में काफी गहराई तक खुदाई की जा रही है। खुदाई टीम का नेतृत्व कर रहे अल्फा जिओ कंपनी के क्राफ्ट इंचार्ज कमल पाराशर का कहना है कि रोहतास से लेकर मोतिहारी तक दो हजार गड्ढे खोदकर नीचे तेल और प्राकृतिक गैस ढूंढने का कार्य जारी है। मोतिहारी का काम संपन्न हो गया है। दूसरे चरण में बलिया में तेल एवं प्राकृतिक गैस ढूंढने के लिए खुदाई जारी है। यहां 70 प्रतिशत से अधिक सकारात्मक उम्मीद है, जिसको लेकर हमारी टीम काफी उत्साहित है। श्री पराशर ने बताया कि जहां-जहां तेल खोजने के लिए बोरिंग की जा रही है, वहां किसानों का फसल नुकसान हो रहा है। वहां प्रति कट्ठा आठ सौ से एक हजार का मुआवजा हम किसानों को दे रहे हैं। कहीं कोई इस अंदेशा में ना रहे कि कंपनी पैसा नहीं देगी। हम तत्काल मौके पर ही भुगतान कर दे रहे हैं। इसी क्रम में तेल एवं प्राकृतिक गैस का भंडार नदी किनारे जमीन में छुपे होने की बात सुनकर बलिया के लोग काफी खुश है। उनका कहना है कि अगर इस क्षेत्र में खनिज तेल मिल जाता है तो निश्चित रूप से इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

# बांसडीह रोड रेलवे क्रासिंग पर होगा ओवरब्रिज का निर्माण

### सेतु निगम के अधिकारियों ने स्थलीय सर्वे कर भेजी रिपोर्ट

**बलिया।** बांसडीह रोड रेलवे क्रासिंग पर अब वाहनों को ट्रेन के आवागमन पर रुकना नहीं पड़ेगा। क्रासिंग पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण होगा। सेतु निगम के अधिकारियों ने स्थलीय सर्वे कर इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। इस पर 100 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है।

जनपद में सुगम यातायात को लेकर बलिया-छपरा रेल खंड के बांसडीह रोड रेल क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण होगा। शासन के निर्देश पर सेतु निगम के इंजीनियरों ने मौके पर पहुंच कर स्थलीय सर्वे किया। टीम के सदस्यों ने बांसडीह तिराहे से क्रासिंग तक और क्रासिंग से बाजार तिराहा, सोनवानी व सहतवार मार्ग की नापी कर लिखा-पढ़ी की। इस रूट पर 24 घंटे में करीब 20 से अधिक ट्रेनों का संचालन होने से क्रासिंग बंद होने से आने-जाने वाले वाहनों को विलंब होता है। पूर्व में विभाग ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था, लेकिन ओवरब्रिज सिर्फ सोनवानी मार्ग पर उतर रहा था। इसे शासन ने कैंसिल कर फिर से प्रस्ताव तैयार कर भेजा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार 900 मीटर लंबा एवं 7. 50 मीटर चौड़ा ओवरब्रिज का निर्माण होगा। शासन से प्रस्ताव पर मुहर एवं धन स्वीकृत होने से लोगों को काफी सुविधाएं मिलेगी। फेफना रेल क्रासिंग पर भी ओवरब्रिज का निर्माण के लिए प्रस्ताव गया है। इस संबंध में सेतु निगम बलिया के अधिशासी अभियंता आरएस राय ने बताया कि रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। आगे शासन से स्वीकृति होने के बाद कुछ कहा जाएगा।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को धर दबोचा

**बलिया।** फेफना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जो रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर एवं क्षेत्राधिकारी सदर मो. उस्मान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने धारा 3(5), 115(2), 352, 351(3), 324(4), 333, 110 बीएनएस के वांछित अभियुक्त नसीम पुत्र महमूद आलम उर्फ खलीफा निवासी पक्काकोट, थाना फेफना को न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर उमरगंज क्रासिंग से पहले गुमटी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उनि गुरू प्रसाद सिंह, हेकां. समरजीत यादव, कां. नंदू पाल शामिल रहे।

# पीस कमेटी की बैठक के नाम पर पूरा किया गया कोरम

**बैठक**

### सूचना के अभाव में नहीं पहुंचा कोई भी जिम्मेदार

**चितबड़ागांव।** बात प्रदेश चलाने की हो या जिला चलाने की। थाना चलाने की हो या घर चलाने की। सबके लिए सिस्टम बना हुआ है। कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए शासन का सिस्टम है। चितबड़ागांव के लोगों के लिए यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि चितबड़ागांव थाना शासन के सिस्टम से चलता है कि चितबड़ागांव थाने के सिस्टम से शासन चलता है।

थाने में आयोजित होने वाली पीस कमेटी की बैठक ही यहां औपचारिकता बनकर रह गई है। थाना परिसर में आगामी त्यौहारों होली और रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। लेकिन सूचना के अभाव में कोई भी जिम्मेदार बैठक में नहीं पहुंचा। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र में लगभग 25 ग्राम पंचायत और एक नगर पंचायत है। पीस कमेटी की बैठक कौमी एकता को कायम रखने के लिए की जाती है। थाने की पीस कमेटी की बैठक में ज्यादातर ग्राम प्रधान सहित नगर पंचायत के अध्यक्ष पहुंच नहीं पाए। कारण कि उनको इसकी जानकारी ही नहीं थी। टाउन एरिया में मुस्लिम आबादी भी ठीक ठाक है। ऐसे में चेयरमैन को बुलाना थाना प्रशासन की जिम्मेदारी थी।

### शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस सतर्क



**चितबड़ागांव।** थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह, उप निरीक्षक रामसकल यादव, उप निरीक्षक मंयक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एक गांव से एक व्यक्ति को भी जिम्मेदार बुला नहीं पाएं। या यूं कहें कि जानकारी के अभाव में लोग बैठक में नहीं पहुंच पाएं। चितबड़ागांव थाना परिसर में आगामी त्यौहार होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सूचना और प्रचार-प्रसार के अभाव में संभ्रांत लोग ही मीटिंग में नहीं पहुंच सके। इस को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। अधिकारियों ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस सतर्क है। पुलिस सभी पर नजर रखेगी। अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। चितबड़ागांव थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी रोहन राकेश सिंह ने कहा कि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

# बलिया में 15 मार्च को होली मनाने का निर्णय

**निर्णय**

### विद्वत जनों व धर्माचार्यों ने विचार-विमर्श के बाद दूर किया संशय

**बलिया।** होली पर्व को लेकर समाज में भ्रांतियां फैली हुई है कि होली किस दिन मनाई जाय? इसके दृष्टिगत जनपद के सभी विद्वत जनों एवं धर्माचार्यो से विचार विमर्श करने के पश्चात् निर्णय लिया गया कि बिना किसी संशय के होली 15 मार्च को मनाई जाय। आचार्यों ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन होगा। होलिका रात्रि में मनायी जाती है, जिस तिथि में रात्रि में पूर्णिमा होती है और भद्रा बीत चुका हो।

14 मार्च को प्रदोष काल में काशी में बाबा विश्वनाथ के यहां होली मनेगा और 15 मार्च को अन्यत्र यानी बलिया क्षेत्र में होली मनायी जायेगी। विद्वानों के अनुसार बताया जा रहा है कि 14 मार्च को दिन में 11 बजे तक पूर्णिमा है। इसलिए बलिया में होली 14 मार्च को नहीं मनेगा। एक दिन पूर्व काशी में होली मनाई जाती हैं। ये परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। जनपद के सभी विद्वत जनों ने अपना-अपना मत बताया। आचार्य ओमनारायण तिवारी, ज्योतिषाचार्य सागर पंडित, आचार्य मोहित पाठक एवं जनपद के विद्वत जनों के मतानुसार 15 मार्च को ही होली मनाने का निर्णय लिया गया। इसका कारण है कि होली चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को मनाया जाता है, जो 15 मार्च को है। संत बालक बाबा भी 15 मार्च को होली मनाने का सुझाव दिए। कहा कि होली सनातनी हिन्दुओं का पर्व है। आपस में मिलकर खुशीपूर्वक 15 मार्च को होली मनाये। इस अवसर पर पंडित राहुल उपाध्याय, आनंद पांडे, पंडित विजय नारायण, पंडित शशिभूषण पांडे, मिथिलेश तिवारी, आदित्य चौबे, पंडित मयंक शुक्ला, पंडित राजीव रंजन, पंडित अश्विनी तिवारी आदि ने सहमति जताई।

### सात से 13 मार्च तक रहेगा होलाष्टकःडॉ. अखिलेश उपाध्याय

**बलिया।** होलाष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है। होली व अष्टक, जिसका अर्थ है आठ दिनों की अवधि। यह फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक रहता है। होलाष्टक सात मार्च से शुरू होकर 13 मार्च तक रहेगा। इस संबंध में डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार इन आठ दिनों में हिरण्य कश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को भगवान विष्णु की भक्ति से विमुख करने के लिये कठोर यातनायें दी थी। इसलिये यह समय नकारात्मक ऊर्जा से भरा माना जाता है। ज्योतिष दृष्टिकोण से होलाष्टक के दौरान आठ ग्रह उग्र अवस्था में होते है। इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। इन ग्रहों में चंद्रमा, सूर्य, शनि, शुक्र, बुध, मंगल एवं राहू शामिल है। होलाष्टक में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन एवं सगाई जैसे मांगलिक कार्य वर्जित है। नये व्यापार एवं निर्माण कार्य की शुरूआत भी नहीं करनी चाहिए।

#### होलाष्टक में क्या करें

**बलिया।** यह समय भगवान विष्णु एवं नरसिंह भगवान की पूजा के लिये उत्तम माना जाता है। भगवान नरसिंह की पूजा करें। सूर्य भगवान को जल अर्पित करें। ग्रह दोष के शमन के लिये सूर्य की पूजा, हनुमान चालीसा का पाठ करें एवं तामसिक भोजन न करें।

## अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बैरिया।** अब शराब तस्कर किश्तों में अंग्रेजी शराब बिहार पहुंचाने में लगे है। पुलिस भी उनके इस नये पैंतरे से वाकिफ हो गयी है। इसी क्रम में मुखबीर की सूचना पर बैरिया पुलिस ने 20 बोतल रायल स्टेग अंग्रेजी शराब 750 मिली के साथ बिहार के वैशाली निवासी एक युवक को बुधवार की रात उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह शराब का कार्टून लेकर ट्रेन पकड़ने के लिए ई-रिक्शा से सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि नारायणपुर डेठ पूरा, थाना महनार, जिला वैशाली, बिहार निवासी मुकुल चौधरी पुत्र चंदेश्वर चौधरी रानीगंज की तरफ से ई-रिक्शा पर शराब का कार्टून लदाकर जा रहा था। मधुबनी के निकट पासवान चौक से थोड़ा सा आगे मुखबिर की सूचना पर ई-रिक्शा रोकवा कर जांच किया गया तो 20 बोतल अंग्रेजी शराब कार्टून में मिला। युवक को हिरासत में ले लिया गया। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार उसने पूछताछ में बताया कि ट्रेन के रास्ते शराब लेकर बिहार जाता है और वहां उंचे दाम पर बेच देता है। आरोपित को संबंधित धाराओं निरुद्ध कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

# पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

**विवाद**

### सुभासपा नेता व पेशकार के साथ हुए वाद विवाद का मामला

**बांसडीह।** सुभासपा नेता और एसडीएम के पेशकार के साथ हुए वाद विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों द्वारा दिए गए तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। प्रकरण में जहां उमापति राजभर पर एसडीएम के पेशकार दीपक की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक के साथ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है, वही उमापति राजभर की तहरीर पर पेशकार सहित दरोगा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रकरण में पुलिस को दिए तहरीर में एसडीएम के पेशकर दीपक कुमार ने आरोप लगाया है कि मैं अपने कार्यालय से चारपहिया वाहन से बलिया कलेक्ट्रेट जा रहा था। तहसील परिसर में काफी भीड़ से वाहन रास्ते में खड़े थे। मैं अपनी कार रोककर हार्न बजाते हुए भीड़ हटाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उमापति राजभर अचानक मेरी कार से आ सटे और मुझे गाली देने लगे। कार का दरवाजा खुलवाकर मुझ पर जानलेवा हमले करने के साथ मेरे चेहरे पर नाखून से निशान लगा दिया। मेरा चेहरा चार-पांच जगह छिल गया। आरोप लगाया कि मेरे पास रखे कार्यालय के दस्तावेज छीन कर फाड़ दिया। मेरे रोकने और बचाव करने पर मारपीट और गाली गलौज किया। प्रकरण में पुलिस ने उमापति राजभर पर बीएनएस की धारा 115(2), 352,132, 121(1) तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। इधर, उमापति राजभर की तहरीर पर दीपक कुमार पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने, मारपीट करने, धमकी देने, गाली गलौज करने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा द्वारा वीडियो जारी कर बताया गया कि क्षेत्राधिकारी बांसडीह प्रभात कुमार द्वारा तहरीर जांच के बाद पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया है और विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## संक्षेप

### गायत्री परिवार ने किया डॉ. चिन्मय पंड्या का स्वागत



**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा.चिन्मय पंड्या अपने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल प्रवास के क्रम में गुरुवार को बक्सर, बिहार जाते समय गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट गंगाजी मार्ग बलिया पहुंचे। यहां गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने अपने प्रेरणास्रोत डा.पंड्या के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक विजेंद्र नाथ चौबे ने उनको शक्तिपीठ की गतिविधियों को अवगत कराया। सभी के चेहरे पर उनकी उपस्थिति से विशेष उत्साह और आस्था का भाव देखा गया। इसी क्रम में डा.पंड्या ने शक्तिपीठ प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

### बच्चों को दी क्षय रोग के लक्षण व बचाव की जानकारी



**रतसर।** 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सीएचसी रतसर के अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिंहाचंवर पहुंची। यहां पर बच्चों का क्षय रोग के लक्षण, उपचार एवं स्क्रीनिंग किया गया। इसमें छात्रों को क्षय रोग और शासन की ओर से दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अमित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त घोषित करने का वचन लिया है। इसी क्रम में यह जागरूकता कैंप लगाया जा रहा है। टीबी से बचाव के बारे में जानकारी दी। बच्चों को समझा कर प्रश्न किया गया। जिन बच्चों ने उनके प्रश्नों का सही-सही उत्तर दिया, उनको क्षय रोग टीम की तरफ से गिफ्ट दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके झा ने क्षय रोग टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टाफ नर्स सुनिता, एएनएम ममता, उर्मिला, प्रमिला के साथ ही विद्यालय के शिक्षक पंकज श्रीवास्तव, तंजीम, सोनम, उमर, अनुप्रीता मंडल, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### नगर में खराब हो गई अधिकांश स्ट्रीट लाइटें

**मनियर।** स्थानीय नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइटें खराब होने लगी हैं। इससे कस्बे में रात के समय अंधकार छा जा रहा हैं। यह लाइटें अभी कुछ महीने पहले ही लगाई गई थी। सूबे की सरकार अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास कर रही है कि नगर का विकास हो। जिसके लिए सरकार नगर पंचायतों को हरसंभव मदद कर रही है। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सरकारी धन का सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। लाइटें क्यों खराब हो गई अथवा कैसे खराब हो रही है? ये जांच का विषय है। इसके बारे में जिम्मेदार मौन है। क्षेत्र में चर्चा है कि यह लाइटें है निम्न गुणवत्ता की है। बहरहाल यह तो जांच का विषय है। इस समय लग्न का समय है। अंधेरे में पैदल और साइकिल से चलने वालों की मुसीबत बढ़ गई है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के सफल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्रा एवं नगरा थानाध्यक्ष कौशल कुमार पाठक के कुशल नेतृत्व में पुलिस को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि नगरा थाना पर धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सचिन राजभर पुत्र रमेश राजभर निवासी ताड़ीबड़ागांव (बंजरिया), थाना नगरा को मुखबिर की सूचना पर ताड़ीबड़ागांव चट्टी से आगे भीमपुरा मार्ग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### देरी से एंबुलेंस पहुंचने के मामले की जांच शुरू

**बलिया।** गड़वार मार्ग पर सोमवार को हुई दुर्घटना में देरी से एंबुलेंस पहुंचने के मामले की जांच शुरू हो चुकी है। बुधवार को एंबुलेंस के चालक सर्वेश कुमार एवं एमटी का स्थानांतरण नगरा से लखीमपुर जनपद में कर दिया गया है। आरएम सुमित कुमार सिंह ने बताया कि अभी और कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग में सरकारी एंबुलेंस के चालकों की मनमानी से दुर्घटना में घायलों की जान चली जाती है। चिलकहर और नगरा क्षेत्र में एंबुलेंस समय से मौके पर नहीं पहुंचते हैं, जिससे सड़क हादसे में लोगों की जान चली जाती है। पिछले दिनों दुर्घटना में मौत प्रकरण पर शासन ने पीएचसी नगरा पर तैनात एंबुलेंस के समय से नहीं पहुंचने प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है। डा. राहुल सिंह ने बताया कि नगरा में संचालित सरकारी एम्बुलेंसों की जानकारी मांगी गई है।

### एसपी को ज्ञापन देकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव निवासी लट्टू नट ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपने भाई के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित लट्टू नट ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरे भाई गुड्डू नट की हत्या चार फरवरी 2025 को किया गया। इसकी रिपोर्ट मनियर थाने पर दर्ज है। इसकी जांच पड़ताल मनियर पुलिस कर रही हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मनियर पुलिस हम लोगों का सहयोग नहीं कर रही है और जांच पड़ताल में लापरवाही बरत रही है। वहीं, अभियुक्त गण हम लोगों को जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। सुलह के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है।

### 940 गांवों में सूर्य सखियों को चिह्नित करने का निर्देश

**बलिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 13401 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी करीब 149238 महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। शासन ने समूह की महिलाओं को अब सूर्य सखी के तौर पर नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। इस बाबत उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बीते 25 जनवरी को मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज को पत्र लिखकर जनपद की सभी 940 ग्राम पंचायतों में सूर्य सखियों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2011 में प्रभावी कर हर ग्राम पंचायत में महिलाओं के समूह का न सिर्फ गठन कराया, बल्कि इनके हाथों में दायित्व सौंपकर इन्हें आय अर्जित करने का मौका भी दिया। अब ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली स्ट्रीट लाइट की देखरेख से लेकर मरम्मत का दायित्व आजीविका समूहों को सौंपने की तैयारी शुरू हो गई है।

### प्रशिक्षुओं का किया उत्साहवर्धन




**रेवती।** डायट बलिया के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं नवाचार मेला में गोपालजी महाविद्यालय रेवती के डीएलएड की प्रशिक्षु ज्योति मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गायत्री पांडेय और डायट प्राचार्य शिवम् पांडेय ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रशिक्षुओं उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षु ज्योति मिश्रा और समस्त प्राध्यापकों को बधाई दिया। इस अवसर पर डायट के सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

### प्रावि टाउन का होगा कायाकल्प

**चितबड़ागांव।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 आजाद नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय टाउन का कायाकल्प होगा। बताते चले कि नगर पंचायत चितबड़ागांव द्वारा मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालय का सुन्दरीकरण कार्य कराया जायेगा। 20 लाख की लागत से विद्यालय के सभी कक्षों में टाइल्स लगाया जायेगा। इसके बाद विद्यालय नये लुक में दिखेगा। कमलेश सिंह ने बताया कि विद्यालय के कायाकल्प के लिए कई बार प्रयास किया गया है, किन्तु सफलता नहीं मिली।

# ...डीपीआरओ पर लगा दाग!

## पत्नी के चले जाने पर अफसर अपने आवास पर तैनात महिला कर्मी से करते थे अश्लील हरकत

**आरोप**

**पीड़िता ने सीडीओ को पत्रक देकर की कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** डीपीआरओ पर एक महिला सफाईकर्मी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। आरोप है कि पत्नी के चले जाने पर घर में अकेले पाकर अफसर उससे अश्लील हरकत करते थे। विरोध करने पर निलंबित और वेतन रोकने की धमकी देते थे। कथित पीड़िता ने सीडीओ को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रजिस्टर्ड डाक से पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की मांग की है।

करंडा ब्लॉक के एक गांव में तैनात पीड़िता ने बीते बुधवार को पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि माह नवंबर 2022 से डीपीआरओ द्वारा उनके बच्ची की देखरेख के लिए अपने आवास पर मौखिक आदेश से ड्यूटी लगा गया था।

आरोप लगाया कि डीपीआरओ अंशुल मौर्य अपनी पत्नी के ड्यूटी चले जाने के बाद दोपहर में आफिस से खाना खाने अपने आवास पर आते थे, तो मेरे साथ छेड़खानी वह अश्लील हरकत करते रहते थे।

**वेतन रोकने और निलंबन की धमकी**

कथित पीड़िता ने आरोप लगाया कि डीपीआरओ ने अनेकों बार मेरे साथ अश्लील हरकत किए हैं। बताया कि जब भी शिकायत करना चाहती थी तो डीपीआरओ वेतन रोकने और सस्पेंड करने की धमकी देकर डराते और धमकाते रहते थे। पीड़िता ने अपने पत्र में नौकरी को अपनी मजबूरी बताते हुए बताया कि वह परिवार में अकेले कमाने वाली है। इसी कारण अफसर की जुल्म को सहती रही और लोक लाज के कारण चुप रही।

### प्रधान पुत्र ने उपस्थिति पंजिका किया गायब

पीड़िता ने बताया कि डीपीआरओ के अश्लील हरकतों से आजीज आकर अपने नियुक्त राजस्व गांव में 1 फरवरी 2025 से अपने नियुक्त ग्राम सभा में कार्य करने लगी। जिस कारण डीपीआरओ अंशुल मौर्य परेशान करने के नियत से आवास पर आने के लिए दबाव बनाते रहे। उनके आदेश न मानने के फलस्वरुप ग्राम प्रधान के लड़के ने मेरी उपस्थिति पंजिका को गायब कर दिया और बोला कि जब तक आदेश लेकर नहीं आओगी या डीपीआरओ आवास पर नहीं जाओगी तो ऐसे ही परेशान करता रहूंगा। डीपीआरओ और ग्राम प्रधान के लड़के द्वारा मुझे मानसिक प्रताड़ित भी किया जा रहा है। जिससे मेरी तबीयत बहुत खराब चल रही है जिसका इलाज हेरिटेज हॉस्पिटल वाराणसी से चल रहा है। मांग किया कि आवेदन पत्र पर जांच कर दोषी डीपीआरओ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

सीडीओ संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि जांच के लिए दो महिला अधिकारियों को लगाया गया है। जांच होने के बाद ही कोई निर्णय होगा।

पुलिस अधीक्षक डॉ.ईरज राजा ने कहा कि अभी कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। शिकायतकर्ता की पत्र मिलने के बाद आरोपों की जांच होगी।

# विद्युत विभाग की चेंकिग में मिले 37 मीटर



चेकिंग करती विद्युत टीम।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** शहर में बिजली विभाग के एक्सईएन नगर आशीष कुमार के नेतृत्व में मिश्र बाजार,लाल दरवाजा, रजदेपुर समेत दर्जनों मुहल्लों में गुरूवार को बिजली विभाग की चार टीमों ने सुबह 6 बजे से 10 बजे तक लगातार चेकिंग किया। जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा। शहर की बिजली चेकिंग में करीब 15 उपभोक्ता को बिजली की चोरी करते पकड़े गये जिनके ऊपर एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त आज गुप्त सूचना के आधार पर संजय कुमार गुप्ता मिश्र बाजार के परिसर को चेक करने पर उनके परिसर पर अवैध रूप से कुल 37 मीटर रखे हुए पाए गए जिसमें 26 नए मीटर एवं 11 पुराने उतारे हुए मीटर पाए गए है। सभी मीटर को जब्त कर जांचकर प्राथमिकी एवं जांच की कार्यवाही की जा रही है।

# नो हेलमेट-नो पेट्रोल की निकली हवा

## प्रशासन की मुहिम नहीं ला सकी रंग, अभियान हो रहा बेअसर



रघुबरगंज पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के लेते पेट्रोल।

**सख्ती बेअसर**

**अधिकांश लोग नहीं कर रहे हैं इस पर अमल**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** सभी जानते हैं कि हेलमेट सुरक्षा कवच है फिर भी बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चलाते समय इसका प्रयोग नहीं करते हैं। लोग हेलमेट पहनें इसके लिए प्रशासन भी अभियान चलाता रहता है। ऐसा ही एक अभियान नो हेलमेट-नो पेट्रोल प्रशासन ने शुरू किया। इसका आशय लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। लेकिन इस पर भी अधिकांश लोग अमल नहीं कर रहे हैं। बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवा रहे हैं। दरअसल, जिले के पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाने के लिए कहा गया था।

पेट्रोल पंप संचालकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक कर पूरे अभियान की रूपरेखा समझाई थी। इसे लेकर पंप संचालकों ने भी हामी भरी। वहीं हर पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट-नो पेट्रोल के बोर्ड भी लगाए गए, मगर जिले में बोर्ड दिखावा बनकर रह गए हैं।

शहर के बंसीबाजार के पेट्रोल पंप का आलम भी यही है कि यहां भी बिना हेलमेट पेट्रोल देने से किसी को रोका नहीं जाता। विश्वेश्वरगंज स्थित पेट्रोल पंपों पर भी बोर्ड लगा है कि आज्ञा से जिलाधिकारी लिखा हुआ है, लेकिन देखने वाला नहीं कि किसने हेलमेट लगाया है और किसने नहीं।

**न बोर्ड है और न आदेश का पता**

जिले में चार दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनमें से किसी भी पेट्रोल पंप पर इस अभियान के लिए किसी प्रकार की जागरूकता नहीं है। न ही संचालकों ने अपने कर्मचारियों को कोई निर्देश दिए हैं। इससे पेट्रोल पंप बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है।

वाहन चालको से अपील है कि वह यातायात नियमों का पालन करे। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें, जबकि चौपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर चले। एक बार फिर से फिर से अभियान चलाया जाएगा। लोगों को जागरुक किया जाएगा। साथ ही पेट्रोल पंप स्वामियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाएगा कि वह बिना हेलमेट पहले वाहन स्वामियों को पेट्रोल न दे।

आर्यका अखौरी, डीएम, गाजीपुर।

# ट्रेलर के चपेट में आने से युवक की मौत

**साथी घायल**

**ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे पर देर रात्रि को हादसा**

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नवली गांव के समीप ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे पर बीते देर रात्रि को हुए एक बड़े सड़क हादसे में अज्ञात ट्रेलर के चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवक निवासी कुशी थाना दिलदारनगर गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेंजवाया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से जख्मी बाइक चालक पिंटू राम उम्र करीब 35 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक पर पिछे बैठा युवक पवन कुमार 24 का इलाज जारी है।

हादसे के कारण परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि हादसे के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया। जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचानामा के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। इस हादसे के मामलें में परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटने के साथ ही हादसे की छानबीन में जुट गई है। हादसे में मौत के बाद मृतक की पत्नी बुलबुल, माता सीमा देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।परिजनों के मुताबिक मृतक अपने चार भाईयों में सबसे बडा था। बताया कि वह रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नवली गाँव में रिस्तेदार के यहां आयोजित तिलक समारोह में बगल के युवक संग गया था।

वहां से घर लौटते समय भदौरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक अज्ञात ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जिसमें इलाज जे दौरान अस्पताल में चिकित्सकों ने पिंटू राम को मृत घोषित कर दिया। पिंटू की शादी तीन सा पहले क्षेत्र के गोडसरा में हुई थी। परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन चलाता था।

थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि हादसे में मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंजा गया है, बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।



पिंटू राम (फाइल फोटो)।

### बाइक सवार पूर्व ग्राम प्रधान की मौत

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के सोन्हुली ग्राम के निवासी पूर्व ग्राम प्रधान रामलोचन सिंह यादव (55) की बुधवार की रात्रि बाइक से आठ बजे के करीब डुबकियां पेट्रोल पम्प के समीप धक्का लगने से सिर मे गंभीर चोट आने से तत्काल मौत हो गई। मृतक रामलोचन स्व. उदयनाथ सिह यादव पीटी मास्टर के बड़े पुत्र थे। जो सोन्हुली ग्राम के रसूलपुर चोकहवा गांव के निवासी थे। पूर्व ग्राम प्रधान के रूप मे गांव सहित पूरे क्षेत्र में काफी लोक प्रिय थे। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक बाइक से बुधवार की रात मे शादी मे शरीक होने के लिए वाराणसी गये थे। समारोह से घर वापस लौटते समय डुबकिया पेट्रोल पम्प के समीप वाहन के धक्का लगने से हेलमेट दूर जा गिरा तथा सिर मे गंभीर चोट आने से तत्काल दमतोड़ दिया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये।

# 4.77 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण

**गाजीपुर।** विकास खण्ड मुहम्मदाबाद के अन्तर्गत ग्राम सभा कोठियां विशुनपुरा गांव में ग्राम निधि से 4.77 लाख लागत से अनिरुद्ध यादव घर से काली चरण राम के दरवाजे तक बना सीसी रोड व पुरुष मूत्रालय का ग्राम प्रधान प्रीति राय व ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रीति राय पत्नी शैलेश प्रधान ने पुष्पहार व अंग वस्त्र देकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी शैलेश प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि ऋषिकेश प्रधान, सुमेर यादव, डॉ राम चरन यादव,पूर्व प्रधान देवनाथ राम, महेंद्र प्रधान,रामवयास यादव, लक्ष्मण प्रधान, विजयशंकर प्रधान, सुरेन्द्र प्रधान, पारस प्रजापति, जोगेन्दर राम नगीना राम शुकालू प्रजापति रफीक साई,मालती देवी,गीता देवी, नागा यादव, लालचंद्र बनवासी, प्रस्तावक राम जनम यादव आदि मौजूद रहे। अंत में आभार समाजसेवी शैलेश प्रधान द्वारा ज्ञापित किया गया।

# आयुर्वेदिक अस्पताल खुलने से मरीजों में जगी आस

**रेवतीपुर।** सुहवल गांव में शासन के निर्देश पर करीब तीस लाख से नवनिर्मित चार शैय्या वाले राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन को आनन-फानन में आधे अधूरे चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस कर इस आयुर्वेदिक अस्पताल में एक चिकित्सक समेत तीन कर्मियों की तैनाती करने के साथ ही इसे मरीजों के लिए चालू कर दिया गया है। इसकी जानकारी होने पर स्थानीय लोगों सहित अगल बगल गांव के लोगों में खुशी की लहर है, आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस नवनिर्मित और चालू हो चुके अस्पताल को आने वाले कुछ महीनों में अतिरिक्त और आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस किए जाने की शासन की मंशा है, ताकि मरीजों को इसका भरपूर लाभ मिल सके।शासन के द्वारा इस नये आयुर्वेद अस्पताल को चालू तो कर दिया गया मगर यहां अभी चिकित्सकीय सुविधाओं का काफी अभाव है, इसक वार्ड में अभी तक एक भी बेड़ नहीं लगाया जा सका है, यही नहीं यहां मरीजों को बैठने और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था नहीं है, प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था नहीं है, परिसर में गंदगी के आलम पसरा हुआ है। इस अस्पताल में एक दिव्यांग सहित तीन शौचालयों बनाए गये है। इस नवनिर्मित आयुर्वेदिक अस्पताल में चार कमरे जिसमें एक वार्ड रूम, योगा हाल, आफिस, डिस्पेंसरी और मेडिकल आफिसर का रूम बनाया गया है, अगर इस अस्पताल को बेहतर चिकित्सकीय संसाधनों, सुविधाओं से लैस कर दिया जाए तो यहां काफी दूर तक के लोग आते। मालूम हो कि शासन ने आयुर्वेदिक पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में इसकी मंजूरी देने के साथ ही बजट आवंटित किया था।। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि बेटावर पीएचसी के भवन में संचालित इस आयुर्वेदिक अस्पताल को सुहवल गांव में खुद के नवनिर्मित भवन में शिफ्ट का चालू कर दिया गया है, बताया कि अगले कछ महीनें में ही इसे अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस किए जाने की शासन की योजना है।



नया राजकीय आयुर्वेद अस्पताल खुलने के बाद मरीजों को दवा लिखते डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन



**जखनियां।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए विजय बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार गरीबों व वंचित समाज के लोगों की अनदेखी कर रही है। मनरेगा आवास व शौचालय जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में भी घोटाले हो रहे है। अति पिछड़े समाज के लोग जो सरकारी भूमि पर रह रहे हैं। लेकिन उन्हें वह जमीन आज तक पट्टा नहीं की गई। जिला सचिव वीरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि प्राइवेट बैंक व कंपनियां गांव में स्वयं सहायता समूह के नाम पर महिलाओं को कर्ज देकर अपने जाल में फंसा रही हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों की प्रमुख मांगों में बिजली के निजीकरण को रोकना, विधवा वृद्धा व दिव्यांगों को 5000 प्रतिमाह पेंशन देना, गरीबों को आवासीय पट्टा करना इत्यादि प्रमुख मांगे रही। प्रदर्शन करने वालों में राम अवध मास्टर, जोगिंदर यादव, मारकंडे कुमार, शीला, सुशीला, सोनी, सुरेंद्र भारती इत्यादि लोग रहे।

### प्राथमिक विद्यालय पर स्वास्थ्य टीम ने की बच्चों की जांच



**भांवरकोल।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र कै अंर्तगत प्राथमिक विद्यालय नकटीकोल में गुरुवार को सुबह ग्यारह बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोउऊर की एक टीम द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पैंतालीस बच्चों का आरबीएस स्क्रीन, वजन, लंबाई आदि की गहनता के साथ जांच की गई और उन्हें किड़ी मारने वाली दवा भी दी गई। जांच के दौरान कक्षा पांच के छात्र महेशपुर निवासी बारह वर्षीय जीतन कुमार प्रजापति पुत्र श्रवण प्रजापति के दोनों गालों पर लाल चकत्ते का निशान स्पष्ट दिखाई दिए जिसे गोंडऊर के स्कीन विशेषज्ञ डॉक्टर रोहन वर्मा को अविलंब ले जाकर दिखाने का सलाह दिए और यह भी कहा कि यदि उनके यहां से ठीक नही हो रहा है। तब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाएं। डॉक्टर ने इसे हल्के में नही लेने की बात कही। डॉक्टर टीम ने यह भी कहा कि बच्चों को मीनू के अनुसार पौष्टिक आहार दिए जाने चाहिए। जांच टीम में डॉक्टर टेली, डॉक्टर नीरज, फार्मासिस्ट मोहन, आशा तारा पांडेय आदि शामिल रहे। जांच के दौरान विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार, रेहाना खातून, गुलाब यादव और रसोइयां आदि मौजूद रही।

### इंस्ट्राग्राम पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल, मुकदमा

**गहमर।** इंस्ट्राग्राम पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल व जान-माल की धमकी देना युवक को महंगा पड़ा। पीड़ित युवती के दादी की गुहार को राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया। आयोग के आदेश पर बुधवार को गहमर कोतवाली पुलिस ने बिट्टू शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी गांव-डोमनपुरा,थाना-मुहम्मदाबाद के विरुद्ध आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने व धमकी देने आदि बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआइआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पीड़ित युवती की दादी ने राज्य महिला आयोग को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मेरी पौत्री से बिट्टू शर्मा जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। जिससे परिवार के लोग शादी से इन्कार करते हुए अपनी पौत्री की शादी कहीं और तय कर दिया। जब उसे पता चला कि युवती की शादी कही और तय हो गयी है तो वह सोशल मिडिया पर फोटो को इडिट करके अवैध तरीके से इंस्ट्राग्राम, फेसबुक आदि सोशल साइट पर पोस्ट करना शुरू कर दिया है। साथ ही मेरी पौत्री को जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिससे पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

### ऑटो चालकों की मनमानी, सवारियों के लिए खींचातानी

**गाजीपुर।** शहर के तिराहे, चौराहा पर ऑटो चालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। सवारियों को बैठाने के लिए न सिर्फ जबरदस्ती करते हैं, बल्कि युवाओं और महिलाओं के साथ खींचतान तक करने से नहीं हिचकते। आए दिन यहां बहसबाजी और झगड़े की स्थिति बनती है, जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। तिराहा, चौराहा क्षेत्र के मुख्य मार्गों से जुड़ा हुआ है, जहां से बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। खासकर महिलाओं और कॉलेज जाने वाली छात्राओं को ऑटो चालकों की जबरदस्ती और अभद्रता का सामना करना पड़ता है। कई बार चालक सवारियों को जबरदस्ती ऑटो में बैठाने की कोशिश करते हैं, जिससे असहज स्थिति उत्पन्न होती है। लोगों का कहना है कि ऑटो चालकों की मनमानी से आए दिन विवाद होते हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यात्री डर के कारण शिकायत करने से भी कतराते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन रोड़, लंका बस स्टैंड, विश्वेश्वरगंज, पीजी कॉलेज पर ऑटो चालकों की इस मनमानी पर रोक लगाई जाए और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करिश्मा रही अव्वल

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित विविध प्रतियोगिताओं की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष से करिश्मा अंतरा व कनकलता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बीए द्वितीय वर्ष से आरती, सलोनी, एवं शची ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बीए तृतीय वर्ष से चंद्रकला, लक्ष्मी व उन्नति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक लेखन प्रतियोगिता में शची मिश्रा प्रथम, लक्ष्मी राय द्वितीय तथा अंजू यादव तृतीय स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को प्राचार्य डॉ. अनिता कुमारी ने पुरस्कार स्वरूप पुस्तके और मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### केमिकल से तैयार सब्जियां बिगाड़ रहीं सेहत

**गाजीपुर।** सब्जियों की चमक पर गए तो स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इसलिए सब्जी खरीदते समय उसकी चमक नहीं, बल्कि गुणवत्ता देखकर खरीदें। सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए कुछ धंधेबाज रंगकर बेच रहे हैं। बाजार में एसिड से धुली अदरक और केमिकल लगाकर चमकदार बनाए गए बैंगन से लेकर कई सब्जियां बिक रही हैं। ऐसे में जब भी बाजार से सब्जी खरीदकर लाएं। उसे कुछ देर पानी में भिगो दें। इससे रंग निकल जाएगा। इन दिनों तरोताजा व चमकने वाली सब्जियां रासायनिक रंगों से रंग कर बेधड़क बाजार में बिक रही हैं। ऐसी सब्जियों से लोगों को कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा हो सकता है। दरअसल, दुकानदार सुबह-सुबह उठकर मेलाकाइट ग्रीन नामक खतरनाक केमिकल का प्रयोग कर सब्जी को ताजा करते हैं, ताकि ग्राहकों के आने से पहले बासी सब्जी तरोताजा हो जाए। एक व्यापारी ने बताया कि इन दिनों सब्जियों में वैसी चमक नहीं आ रही है।

# महिलाओं के नाम लाखों वाहन, पर हजारों ने ही बनवाया डीएल

## यातायात पुलिस, एआरटीओ विभाग युवतियों पर नहीं करता कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिले की ज्यादातर महिलाएं बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चल रही हैं। यहां महिलाओं के नाम पर करीब 35 फीसदी यानी एक लाख से अधिक दोपहिया और चार पहिया वाहन पंजीकृत हैं लेकिन हैं। ड्राइविंग लाइसेंस पांच हजार से कम महिलाओं ने ही बनवाए हैं। प्रतिवर्ष पंजीकृत होने वाले वाहनों में 30 से 35 फीसदी वाहन महिलाओं के नाम पर लिए जाते हैं। लेकिन एआरटीओ कार्यालय पर महिलाएं अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने बहुत कम ही पहुंचती हैं। प्रतिवर्ष 50 से 60 हजार लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनते हैं। इनमें से महिलाओं की संख्या दो से तीन सौ के बीच ही रहती है।

पिछले छह साल में संभागीय परिवहन कार्यालय पर 3,03,725 वाहन पंजीकृत किए गए। साथ ही 3,44,227 से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। इनमें भारी वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस शामिल नहीं हैं। इनमें पुरुषों की संख्या अधिक रही, जबकि महिलाओं के नाम सैकड़े में ही ड्राइविंग लाइसेंस बने। यह पुरुषों की तुलना में तीन फीसदी भी नहीं हैं। अधिकारियों के मुताबिक जागरूकता की कमी, पारिवारिक दबाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण महिलाएं डीएल बनवाने से कतराती हैं।



शहर में रौजा ओवरब्रिज से गुजरती स्कूटी पर सवार युवतियां।

प्रतिवर्ष काफी संख्या में लोग महिलाओं के नाम पर वाहन का पंजीकरण कराते हैं लेकिन ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनवाते। कार्यालय पर छात्राएं और नौकरीपेशा महिलाएं लाइसेंस बनवाने आती रहती हैं। डीएल बनवाने के लिए महिलाओं को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। धीरे-धीरे डीएल बनवाने में महिलाओं का प्रतिशत भी बढ़ने लगेगा।

एआरटीओ प्रशासन।

**पांच हजार का जुर्माना**

विभागीय अफसरों के अनुसार बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर अधिकतम पांच हजार रुपये का जुर्माना है। यदि चालक के पास डीएल नहीं है तो दुर्घटना होने की स्थिति में बीमा क्लेम नहीं मिलता। इसके लिए विभाग समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई करता रहता है। महिलाओं को ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने के लिए विभाग की तरफ से कई अभियान चलाए गए।

### वैवाहिक आयोजन के लिए शहर से गांवों तक बढ़ा मैरिज लॉन का चलन

**गाजीपुर।** शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी वैवाहिक आयोजनों के लिए मैरिज हॉल/ लॉन लोगों की पहली पसंद बन गए हैं। आलम यह है कि जिले के करीब 250 मैरिज हॉल में कोई भी वैवाहिक मुहूर्त में खाली नहीं है। लोगों की बढ़ती मांग को लेकर बड़ी संख्या में मैरिज हॉल का निर्माण भी हो रहा है। गोदभराई, सगाई, तिलक, विवाह व बहू भोज के कार्यक्रमों के लिए अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी मैरिज हॉल को प्राथमिकता दे रहे हैं। इन दिनों शादियों की धूम है क्योंकि इस माह विवाह के नौ मुहूर्त हैं। गली मोहल्लों में पार्क और सार्वजनिक स्थल न चुनकर लोग अब मैरिज हॉल को ही उपयुक्त मानते हैं। मैरिज व बैंक्वेट हॉल, गेस्ट हाउस का चलन पिछले डेढ़ दशक में तेजी से बढ़ा और इसने एक बड़े बिजनेस का रूप ले लिया है। हालत ये है कि शहर हो या कस्बा कहीं भी मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस खाली नहीं है। एडवांस बुकिंग अप्रैल 2025 तक हो गई है। जो नामचीन बैंक्वेट हॉल हैं उनमें बुकिंग जून 2025 तक पहुंच गई है। बीते 11 नवंबर को देवोत्थानी एकादशी के दिन से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू हो गए थे। सबसे अधिक गेस्ट हाउस भुतहियाताड से लेकर आलमपट्टी तक हैं। वाराणसी-बलिया का यह मुख्य हाईवे इस समय शादी समारोह की भीड़ से व्यस्त रहता है। यही कारण है कि जिस दिन सहालग तेज होती है शहर का यातायात भी धीमा हो जाता है।

# छोटे वाहनों में बैठा रहे क्षमता से अधिक सवारी

## पुलिस की नजरों के सामने से गुजरते हैं ओवरलोड वाहन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिले के ग्रामीण इलाकों में बसें कम चलने से सवारी वाहनों, टेम्पो आदि में लोग सफर कर रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में टेम्पो चालकों द्वारा सैकड़ों सवारियां क्षमता से अधिक बैठाकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ये यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, लेकिन फिर भी परिवहन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

हादसे के बाद भी कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है, परिवहन विभाग की कार्रवाई सुस्त पड़ी हुई है, पुलिस भी इस ओर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिले को ग्रामीण क्षेत्र के लोग शादी या अन्य कार्यक्रम में एक साथ जाते हैं। एक ही वाहन में क्षमता से अधिक लोग बैठकर सफर करते हैं। कई बार हादसा होने के बाद भी ग्रामीण इससे सबक नहीं लेकर ओवरलोड बैठकर सफर करते हैं। पुलिस थाने व चौकियों के सामने से ये वाहन निकल जाते हैं। कार्रवाई नहीं होने से लोगों में डर नहीं है। यहां पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर में सुबह से शाम तक सैकड़ों ओवर लोड वाहन बेरोकटोक दौड़ते रहते हैं। हजारों लोग वाहनों पर लटकते हुए सफर करते हैं।

**स्टेट हाइवे पर भी चलते हैं ओवरलोड वाहन**

शहर, कस्बा में लोग ग्रामीण क्षेत्र से खरीदी व आवश्यक कार्य से आना-जाना करते हैं। स्टेट हाइवे पर टेम्पो, मैजिक वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर आना-जाना किया जाता है। साप्ताहिक हाट-बाजार लगने से यहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण आना-जाना करते हैं। पुलिस इन वाहनों पर ध्यान नहीं देती है और न ही परिवहन विभाग के अफसर कभी इन पर कार्रवाई करते हैं। इस मार्ग पर इन छोटे वाहनों के अलावा बसें भी क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलती हैं, ऐसे में हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। यहीं नहीं ये लोडिंग वाहन स्कूली बच्चों को भी बाहर स्टैंड पर खड़ा कराकर उनकी जान जोखिम में डालकर गंतव्य तक ले जाते हैं।

**परिवहन विभाग की लापरवाही**

परिवहन विभाग भी कार्रवाई करने में लापरवाही करता है। शहर में सवारी वाहनों का फिटनेस व परमिट नहीं होता है। फिर भी यह बेखौफ होकर वाहन चलाते हैं। लंबे समय से परिवहन विभाग ने इन वाहनों की जांच नहीं की है। इसमें कई वाहन अनफिट मिलेंगे। परिवहन विभाग को इन वाहनों की जांच करना चाहिए।

**ग्रामीण इलाकों में और भी खतरनाक हालात**

इधर मुख्यालय से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे अवैध वाहनों के कारण यातायात खतरे का दूसरा नाम बन गया है। जंगीपुर, नंदगंज, दुल्लहपुर, जमानियां, बारा, दिलदारनगर, मुहम्मदाबाद सहित अन्य मार्गों पर रोजाना रजिस्ट्रेशन और परमिट बिना दर्जनों जीप, लोडिंग मिनी ट्रक व ऑटो हजारों लोगों को जानवरों की तरह ढो रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## जनसंपादकीय

# ब्रज की होली के रंग

**चोब सिंह वर्मा**



ब्रज की होली के रंग-भंग के संग सर्दी कम होती जाती है और गर्मी का एहसास बढ़ने लगता है। बसंत के दिन ही होलिका स्थापित कर दी जाती है। ह्यसात वार और नौ त्योहारोंह्व वाली ब्रज भूमि में फागुन/चैत्र मास में तो मेलों का वैभव चरमोत्कर्ष पर पहुँच जाता है। फागुन में पूरे महीने ही रंग-गुलाल के उत्सव, जगह-जगह हुड़दंग, लठामार होली व हुरंगे जनमानस का अनुरंजन करते हैं। रात-रात भर गीत-संगीत और लोक नृत्य की थिरकने लोगों का भरपूर मनोरंजन करती रहती हैं। मिश्री से भी ज्यादा मीठे कथानक भरे रसिया रस की गागर हैं। जो भी इस रस-गगरी का पान करता है, तृप्त हो जाता है। रसियाओं के भी दंगल होते हैं। रात-रात भर श्रोता इसका रसास्वादन करते हैं।

होली संगीत लोक मानस के मनोरंजन का संगीतमय तमाशा है जो अनंत काल से अनुरंजन करता चला आ रहा है। ब्रज में इस उत्सवी दौर में होली के रंग घुमड़ने लगते हैं, हुरियारों के मन चंचल होने लगते हैं। आम जन को भांग-ठंडाई जैसे लोकप्रिय पेय आकर्षित करने लगते हैं। भांग में विजय-प्रदायिनी शक्ति होने की मान्यता के कारण इसे विजया भी कहा जाता है। भगवान शिव और बलराम को प्रिय होने के कारण भांग को एक मादक द्रव्य न मानकर इसे ब्रज में प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। भंग की भीनी-भीनी तरंगों में हुरियारों के अंग-प्रत्यंग आनन्द की अनुभूति करने लगते है। भांग में सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण तीनों का समन्वय है। ब्रज में विषेषतः मथुरा नगर के चौबों में भांग का इतना प्रचलन है कि भांग और चौबे एक-दूसरे के पर्याय बन गये है। यह भी सत्य है कि भांग का नाम मुँह पर आते, कान में पड़ते या आँखों से देखते ही एक मस्ती और मादकता सी छा जाती है।

भांग के गुणीजनों के लिए भांग तैयार करना एक शास्त्रीय अनुष्ठान के समान है। भांग का भोग लगाते समय अनेक प्रकार से भांग के यशोगान किये जाते हैं, 'आकाशे चन्द्रिका देवी,



पाताले भुवनेश्वरी/ मृत्यु लोके विजया देवी, सर्वसिद्ध प्रदायिनी।'

मथुरा के चतुर्वेदियों को भांग बहुत प्रिय है। जिस प्रकार ग्वाले अपने पश चराने के लिए खाली खेत देखकर और बंगाली अपना प्रिय भोजन भात देखकर प्रसन्न हो जाते हैं उसी प्रकार भांग देखकर चौबे उछल पड़ते हैं। उनका तन-मन धन राजी हो जाता है-'ऊजर देखि के गूजर नाचै, भात देख बंगाली/भांग देखि के चौबे उछरै, तन-मन-धन सौं राजी।'

आर्यसमाज के प्रसिद्ध विद्वान स्वामी श्रद्धानन्द के पिता मथुरा में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी थे। उस समय सोंटा, मोटा, छोटा और लंगोटा नामक चार चौबों के बारे में कहा जाता था कि वे चारों मिलकर एक मन मिठाई खा लेते थे। यह सुनकर श्रद्धानन्द जी के पिता ने उन्हें भोजन के लिए अपने घर पर आमन्त्रित किया। वे चारों 1-1 छटाँक भांग पीकर उनके घर आये और यहाँ 2-2 छटाँक भांग और पी। इसके बाद लगभग 11 बजे भोजन तैयार हुआ। उन्हें आसन पर बैठाया गया और तब स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा अपनी आत्मकथा में वर्णित उल्लेख के अनुसार- ह्य'पहले डेढ़-डेढ़ सेर लच्छेदार मलाई अन्दर गई। आंखें खुली और भांग शुरू हुई। दो-दो सेर पेड़े। उन पर भाजी-पकौड़ी आदि के साथ तीस-तीस पूरियों की तह, फिर खुरचन। फिर उतनी ही पूरियों की तह। फिर हलवा और अन्त में मलाई की पूणार्हुति। हाथ धुलाकर हथेलियों पर एक-एक रूपया दक्षिणा रखी गई और चौबों को प्रणाम किया।

स्वामी श्रद्धानन्द जी लिखते हैं कि इसके बाद उन्होंने 1-1 छटाँक भांग और ली और जब वह शाम को विश्राम घाट पर पहुँचे तब उन्होंने देखा कि वे चारों चौबे भंग के रगड़े में सब भोजन भस्म कर कुश्ती लड़ रहे हैं। वे इस प्रतीक्षा में थे कि कोई लडुआ खिलाने वाला जजमान मिल जाये।

भांग छानने के स्थल के पास प्रतिष्ठित देवता को भांग का प्रथम भोग लगाया जाता है। धन-देवता कुबेर, यक्ष, शिव और बलराम को भांग चढ़ाना अनिवार्य सा होता है। मादक पेय या भांग का सेवन विशेष अवसरों पर ब्रज में हजारों वर्ष से चला आ रहा है। ईसा के प्रथम वर्ष जब मथुरा कुषाणों की दूसरी राजधानी बन गई थी तो बैक्ट्रियन/ग्रीक कला का प्रभाव मथुरा के कलाविदों पर पड़ गया था। मूर्तियां व कलाकृतियां समसामयिक समाज की प्रतिबिम्ब होती है। कुषाण काल में आज से दो हजार वर्ष पहले मथुरा के मूर्तिकारों द्वारा नीचे दी हुई मूर्तियां गढ़ी गई- एक मूर्ति में बैठे विशाल तोंद वाले कुबेर को विदेशी वेश-भूषा वाले स्त्री पुरूष मादक द्रव्य परोस रहे हैं। वे इतना पीते हैं कि इन्हें सहारा देना पड़ता है जैसा कि मूर्ति का पृष्ठ भाग इसे प्रदर्शित करता है - एक मूर्ति कर्नल स्टेसी ने 1835 में मथुरा में खोज निकाली थी जो कलकत्ता म्यूजियम में प्रदर्शित हैं। दूसरी इसी तरह की मूर्ति 1873-74 के अपने विंटर टूर में तत्कालीन मथुरा जिलाधिकारी एफ.एस. ग्राउस ने पालीखेड़ा गांव में खोज निकाली थी जो मथुरा के म्यूजियम में प्रदर्शित हैं।

ऐसा लगता है कि उत्सव-धर्मी मथुरावासी युगों से कला और विशेष उत्सवों का अपने मनोरंजन हेतु उपयोग करते रहे हैं। कुछ और मूर्तियां जो कुषाण युग की ही निर्मित हैं। इनमें यक्ष और यक्षिणियां मादक पेय पदार्थ लेते दिखायी पड़ते हैं।

होली के मौसम की ही कुछ मादकता है या होली के रंग की रंगीनी, होली के लोक गीतों का लावण्य है या राधा-माधव की राग-माधुरी, यथार्थ यह है कि होली में उन्माद और मस्ती का वातावरण ब्रज में स्वाभाविक रूप से छा जाता है। ब्रज में रंग-गुलाल के साथ ग्रामीण अंचलों में धूल, कीचड़ और गोबर की भी होली होती है। रंगों में स्त्री-पुरूषों के दल आमने-सामने खड़े हो जाते है और साखी गाते हैं। साखी-गीतों में पुरूष प्रश्न करते हैं और स्त्रियां गाते हुये उत्तर देती है। नंदगांव व बरसाने में स्त्रियां दनादन लाठियां बरसाती है और हुरियारे चमड़े की ढालों पर उनके वार रोकते हैं। कहावत है कि तीन लोक से मथुरा न्यारी। अनंत काल से चली आ रही ब्रज की यह लोक परम्पराएं व उत्सव ब्रज की संस्कृति की जीवंतता के प्रमाण है।

**( पूर्व आई0ए0एस0, ब्रज की धरोहर के अध्येता व प्रस्तोता)**

# भारत में अपेक्षित शिक्षा-पद्धति की रूपरेखा

## शिक्षा

**मिहिर राय चौधरी**



इक्कीसवीं सदी में अभूतपूर्व तकनीकी विकास होने के बावजूद भारत के शिक्षण-प्रशिक्षण पद्धति में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित शिक्षा-व्यवस्था का स्वरूप विचारणीय है।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा से प्रत्यक्ष रूप से संलग्न न रहने पर भी, एक अभिभावक के रूप में तथा अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों के माध्यम से प्राप्त ज्ञान के आधार पर मैं किंचित सुझाव देना चाहूंगा। प्रथमतः, प्रायः देखा जाता है कि छोटे बच्चों के विद्यालय प्रातःकाल खुलते हैं। अधिकांश बच्चों को स्कूल-बस पकड़ने हेतु प्रातः छः बजे निकलना पड़ता है तथा घर लौटने में तीन-चार बज जाते हैं। इतनी लम्बी अवधि तक बच्चे थोड़े से टिफिन के सहारे रह जाते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः प्राथमिक शिक्षा दस बजे के बाद ही आरम्भ होना वांछनीय है। द्वितीयतः, मेरे विचार से उनके पाठ्यक्रम में अत्यधिक विषय इस उम्र में (३-१० वर्ष) अनावश्यक है। प्राथमिक शिक्षा हेतु भाषा, प्रारंभिक गणित एवं सामान्य ज्ञान के अतिरिक्त कोई अन्य विषय आवश्यक नहीं है। बल्कि उन्हें कविता-पाठ, संगीत, नृत्य एवं चित्रकला का ज्ञान इसी उम्र से देना उचित है। बच्चों की स्मरण-शक्ति अद्भुत होती है। उनको कहानियों के माध्यम से तथा ऑडियो-विजुअल दिखाकर रामायण, महाभारत, पुराण सहित अन्य धर्मों के मुख्य चरित्रों तथा विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त महान व्यक्तियों का परिचय कराया जाना चाहिए। भारत एवं विश्व के दर्शनीय-स्थलों, जीव-जंतु, वनस्पति, भौगोलिक-विविधता एवं संस्कृति को वर्चुअल-टूवॅर के माध्यम से दिखाकर उनसे मौखिक प्रश्न पूछे जाने चाहिए, न कि पुस्तकों के पाठ के रूप में रखकर उनपर मानसिक बोझ बढ़ाना। बच्चे कार्टूनों के दीवाने होते हैं, अतः कार्टून-चरित्रों के माध्यम से ब्रह्मांड एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों का ज्ञान भी उन्हें सरलतापूर्वक दिया जा सकता है। खेल-कूद भी पाठ्यक्रम का अत्यावश्यक अंग है, क्योंकि शारीरिक-विकास के बिना मानसिक-विकास सम्भव नहीं है। प्राथमिक शिक्षा के अन्तिम चरण में बच्चों को विद्यालय में ही पूरा करने हेतु शिक्षकों के निर्देशन में छोटे-छोटे प्रोजेक्ट दिये जा सकते हैं, जो बच्चों को आत्मनिर्भर एवं जिज्ञासु बनायेंगे। कम्प्यूटर-गेमिंग (स्ट्रेटेजी-गेम, ऑनलाइन-शतरंज आदि) को भी प्राथमिकता देकर उनसे सम्बन्धित प्रतियोगितायें आयोजित की जा सकतीं हैं। मातृभाषा के अलावा एक अन्य भाषा की शिक्षा भी इसी समय देना उचित है। प्रत्येक बच्चे का स्कूल जाना अनिवार्य कर नगर एवं गांवों को छोटे-छोटे क्षेत्रों में बांटते हुए बच्चों का प्रवेश अपने ही निवास-क्षेत्र के निकटवर्ती विद्यालय में सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि आवागमन का समय बचे। इससे प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को स्तरीय एवं पक्षपातहीन बनाने में सफलता मिलेगी। आजकल प्रायः यह देखा जाता है कि किसी विशेष विद्यालय में प्रवेश हेतु होड़ मची रहती है, जबकि अन्य विद्यालय उपेक्षित रहते हैं। प्राथमिक शिक्षा निःशुल्क अथवा न्यूनतम शुल्क का होना वांछित है।

माध्यमिक शिक्षा १० से १८ वर्ष तक के किशोरों हेतु होती है। इस दौरान शरीर पूर्ण-विकसित होता है। अपने शरीर-तन्त्र के बारे में जानना तथा शरीर एवं मन पर नियन्त्रण प्राप्त करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। योगाभ्यास, जिमनास्टिक, सामान्य रोगों के प्राथमिक-उपचार, आत्म-रक्षा के तरीके जैसे जूडो-कराटे, अस्त्र-शस्त्र चलाना आदि सीखना आवश्यक है। यही समय तैराकी, स्काउटिंग, ट्रेकिंग, साइक्लिंग आदि के अभ्यास हेतु भी उपयुक्त है। बच्चों की प्रतिभा एवं स्वाभाविक रुझान की पहचान इसी वय में की जाती है। विद्यार्थियों में मन में यह भावना उत्पन्न होना आवश्यक है कि जीवन में उन्हें कुछ कर दिखाना है, न कि दिशाविहीन होकर पढ़ते रहना है। नये उद्योगों के विकास हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को देश का संविधान, नियम-कानून, कर-प्रणाली एवं स्टॉक-मार्केट का ज्ञान होना आवश्यक है। अतः इन्हें भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना होगा ताकि आगे चलकर यदि उन्हें स्वतंत्र व्यवसाय करना हो अथवा अपनी कम्पनी स्थापित करना हो, तो आत्मविश्वास पूर्वक कर सकें। उत्तर भारत के निवासियों को दक्षिण भारत की किसी भाषा तथा दक्षिण भारत के निवासियों को उत्तर भारत की किसी भाषा को अवश्य सीखना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा के प्रथम चरण में बच्चों की विशिष्ट प्रतिभाओं की पहचान कर, तदनुसार चयनित बच्चों को उपयुक्त विद्यालयों जैसे सैनिक स्कूल, स्पोर्ट्स कॉलेज, दृश्य एवं मंच कला सम्बन्धित विद्यालय/संस्थान, फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान आदि में प्रेषित करना वांछित है। शेष बच्चों को सामान्य पाठ्यक्रम के अनुसार गणित, इतिहास, भूगोल, सामान्य-विज्ञान, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर-उपयोग की शिक्षा देने के साथ ही कुकिंग, बेकिंग, नर्सिंग आदि की ट्रेनिंग भी देनी होगी। माध्यमिक शिक्षा के अन्तिम चरण में इन्टरनेट के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा ताकि बच्चे पाठ्य-पुस्तकों की सीमाओं से बाहर निकलना सीखें। प्रत्येक वर्ष अलग-अलग विषयों पर विभिन्न स्थानों में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी ताकि विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशिष्टता अर्जित कर सकें। पाठ्य-पुस्तकों की संरचना एवं परीक्षा-पद्धति में मूलभूत परिवर्तन करना होगा। प्रत्येक पाठ के अन्त में विस्तृत अध्ययन हेतु इन्टरनेट से उपलब्ध अध्ययन-सामग्रियों की सूची देना अनिवार्य होना चाहिए। प्रत्येक कोर्स को माड्यूलर बनाना होगा एवं उसकी ऑनलाइन परीक्षा के उपरान्त सफलता प्रमाण-पत्र निर्गत करने की व्यवस्था करनी होगी। किसी भी माड्यूल की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर सफलता प्राप्त करने तक अनेक बार दिया जाये ताकि अनुत्तीर्ण होने पर पुनः तैयारी कर परीक्षा दिया जा सके। उत्तीर्णांक माड्यूल के अनुसार अलग-अलग रखे जा सकते हैं। अपने चयन के अनुसार एक निश्चित संख्या में माड्यूल (अनिवार्य तथा वैकल्पिक) उत्तीर्ण करने के उपरान्त विद्यार्थी को माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण घोषित किया जाये। इसका प्राप्तांक, श्रेणी अथवा ग्रेड कुछ भी घोषित करना अनावश्यक है। इस स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें, वाद-विवाद, ग्रुप-डिस्कशन एवं शैक्षणिक-यात्रायें आयोजित करना भी शिक्षा का आवश्यक अंग है।

माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण करने के पश्चात उच्च-शिक्षा हेतु अपना लक्ष्य निर्धारित करना पड़ता है। उच्च-शिक्षा सबके लिए आवश्यक नहीं है। अतः विभिन्न सरकारी पदों एवं अन्य विभागों में गैर-तकनीकी नौकरियों हेतु अभ्यर्थियों का चयन माध्यमिक शिक्षा के आधार पर ही होना चाहिए। सभी नियोक्ता संस्थाओं का दायित्व हो कि चयनोपरान्त आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्रदान करें। माध्यमिक शिक्षा को पूर्ण किये बिना भी उत्तीर्ण किये हुये माडयूलों के आधार पर कारीगरी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश की अनुमति होनी चाहिए।

उच्च-शिक्षा स्वाध्याय पर आधारित होना चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं है कि उच्च-शिक्षा हेतु शिक्षकों की आवश्यकता ही नहीं है, बल्कि इसके विपरीत, अधिक दायित्वशील शिक्षकों का प्रयोजन है। उच्च-शिक्षा के शिक्षकों को शिक्षक होने के साथ साथ शोधकर्ता होना अनिवार्य है। इसलिए शिक्षकों को अपने विषय पर सप्ताह में दो-तीन दिन पूर्व-निर्धारित समय पर सवार्धुनिक तथ्यपूर्ण भाषण देना होगा जिसकी वीडियो-रिकॉर्डिंग कर विभागीय साइट पर उपलब्ध कराना अनिवार्य हो। प्रत्येक भाषण के साथ सम्बन्धित सन्दर्भ (reference) एवं विस्तृत जानकारी हेतु अन्य सन्दर्भ भी उपलब्ध कराना आवश्यक है। छात्रों को यथासम्भव मूल ग्रन्थों अथवा लेखों को पढ़ने हेतु प्रोत्साहित करना होगा। साथ ही शोध-छात्रों एवं सहायक शिक्षकों की सहायता से ट्यूटोरियल के माध्यम से समस्या-समाधान (problem-solving) का अभ्यास कराना भी अत्यावश्यक है। आजकल समस्त मूलभूत पुस्तकें पीडीएफ फाइल के रूप में इन्टरनेट पर उपलब्ध हैं, अतः पुस्तकों की उपलब्धता की कोई समस्या नहीं है। शोध-पत्रिकायें भी भारत सरकार द्वारा प्रायोजित INFLIBNET के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं को निःशुल्क ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इसके अलावा यूट्यूब पर विभिन्न विषयों पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों का आकर्षक प्रस्तुतिकरण भी निःशुल्क उपलब्ध है। शिक्षक उन्हें खोजने में छात्रों की सहायता करें। ध्यातव्य है कि इन्टरनेट पर बहुत से भ्रामक एवं असत्य तथ्यों का भी प्रचार होता है। शिक्षकों का दायित्व है कि उनमें से सही प्रसारणों की संस्तुति करें। छोटे-छोटे पहलुओं पर ऑडियो-विजुअल तैयार करना भी उच्च-शिक्षा से सम्बन्धित विद्वज्जनों का कर्तव्य है। विभिन्न ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थायें जैसे IIT, IIM, TIFR, IISc, AIIMS, बोस/साहा इन्स्टीट्यूट आदि में कार्यरत विद्वानों के भाषण सभी उच्च-शिक्षण संस्थाओं को उपलब्ध कराना होगा ताकि इन संस्थानों में प्रवेश न होने पर भी विद्यार्थी उनके लाभ से वंचित न रहें। उपर्युक्त सभी बातें कला एवं मानविकी से सम्बन्धित विषयों पर भी समान रूप से प्रयोज्य हैं। शिक्षण-संस्थानों की वास्तविक उपयोगिता प्रायोगिक विषयों हेतु है। नये विश्वविद्यालयों की स्थापना करने के बजाय वर्तमान विश्वविद्यालयों की प्रयोगशालाओं को समृद्ध करना उचित है। साथ ही विद्यार्थियों को केंद्र-सरकार द्वारा परिचालित वेधशालाओं एवं शोध-संस्थानों में इन्टर्न के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान करना होगा। बहुत से विदेशी विश्वविद्यालय एवं शिक्षण-संस्थान भी सहर्ष स्टाइपेंड-सहित अथवा स्टाइपेंड-रहित इन्टर्नशिप देने को तैयार रहते हैं।

इसके लिए आर्थिक सहायता देना उचित है। इण्डस्ट्रियों में तथा अस्पतालों में इन्टर्नशिप प्रोत्साहन-योग्य है। समस्त पाठ्यक्रम माड्यूलर एवं स्वतंत्र रूप से चुने जा सकने वाले हों। उत्तीर्ण माडयूलों के आधार पर बेसिक, एप्लाइड अथवा इंजीनियरिंग की डिग्री आवंटित करना चाहिए। जीवन-विज्ञान, चिकित्सा-विज्ञान, पर्यावरण-विज्ञान तथा मानविकी हेतु भी यही पद्धति अपनाना वांछनीय है। परिसर में रचनात्मक गतिविधियां जैसे संगठन-बनाना, पत्रिकाएं प्रकाशित करना, सांस्कृतिक-कार्यक्रम आदि का दायित्व सम्पूर्ण रूप से विद्यार्थियों का होना चाहिए। उच्च-शिक्षा में अंग्रेजी पर निर्भरता को क्रमशः घटाते हुए अन्य देशी एवं विदेशी भाषाओं में रचित कृतियों का भी अनुवाद एवं अध्ययन करना आवश्यक है।

**( लेखक विज्ञान के शिक्षक एवं सामाजिक चिंतक हैं)**

**माध्यमिक स्तर उत्तीर्ण करने के पश्चात उच्च-शिक्षा हेतु अपना लक्ष्य निर्धारित करना पड़ता है। उच्च-शिक्षा सबके लिए आवश्यक नहीं है। अतः विभिन्न सरकारी पदों एवं अन्य विभागों में गैर-तकनीकी नौकरियों हेतु अभ्यर्थियों का चयन माध्यमिक शिक्षा के आधार पर ही होना चाहिए। सभी नियोक्ता संस्थाओं का दायित्व हो कि चयनोपरान्त आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्रदान करें। माध्यमिक शिक्षा को पूर्ण किये बिना भी उत्तीर्ण किये हुये माडयूलों के आधार पर कारीगरी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश की अनुमति होनी चाहिए।**

# कांशीराम की विरासत, मायावती की तर्ज-ए-सियासत

## प्रसंगवश

**निर्मल रानी**



1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा,राज तुम्हारा - नहीं चलेगा,नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज होता गया। यहाँ तक कि 'तिलक,तराजू और तलवार जैसा 'अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - ‘मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी कतार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।’ तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके 'क्रन्तिकारी ' व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन,वही पार्टी अब सत्ता,वैभव,आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नजर आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी ' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की जरुरत महसूस हुई तो तिलक,तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को जिंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नजर आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रुपए वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नजर आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नजर ही नहीं आया। और आखिरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि





मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बखूबी वाकिफ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता,भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ ?

सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया ? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुकसान हुआ है।

**( लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन,वही पार्टी अब सत्ता,वैभव,आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नजर आने लगी।**

## व्यंग्य



# अगले जनम मोहे वीवीआईपी ही कीजै

**डा. प्रदीप उपाध्याय**

ठीक है भगवन्,इस जनम की तुझसे क्या शिकायत करना,जो भी बनाया,जैसा भी बनाया,जिंदगी कट ही जाएगी. अगर खुद से नहीं कट सकी तो कोई और काट जाएगा जैसे उड़ती पतंग को दूसरी पतंग आकर काट जाती है और चहुंओर से हर्षल ध्वनि के साथ आवाज गुंजने लगती है ह्यकाटा हैह्व. अब ऐसा तो हो नहीं सकता कि तू मेरी तकदीर बदल दे.वैसे भी कलम घिसते-घिसते खुद ही अपनी तकदीर कलमकारों की भीड़ में हादसों का शिकार होकर रह गई है.यहां भी रेलमपेल है भगवन्, सब एक दूसरे को दबाते कुचलाते हुए निकलते चले जा रहे हैं.यहां तो दमघोटू वातावरण है और अपना भी दम घुट रहा है!भगवन,तुझे तो मालूम है ही कि यह भीड़ का चरित्र है जहाँ उसे खुद ही पता नहीं है कि वह किसे कुचल रही है या उसे कौन कुचल रहा है.वह तो भेड़ की माफिक अबूझ पहेली बनकर बस एक दिशा में बढ़ती चली जाती है और जहां -तहां बिछ जाती है कुड़े-करकट सी!

एक बात है भगवन्, जहां भी भीड़ जमा होगी,वह आम आदमी की भीड़ ही होगी.तुम भी इससे अंजान नहीं रहे होंगे. तुम भी तो आम आदमी की भीड़ के हादसों से ही बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने और इस तरह से संतुलन कायम करने का प्रयास करते रहते हो. शायद खास लोग तुम्हारा टार्गेट पूरा करने में असमर्थ रहते हों. आम आदमी की भीड़ होगी और आम आदमी ही दबा-कुचला जाएगा इस भीड़ में.खैर,जिस दिन ऐसे किसी हादसे का शिकार हो जाऊं तो फिर से आम आदमी की भीड़ में ही मत टपका देना.यहां भीड़ उमड़ती है,भीड़ उमड़ाई जाती है.यदि भीड़ नहीं उमड़ेगी तो खास आदमी भी किसी इवेंट में आम आदमी ही लगेगा.खास आदमी की फीलिंग बरकरार रखने के लिए ही आम आदमी की भीड़ जुटाना पड़ती है.

और अगर ऐसा न भी हुआ तब भी हो सकता है कोई बड़ा सुपर स्टार मदमस्त होकर सड़क से गुजरते हुए और थोड़ा बहकते हुए मुझ जैसे आम आदमी को फुटपाथ पर हिट करते हुए रन कर जाए.यह भी हो सकता है कि किसी स्वयंभू ईश्वर की चरण रज लेने के प्रयास में भीड़ के चरण मेरे नश्वर शरीर को मोक्ष मार्ग पर भेज दे.यह भी हो सकता है कि संत-महात्माओं के दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए अपने इस जन्म या पूर्व जन्म के पाप धोने और मोक्ष प्राप्ति के प्रयास में किसी पवित्र नदी में मछलियों,घड़ियालों के मुंह का निवाला बन जाऊं,या कि किसी जुलूस पर हो रही पत्थरों की वर्षा मेरी मुक्ति का द्वार खोल दे या फिर कहीं तीर्थ पर्यटन पर पहुँचने के पहले ही सड़क या रेलमार्ग पर मेरा कचूमर पड़ा या बिखरा मिले.बहुत सी संभावनाएं आम आदमी के हिस्से तूने दे रखी है प्रभू. लेकिन अब बहुत हुआ भगवन् . अब तो अपनी यही इच्छा है प्रभु कि अगले जनम फिर से मनुष्य योनि में ही अगर जन्मना है तो भाग्य वीवीआईपी का ही देना ताकि सरकार और तुम्हारे द्वार बिना भीड़-भडक्के के स्वागत के साथ बिना बाधा खुले मिलें.

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425030009)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# छापेमारी टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

**कार्रवाई**

**दो जगहों से संदूषित खोवा को कराया नष्ट**

**छापेमारी से बाजारों में रही अफरा-तफरी**

**जनसंदेश न्यूज**


एक दुकान से खाद्य पदार्थ का नमूना लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

**आजमगढ़।** होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल द्वारा खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु गुरुवार को बूढ़नपुर एसडीएम के निर्देशन में बूढ़नपुर बाजार से एक मैदा तथा दो अन्य मिठाईयों की दुकानों से एक दूध बर्फी व एक पेड़ा का नमूना संदेह के आधार संग्रहित किया गया। टीम की कार्यवाही से बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। दुकानदार दुकान बन्द कर हट गये। तत्पश्चात टीम अतरैठ बाजार पहुंची जहां एक किराने की दुकाने से खाद्य तेल तथा बाबा ब्राण्ड गुलाब जामुन मिक्स का नमूना जांच हेतु लिया। बूढ़नपुर मार्केट में ही अतरैठ रोड पर स्थित पर एक बेकरी के थोक विक्रेता से नियम के उल्लंघन की आशंका में बिस्कुट व स्वीट रोल का नमूना संग्रहित किया।

इसके बाद छापा दल कन्धरापुर बाजार स्थित एक मिष्ठान निर्माण इकाई पर पहुंचा जहां पनीर, खोया व राजभोग का नमूना लिया। नमूना संग्रहण के उपरान्त 25 किग्रा संदूषित खोया जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 9 हजार रुपये थी, को नष्ट कराया। कारखाने में व्याप्त गंदगी पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सफाई करने हेतु आदेशित किया।

एक अन्य छापेमार दल द्वारा लाटघाट बाजार से मिल्क केक, खजौली बाजार से खोया व पनीर का नमूना लिया। छापेमार दलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारीसंजय कुमार तिवारी, कीर्ति आनन्द, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, बेबी सोनम, अमर नाथ, गोविन्द यादव, सूचित प्रसाद एवं रजनीश कुमार सम्मिलित रहे।

## त्योहार में खलल डालने वालों की खैर नहीं

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में होलिका दहन होली एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष बरदह राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें, नई परंपरा का प्रचलन न होने दें। होली का त्योहार आपस में गले मिलकर मनायें लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि हमारे त्योहार मनाने से किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को रंग पसंद नहीं है, उसके ऊपर रंग कतई नडालें। अपराध को हमें जड़ से खत्म करना है। त्योहारों के मौसम में अगर कोई शांति भंग करने का प्रयास करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने आगाह किया कि आपके क्षेत्र में कोई ऐसा व्यक्ति जो देखने में संदिग्ध लग रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर ग्राम प्रधान मुन्नालाल, जितेंद्र राय, अली मोहम्मद, उस्मान शाह, फारसी खान, अमरजीत यादव, बिंदु, बिमलेश गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, धीरेंद्र उपाध्याय, राजेश साहनी, कांस्टेबल सत्यभान सिंह, नितिन श्रीवास्तव, राजेंद्र कुशवाहा, आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डीएम ने किया परीक्षा केंद्र व कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के अंतर्गत हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत गुरुवार को गांधी गुरुकुल इंटर कालेज भंवरनाथ में इंटरमीडिएट की चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया एवं विद्यालय में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कालेज आजमगढ़ में बनाए गए बोर्ड परीक्षा-2025 कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

### ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित की गयी मदिरा की दुकानें



**आजमगढ़।** नोडल अधिकारी, सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग जीएस नवीन कुमार, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में गुरुवार को हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में ई-लॉटरी के माध्यम से देशी मदिरा, मॉडल शॉप, कंपोजिट दुकानों एवं भांग की दुकानों की चयन प्रक्रिया निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। ई-लॉटरी प्रक्रिया के अन्तर्गत सबसे पहले आवेदकों के समक्ष आवेदनों का 3-3 बार सिमुलेशन किया गया, उसके पश्चात रैंडमाइजेशन करते हुए दुकानों के चयन की कार्यवाही की गयी।देशी मदिरा की 303 दुकानों के लिए 2317 आवेदकों द्वारा 4111 आवेदन, मॉडल शॉप की 2 दुकानों के लिए 37 आवेदनकर्ताओं द्वारा 38 आवेदन, 165 कम्पोजिट दुकानों के लिए 2211 आवेदनकर्ताओं द्वारा 3774 आवेदन एवं भांग की 10 दुकानों के लिए 14 आवेदनकर्ताओं द्वारा 17 आवेदन किये गये थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, सीओ सिटी, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं आवेदनकर्ता उपस्थित रहे।

### बिना मुआवजा दिये ही उजाड़ दिया गरीब का आशियाना



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** अतरौलिया थाना के अकबेलपुर मुचलके हैदरपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र धनराज का आरोप है कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण में हमारा मकान आ गया था। निर्माण के दौरान एक्सप्रेस-वे द्वारा मुआवजा की रकम न देने के चलते मकान ध्वस्त नहीं किया गया। बिना मुआवजा दिये ही गुरूवार को यूपीडा की टीम द्वारा हमारा मकान ध्वस्त कर दिया गया। मुझ गरीब का आशियाना उजाड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि हल्का लेखपाल द्वारा मेरे मकान और जमीन की रिपोर्ट नहीं लगाई गई जिसके चलते भुगतान नहीं हो सका। हल्का लेखपाल द्वारा मुझसे रिश्वत मांगी जा रही थी मेरे द्वारा रिश्वत का पैसा न देने के कारण मेरी रिपोर्ट नहीं लगाए।इसकी शिकायत मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई। अधिकारी मात्र आश्वासन देते रहे। पीड़ित ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही हमारे मकान और जमीन के मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाता तो हम इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे।

### तिलहनी फसलों की कटाई में जुटे किसान



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के किसान गेंहू की फसल सिचाई का कार्य रोक सरसों आदि तिलहनी फसलों कटाई और मड़ाई में जुट गये हैं। तेज हवा के झोंके से क्षेत्र का किसान गेंहू की फसलों की सिंचाई बीच में छोड़कर तैयार सरसो मटर की फसल की कटाई और मड़ाई करने में लग गया है। पूर्व में सरसों की फसल को जड़ से काट-पीट कर सरसो का बीज निकाला जाता था।बड़े किसान कम्बाईन मशीन सके कटाई कराकर सरसो निकाल लेते थे। पर मजदूरों की कमी और कटाई महंगी होने एवं सरसो का भूसा ईंट भट्ठो में प्रयोग होने के कारण किसान अब मड़ाई कराने लगा है।अब सरसो के भूसे की बिक्री कर मड़ाई का खर्च निकाल ले रहा है। किसान मनीष पाल, मो. आमिर, मो. अनवर, प्रमोद, मग्गन, सुरेश, सन्तोष, रामराज, दशरथ आदि का कहना कि किसान को फुर्सत नही रबि की बुवाई के समय में ही आलू चना मटर सरसो आदि को बुवाई होती है और गेहूं की कटाई मड़ाई से पूर्व आलू की खुदाई सरसो चना मटर आदि की कटाई मड़ाई का कार्य होता है। सब मिलाकर किसान बारह महीने में एकाध माह फुर्सत के क्षण व्यतीत कर पाता है।

### वेतन भुगतान में हो रहा विलम्बः सुरेंद्र प्रताप सिंह

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से उनके नेहरू हाल स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के फरवरी माह के वेतन में विलम्ब एवं एनपीएस कटौती एवं जीपीएफ कटौती खाते में पोस्ट नहीं होने सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन एवं जीपीएफ भुगतान आदि समस्याओं के निस्तारण का मुद्दा उठाया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षकों के वेतन भुगतान में विलम्ब हो रहा है, शिक्षकों के एनपीएस कटौती को उनके खाते में पोस्ट नहीं किया जा रहा। जीपीएफ कटौती भी शिक्षकों के खाते में पोस्ट नहीं की जा रही है। 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के पेंशन पत्रावली एवं जीपीएफ अंतिम भुगतान की कोई भी कार्यवाही न होने से शिक्षक परेशान एवं हताश हैं। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा ने शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर यथाशीध्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलामंत्री जितेंद्र कुमार राय, राजेंद्र यादव, अवधराज सिंह, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, वकील मौर्या, केदारनाथ वर्मा, हीरालाल यादव, मनोज सिंह, संतोष राय, प्रमोद लाल श्रीवास्तव, प्रकाश सिंह, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिना हेलमेट के बाइक से आये कार्यालय तो होगी कार्रवाई

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे, अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालनार्थ उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक है। इसी प्रकार, जो अधिकारी, कर्मचारी चार पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से पहनें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन में अन्य सभी सहयात्रियों के लिए भी सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है। कार्यालयों में प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनुपालन की जांच करने पर यदि उक्त निदेशों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्यालय में उनके प्रवेश पर रोक लगायी जाये। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों से उक्त निदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

### गांवों में अब नहीं सुनाई देती फगुआ की फुहार

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** एक जमाना था जब फगुआ गाने के लिए लोग एक-दूसरे के घरों पर जाकर फगुआ गीत गाकर आनंद लेते थे। उस समय लोगों में आपस में प्रेम व्यवहार बहुत अच्छा हुआ करता था। कहीं किसी से मन मोटा हुआ तो होली में सब कुछ भूल कर अपने आप गले लगा कर गिले शिकवे दूर कर लेते थे। होली के रंग में रंग जाते थे, ढोल मंजीरा जल करताल मधुर घन और उसमें फगुआ के गीत भी बुजुर्ग भी जवान भी गीत का आनंद लेते थे। लेकिन वर्तमान समय में न तो वह फगुआ गीत ही सुनाई पड़ता है और न ही त्यौहार में वह मिठास। पहले गांव में होली के 15 दिन पहले से ही किसी न किसी के घर पर फगुआ गीत गाने का आयोजन हुआ करता था। वहां लोग जाकर फगुआ गीत गाते थे। ढोल मजीरे की धुन पर देर रात तक फगुआ गीत का आयोजन होता था। फगुआ गीत और जोगीरा सा रा रा भी सुनने को मिलता था लेकिन आधुनिकता की चपेट ने होली पर भी अपना असर डाल दिया है। फगुआ गीत अपनी समाप्ति की तरफ है। अब तो होली का त्यौहार मात्र कोरम पूरा करने तक सीमित है। रंजीत प्रजापति, शिवकुमार प्रजापति, शिव शंकर तिवारी ने बताया कि आज तो डीजे पर अश्लील गीतों का प्रचलन हो गया है।

# विद्युत बिल नहीं जमा किया तो होगा एफआईआर


अधीनस्थों के साथ बैठक करते अभिषेक राय।

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** बिजली विभाग मार्च माह को ध्यान में रखकर मुबारकपुर विद्युत पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की बैठक गुरुवार को अवर अभियंता धीरज पटेल की देखरेख में अभिषेक राय अभियंता की अध्यक्षता में बिजली कालोनी में सम्पन्न हुई। श्री राय ने बताया कि सरकार द्वारा 3 करोड़ 50 लाख रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। इसलिए ज्यादातर बकायेदारों को जमा करने का लक्ष्य निर्धारित कर समयानुसार जमा कराना होगा जिससे उपभोक्ताओं सहित सरकार को लाभ हो। ऐसा नहीं हुआ तो निर्धारित बिजली कटौती से इन्कार नहीं किया जा सकता।

श्री राय ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं की धनराशि 10 हजार से अधिक या कम हो कालोनी में जमा करें। अगर किसी तरह बिल में गलती हो तो समय रहते समाधान करा लें। निर्धारित समय पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिलेंगे। बकायेदार अगर मार्च में बकाया राशि जमा नहीं करते हैं तो कनेक्शन काटने के साथ-ही-साथ मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

## 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री करा लें किसान

**जनसंदेश न्यूज**

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ उठाने के लिए किसान फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। रजिस्ट्री करने की अंतिम तिथि सरकार द्वारा 31 मार्च घोषित की गई है। उक्त आशय की जानकारी सहायक विकास अधिकारी कृषि मार्टिनगंज राघवेंद्र राय ने दी है।

उन्होंने बताया कि ब्लाक के किसान योजना का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री समय से करा लें। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि और फार्मर रजिस्ट्री के लिए सरकार की ओर से अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। जो भी किसान अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके हैं वह किसी भी जनसेवा केंद्र या सीएससी सेंटर पर रजिस्ट्री करा लेंअन्यथा सम्मान निधि से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को तमाम तरह की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# अधिक से अधिक उद्योग के लिए ऋण स्वीकृत करें बैंकः जीएस नवीन कुमार

## शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाय फार्मर रजिस्ट्री का कार्य

**आजमगढ़।** सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग/नोडल अधिकारी जीएस नवीन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्राथमिकता के बिंदुओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने सभी बैंक के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक उद्योग के लिए ऋण स्वीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कमियों को दूर करते हुए अधिक से अधिक लोन स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि निरस्त होने वाले आवेदनों को दोबारा आवेदन कराया जाए। उन्होंने एक्सिस बैंक, एसबीआई, पीएनबी, यूनियन बैंक आफ इंडिया तथा अन्य बैंकों को निर्देश दिया कि आवेदनों को कम से कम निरस्त करें तथा युवा व्यवसाइयों को लोन स्वीकृत करते हुए सरकार की मंशा को सुनिश्चित करें। उन्होने सेतु निगम द्वारा आजमगढ़ गोरखपुर जोड़ने वाले महुला गढ़वल बांध को पूर्ण करने के लिए रिवाइज स्टीमेट शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। नहरों की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने सिल्ट सफाई एवं टेल फीडिंग कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा निमार्णाधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज देवगांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़सरा खालसा तथा कंधरापुर थाना परिसर में आवासीय भवन को तत्काल पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, कार्यदायी संस्थाओं से निमार्णाधीन परियोजनाओं की सूची लेकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता चेक करते हुए निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष समय सीमा के अंदर शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।

### ट्रक की टक्कर से दो बच्चों की मौत

**पटवध (आजमगढ़)।** सिधारी थाना अंतर्गत बुधवार की शाम सर्फुद्दीनपुर में एक साइकिल पर जा रहे दो बच्चों की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों बच्चे एक ही साइकिल से कहीं जा रहे थे। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रक की टक्कर से अंकित यादव 9 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी अर्पित सिंह 12 वर्ष निवासी देवगांव हाल पता सर्फुद्दीनपुर को गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा ट्रामा सेंटर पर भर्ती कराया गया जहां गुरुवार की सुबह उसकी भी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

# एक-दूसरे से गले मिलकर मनाएं होली का त्योहारः एसडीएम

**बैठक**

**खलल डालने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को संबोधित करते एसडीएम अतुल कुमार गुप्ता।

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना परिसर में गुरुवार को एसडीएम निजामाबाद अतुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में गले मिलकर अमन चैन के साथ होली का त्यौहार मनाएं। किसी प्रकार की परेशानी महसूस होने पर अपने स्थानीय पुलिस या खुद हमारे नंबर पर संपर्क करें। हर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

सीओ फूलपुर अनिल कुमार ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कस्बे में कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर पुलिस की नजर रहेगी। थाना प्रभारी सरायमीर यादवेन्द्र पांडेय ने कहा कि आप सभी लोग आपस में मिलकर होली का त्योहार मनाएं, सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। यदि किसी को यह लगेगा कि किसी व्यक्ति द्वारा त्योहार में खलल डालने की कोशिश की जा रही है तो तुरंत हमारे पर्सनल नंबर या पीआरबी नंबर पर फोन कर सूचना दें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह का अभियान चलेगा जिसमें प्रेसर हार्न, तीन सवारी, तेज गति से चलने पर गाड़ी को सीज कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर तहसीलदार निजामाबाद, राजस्व निरीक्षक राकेश पांडेय, जेई सुनील तिवारी, सुजीत बनवाल, धीरज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष, शैलेश प्रजापति, संदीप अस्थाना, महमूद हसन, मोहम्मद आरिफ, अखिलेश कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### होली और रमजान पर प्रशासन मुस्तैद

**जनपद में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था**

**3630 जगहों पर होगा होलिका दहन**

**पटवध (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने चल रहे रमजान के त्योहार और हिंदुओं के आगामी त्योहार होली को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्यूआरटी तथा पीएसी के जवानों के साथ जनपद की पुलिस को मुस्तैद किया है। आगामी 13 और 14 मार्च को पड़ने वाले होलिका दहन और होली के त्योहार को देखते हुए जनपद को 3 जोन और 8 सेक्टर में बांटा गया है। पूरे जनपद में 1811 ग्राम पंचायतों तथा 16 नगर निकायों में कुल मिला कर 3630 जगहों पर होलिका दहन की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थानों और कोतवाली को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गांव से लेकर शहर तक होलिका सुरक्षा समिति का गठन करने के लिए आदेशित किया गया है। जिसमें एक ग्राम पंचायत में 10 लोगों की समिति बनाई जाएगी। जनपद में कुल होलिका दहन के 194 स्थानों को अति संवेदनशील तथा 200 स्थानों को संवेदनशील किया गया है। बसंत पंचमी से ही होलिका दहन होने वाले स्थान पर रेंड़ का पेड़ लगाकर लकड़ी, उपले,सरपत इकट्ठा करना शुरू हो गया है। इसके लिए जनपद के समस्त थानों और कोतवाली में शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। प्रशासन अपनी पूरी व्यवस्था के साथ मुस्तैद है। अवांक्षित तत्वों पर विशेष निगरानी करते हुए पुलिस की गस्त चलती रहेगी जिससे त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

# महाकुंभ में न पहुंच पाने वालों को प्रशासन ने उपलब्ध कराया संगम का जल

**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद में किन्हीं कारणों से जो भी श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में स्नान नहीं कर सके, उन्हें संगम का जल जिले में ही उपलब्ध कराया गया। फायर ब्रिगेड के वाहन से आए इस जल का वितरण गुरुवार को सुबह पुलिस लाइन परिसर में किया गया।


संगम का जल वितरित करते एसपी हेमराज मीना।

प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के सफल समापन के उपरान्त मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में जनपद के जो श्रद्धालु, पुलिस तथा प्रशासन कर्मी विभिन्न कारणों से प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान का लाभ प्राप्त नहीं कर सके थे उन श्रद्धालुओं के लिए त्रिवेणी संगम, महाकुंभ-2025 प्रयागराज का पवित्र अमृत जल अग्निशमन विभाग के माध्यम से जनपद लाया गया है। जिसका वितरण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने किया। सबसे पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया, इसके बाद अमृत जल का वितरण किया गया। इस दौरान अमृत जल लेने के लिए श्रद्धालु अपना-अपना जल पात्र साथ लाकर पुलिस लाइन्स पहुंचे थे।

एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वह लोग जो प्रयागराज में स्नान करने नहीं जा पाए थे, उन्हें आज अमृत जल का वितरण किया गया। साथ ही जो पुलिस कर्मी या प्रशासन के कर्मचारी अधिकारी किन्हीं कारण से प्रयागराज नहीं जा सके थे उनके लिए भी अमृत जल का वितरण किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

**बोले अमरजीत यादव**

**बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी**

**जनसंदेश न्यूज**


खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते अमरजीत यादव।

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में बालक बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि सुविधाओं एवं संसाधनों के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी वास्तविक खेल प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

अमरजीत यादव ने कहा कि जब तक खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेगी तब तक ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को तराशना बहुत बड़ी चुनौती है। सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जाती है वह सब सिर्फ कागजों एवं भाषणों में सिमट कर रह जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब तक हर ग्राम सभाओं में खेल मैदान व हर ब्लॉक स्तर पर एक खेल स्टेडियम का निर्माण के साथ ही खिलाड़ियों की सुविधा हेतु खेल उपकरण उपलब्ध नहीं होते हैं तब तक देश में खेल एवं खिलाड़ियों की दुर्दशा दूर नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि आजमगढ़ में एक भी खेल छात्रावास नहीं है। अगर वाराणसी, प्रयागराज, अमेठी, मेरठ, लखनऊ, गोरखपुर आदि जनपदों में खेल छात्रावास हो सकता है तो आजमगढ़ में क्यों नहीं। इसके जिम्मेदार सरकार के साथ-साथ जनपद के सांसद विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भी हैं। राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि आजमगढ़ में हर ब्लाक भगत सिंह खेल एकेडमी चलाकर बालकों के साथ बालिकाओं को भी कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स आदि खेलों से जोड़कर खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया आरके पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**आयोजन**

**इंगलिश स्पोकेन प्रतियोगिता में सफल बच्चों को किया गया पुरस्कृत**

**नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रोग्रामों की प्रस्तुति**

**जनसंदेश न्यूज**


सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत करती विद्यालय की छात्राएं।

**तरवा (आजमगढ़)।** मेंहनगर तहसील क्षेत्र के आरके पब्लिक स्कूल कटहन सिंहपुर में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी मेंहनगर श्वेतांक सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बेहद ही आकर्षक सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, विद्यालय गीत, नाटक, नृत्य, और कवि सम्मेलन द्वारा लोगों को आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय में कड़े अनुशासन के साथ-साथ अच्छी शिक्षा प्रदान की जाती है जिससे आने वाले समय में बच्चों का भविष्य उज्ज्जवल हो सके। समय-समय पर प्रतियोगी परीक्षाएं भी कराई जाती हैं।ताकि आने वाले समय में बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में आसानी से सफलता प्राप्त कर सकें। विद्यालय में इंग्लिश स्पोकेन की एक प्रतियोगिता पिछले दो महीनों से चल रही थी जिसमें टाप तीन विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ-साथ दो और विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी ने बताया कि इस सांस्कृतिक प्रोग्राम को देखकर अपने बचपन की याद आ गई इसमें हम लोग भी कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करते थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग भी लेते थे। इससे विद्यार्थियों के अंदर प्रतिभाएं निखरती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जयप्रकाश श्रीवास्तव,उप प्रधानाचार्य शैलेंद्र प्रसाद, प्रशासनाधिकारी संजय सिंह,सलाहकार ब्रजेश सिंह, रामपाल सिंह, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार, रामदास प्रजापति, दिलराज यादव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक से टकराई बाइक, तीन छात्र घायल, दो लोग गंभीर

**हादसा**

### सलखन बाजार में हुई दुर्घटना, बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे बाइक सवार

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सलखन बाजार में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बाइक ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में तीन छात्र घायल हो गये। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दो गंभीर छात्रों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बताया गया कि अंगद पुत्र छविंद्र, सूरज पुत्र रामसूरत, शुभम पुत्र वीरेंद्र जायसवाल गुरुद्वारा में इंटर की पढ़ाई कर रहे थे और गुरुवार को बोर्ड परीक्षा देने के लिए राजा बलदेव दास बिरला सन घाटी इंटर कॉलेज सलखन जा रहे थे। इस बीच बाइक ट्रक से टकरा गयी। जिससे तीनों घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी चोपन भेजा गया। जहां सूरज व शुभम की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना की खबर लगते ही परिजन अस्पताल पहुंच उपचार कराने में जुटे रहे।



दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़

## यूपी बोर्ड : सातवें दिन 655 छात्र रहे अनुपस्थित

सोनभद्र। यूपी बोर्ड परीक्षा के सातवें दिन जिले के परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रथम पाली में जीआईसी गुरमुरा स्थित एक केंद्र पर संगीत गायन विषय की परीक्षा हुई। जिसमें सभी छह पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में 75 केंद्रों पर इंटर के भौतिक विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान और तर्कशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 12256 में से 11601 छात्रों ने परीक्षा दी और 655 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल की घटना नहीं हुई। कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराने के लिए गठित सातों सचल दस्ता अलग-अलग केंद्रों पर भ्रमण करती रही। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों व स्ट्रॉन्ग रूम का ऑनलाइन मॉनिटरिंग जिले पर स्थित कमांड एंड कंट्रोल रूम कार्मिकों द्वारा किया जाता रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि सात सचल दस्ता टीम गठित है और एक टीम जिले पर रिजर्व भी रखा गया है।

## फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव

**रेणुकूट।** पिपरी नगर पंचायत क्षेत्र के न्यू मार्केट निवासी एक नवविवाहिता ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पिपरी थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि आस्था पत्नी कुश निवासी न्यू मार्केट की शादी चार दिन पूर्व शक्तिनगर स्थित ज्वाला मुखी मंदिर में हुई थी। लड़की मध्य प्रदेश के बैढ़न की रहने वाली थी। चार दिनों तक सब कुछ सामान्य चल रहा था। गुरुवार की सुबह जब विवाहिता के कमरे को खटखटाया गया तो दरवाजा नहीं खुला। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो घर वालों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव एसबेस्टस सीट के लिए लगे पाइप के सहारे लटक रहा था। विवाहिता के पति कुश व परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था और लड़की की छोटी बहन भी उसके साथ में ही आई थी। वह भी घर में ही मौजूद थी। बावजूद उसने कैसे और किन परिस्थिति में फांसी लगा ली, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरु कर दी। घटना की सूचना उसके मायके वालों को दे दी गई है।

## संक्षेप

### डिजिटिजेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट प्रथम



**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डिजिटाइजेशन एंड ऑटोमेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टीमों को डिजिटाइजेशन एवं ऑटोमेशन के द्वारा कार्यों को कैसे और सुरक्षित तथा सुगम बनाने पर प्रस्तुतिकरण देना था। प्रतियोगिता के निर्णायक योगेन्द्र सिंह, हिमांशु रंजन, महेश मांगरे एवं मधुस्मिता साहू के सम्मुख सभी टीमों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के आधार पर निर्णायकों ने रिडक्शन प्लांट के फराज खान, अंजली मिश्रा, मनीष ठाकुर की टीम का चयन प्रथम पुरस्कार के लिए किया, जबकि अल्युमिना प्लांट के सुनील कुमार सिंह, संजय कुशवाहा व प्रियांश सिंह की टीम ने द्वितीय और फैब्रिकेशन प्लांट के अनामिका, अनंत व दीपक सेन की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन हरेन्द्र सिंह ने एवं विजेताओं की घोषणा सेफ्टी हेड जयश्री तिवारी ने किया।

### आर्म्स ऐक्ट के दोषी भीम पासवान को 10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** करीब 18 वर्ष पूर्व अनपरा पुलिस द्वारा स्टेनगन और कारतूस के साथ गिरफ्तार किए गए भीम पासवान के मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी भीम पासवान को 10 वर्ष की कठोर कैद व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थानाध्यक्ष रामदयाल चौहान 18 जून 2007 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में निकले थे कि मुखबिर खास के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति मध्यप्रदेश की ओर असलहा और कारतूस लेकर जा रहा है। अगर मौके पर पहुंचा जाए तो वह पकड़ा जा सकता है। इसपर पुलिस बल पहुंचा तो पुलिस को देखकर जंगल झाड़ी की ओर भागने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से स्टेनगन और 10 कारतूस बरामद हुआ। जिसे रखने का उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम पता भीम पासवान पुत्र मुरली पासवान निवासी बुटबेढ़वा, विंढमगंज, सोनभद्र बताया। इस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर भीम पासवान पुत्र मुरली पासवान निवासी बुटबेढवा, विंढमगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

### बीडीओ ने किया पीएम आवास सर्वे का निरीक्षण



**म्योरपुर।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम परनी में गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी लालजी शुक्ला ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस सर्वे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अखिलेश दुबे लाभार्थियों का सर्वे करते पाए गए। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम परनी की कुल जनसंख्या 2281 है और छह मार्च तक 231 पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जा चुका है, शेष लाभार्थियों का सर्वे किया जा रहा है। इस दौरान 15 से 20 पात्र परिवार उपस्थित रहे। जिन्हें खण्ड विकास अधिकारी द्वारा इस योजना की पात्रता एवं अपात्रता के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। साथ यह भी बताया कि यदि कोई भी बिचौलिया आवास सर्वे के लिए या आवास दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग करता है तो ग्राम पंचायत विकास अधिकारी या खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को इसके बारे में सूचित करें। इस मौके पर एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह, अखिलेश कुमार दुबे, जगनारायण कनौजिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### गर्भवती, धात्री महिलाओं को मिले दस हजार की सहायता

**सोनभद्र।** जनपद में 20 फीसदी गर्भवती महिलाओं के हाई रिस्क श्रेणी में होने और बड़ी संख्या में एनीमिक होने के आए आंकड़ों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए युवा मंच ने सरकार से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार के लिए 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने और आईसीडीएस के आंगनबाड़ी केन्द्रों को कुपोषण दूर करने के लिए मजबूत करने की मांग की है। युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि जनपद में अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 54249 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 10294 में गर्भवती महिलाएं उच्च जोखिम की श्रेणी में है। इसमें सर्वाधिक महिलाएं 2061 म्योरपुर की है। इसी प्रकार 3594 गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर गंभीर रूप से बेहद कम है और इसमें भी सर्वाधिक संख्या म्योरपुर की 888 है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बावजूद जिले में यह भयावह स्थिति है। इसलिए आवश्यकता है कि पौष्टिक भोजन देने की सलाह देने के साथ कम से कम 10 हजार रुपए गर्भवती व धात्री महिलाओं को सरकारी सहायता दी जाए, ताकि वह कुपोषण से मुक्त हो सकें। आमतौर पर लोगों में हीमोग्लोबिन का स्तर बेहद कम रहता है। इसलिए आंगनवाड़ी पर केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त पोषण आहार महिलाओं और बच्चों को दिया जाए। बताया कि जिला अस्पताल को छोड़कर जनपद में किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं है। घोरावल, चोपन व म्योरपुर में महिला डॉक्टर और अन्य जगह एएनएम से काम चलाया जा रहा है। मांग किया कि जिले की हर सीएचसी पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की जाए।

### कुंभ से लौटे संतों का किया गया स्वागत



**सोनभद्र।** संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में गुरुवार को महाकुंभ स्नान से लौटे संतों का स्वागत किया गया। आरआई आलोक यादव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने साधुओं का पैर धोया। इसके बाद उन्हें फलाहाकर कराकर अंगवस्त्र देकर उनका आशीर्वाद लिया। बाबा लाल गिरी के नेतृत्व में संतों की टोली कुंभ स्नान कर डाला स्थित वैष्णो देवी दर्शन को आयी थी। वापस वृंदावन जाते समय परिवहन कार्यालय पहुंचे संतों का कर्मचारियों ने स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया।

# अस्पताल में वीडियो बना किया वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर स्थित एक निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा संचालित अस्पताल में विवाद होने पर अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ने एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दिया। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

शिकायती पत्र में अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी आशीष रंजन ने बताया कि नगर की एक महिला को चोट लगने पर अस्पताल लाया गया, चिकित्सा टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद नगर निवासी विजय प्रताप सिंह बगैर अनुमति के अस्पताल में घुस आए और आपातकालीन विभाग समेत अन्य वार्डों में फोटो व वीडियो बनाने लगे। सुरक्षा गार्डों द्वारा रोकने के बावजूद उन्होंने अपनी हरकतें जारी रखीं और अस्पताल कर्मचारियों को धमकी भी दी।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि बनाई गई वीडियो को सोशल साइट पर वायरल किया गया, जिससे लोक शांति भंग होने की संभावना बढ़ गई। वीडियो में गलत आरोप लगाते हुए कहा गया कि मरीज का समुचित इलाज नहीं किया गया, जबकि वास्तविकता में मरीज को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की गई थीं।

अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मरीज को इलाज में सौ प्रतिशत छूट देते हुए एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई गई थी। इस मामले में विजय ने बताया कि एम्बुलेंस देने की बात सरासर गलत है। एंबुलेंस उनके आग्रह पर पिपरी नगर पंचायत चेयरमैन दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा भेजी गई। जिससे मरीज को मध्य प्रदेश के बैढ़न स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन ने पिपरी थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपों के सत्यता की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गया प्रसाद बने हाएयू इंटक शाखा अध्यक्ष

**ओबरा।** हाइड्रोइलेक्ट्रिक एंप्लाइज यूनियन इंटक शाखा का चुनाव यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी राम निवास त्यागी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष हरदेवनारायण तिवारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। चुनाव में संरक्षक मंडल में हरदेवनारायण तिवारी, विंध्याचल, सतीश कुमार हैं। इस दौरान अध्यक्ष गया प्रसाद को चुना गया, कार्यवाहक अध्यक्ष संत विजय चंद्रा बनाए गए। उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, दयाशंकर, मुन्ना खान, सत्य प्रकाश सत्यार्थी, राजीव दुबे को महामंत्री बनाया गया। कोष की जिम्मेदारी सतेंद्र प्रसाद को दी गई। वहीं प्रदीप कुमार पांडेय को मंत्री, इंद्रजीत को संयुक्त मंत्री, मोहम्मद हेशाम अहमद, अशोक पांडेय को संगठन मंत्री, वाहिद खान, सभाजीत वर्मा, गुद्न प्रसाद, अर्जुन प्रजापति, अरविंद कुमार यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया है।

## एकलव्य परीक्षा पास कर अभिषेक, लकी ने बढ़ाया मान

**सोनभद्र।** चोपन विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बिल्ली मारकुंडी के पांचवीं के छात्र अभिषेक कुमार और लकी ने एकलव्य प्रवेश परीक्षा पास किया है। दोनों बच्चे बिल्ली गांव के ही रहने वाले हैं। बच्चों के उत्तीर्ण होने से परिजनों में हर्ष हैं। अभिभावकों का कहना है कि परिषदीय विद्यालयों में अब पठन पाठन गुणवत्तायुक्त होने लगा है, इसी के चलते बच्चों ने परीक्षा पास की है।

# सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार : एडीएम

**बैठक**

### होली, ईद सकुशल संपन्न कराने को लेकर अपर जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं के साथ की बैठक

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में होली पर्व को परस्परिक सहयोग, सौहार्द के साथ मनाये जाने एवं रमजान/ईद के दौरान विधि व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी धर्मगुरूओं की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान होली पर्व व माह रमजान को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय हेतु विचार विमर्श किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने होली पर्व के मद्देनजर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च को तथा 14 को रंग भरी होली होगी। ऐसे स्थलों पर जहां पर लोग अधिक संख्या में एकत्रित होते हैं, वहां संभावित घटनाओं का पूवार्नुमान लगाया जाना और किसी घटना के घटित होने पर नियंत्रण हेतु तत्परता पूर्वक प्रभावी कार्यवाही करना आवश्यक होता है। उल्लेखनीय है कि विधि एवं शांति व्यवस्था के अन्तर्गत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-144 जिले में प्रभावी है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान लोक प्रशान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से स्थैतिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर प्रत्येक दशा में अपने क्षेत्रों में विधि एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। जनपद में होली के त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि नगर पालिका क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था व जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये एवं विद्युत की आपूर्ति भी निरन्तर बनायी रखी जाये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, मुख्य चिकित्साधिकरी डा. अश्वनी कुमार, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, धर्मगुरूगण समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते एडीएम

# निपुण बच्चों को किया गया सम्मानित

**कार्यक्रम**

### डायट परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सदर विकासखंड के उरमौरा स्थित डायट परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम बद्रीनाथ सिंह, पूर्व सांसद रामशकल और विशिष्ट अतिथि जागृति अवस्थी ने कक्षा एक और दो के निपुण बच्चों को सम्मानित किया। पुरस्कार पाते ही बच्चों के चेहरे खिल गये।

डीएम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। डीएम ने डीआईओएस जयराम सिंह और बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय से शासन के मंशानुरूप बच्चों को दिए जा रहे शिक्षा के बारे में जानकारी ली। बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास व पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में एक तरफ कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिवार की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना व मनमोहक नृत्य ने समां बाधा। एसआरजी संजय मिश्र, हृदेश कुमार सिंह ने निपुण भारत मिशन व राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उद्देश्यों, प्री प्राइमरी शिक्षा में राज्य के प्रयासों सहित स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम तो आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही बच्चों को तकनीकी शिक्षा के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। कंपोजिट विद्यालय तेलजर विकासखंड म्योरपुर के शिक्षक शंभूनाथ द्वारा बच्चों के मन, विचार व कल्पनाओं पर आधारित पुस्तक किंचित बालमन का विमोचन सांसद समेत अतिथियों द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नगवां ने नई शिक्षा नीति व स्कूल रीडीनेस प्रोग्राम सहित आयु वर्ग तीन से छह वर्ष के बच्चों के तकनीकी पूर्ण पठन-पाठन पर विचार रखा। कार्यक्रम के संयोजक व जिला समन्वयक जय किशोर वर्मा द्वारा जनपद को निपुण बनाए जाने संदर्भित समीक्षात्मक व्याख्या करते हुए शिक्षकों, अभिभावकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आवाहन किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी धनंजय सिंह, महेंद्र मौर्य, बृजेश सिंह, प्रेम शंकर राम, लोकेश मिशा, अरविन्द पाठक, जय किशोर वर्मा, अवधेश भारती आदि मौजूद रहे।



बच्चों को सम्मानित करते अतिथिगण

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**सोनभद्र।** जनसुनवाई के क्रम में एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन में गुरुवार को जनता दर्शन में आये फरियादियों की शिकायतों को सुन शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनायें, ताकि पीड़ित को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा थाना परिसर में जनसुनवाई करते हुए शिकायतों को सुन निस्तारण का भरोसा दिया।

# सी परियोजना की दूसरी इकाई ग्रिड पर समकालित

**ओबरा।** बीते 22 दिसम्बर 2016 को प्रारम्भ हुए 660 मेगावाट क्षमता की दो सी परियोजना के निर्माण कार्यों के अन्तर्गत सी परियोजना की इकाई संख्या दो को गुरुवार को ग्रिड से तेल एवं कोयले पर समकालित कर लिया गया। बताया गया कि इसके पूर्व इस इकाई का ब्वायलर हाइड्रो टेस्ट बीते 30 मार्च, 2024 को तथा ब्वायलर लाईट-अप 31 मार्च 2024 को कर लिया गया था। कोरोना महामारी के कारण विलम्बित हुई सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु शासन तथा निगम मुख्यालय स्तर से नियमित अनुश्रवण किया जा रहा था। समकालन के समय इं अजीत कुमार तिवारी सलाहकार तकनीकी, इं आरके अग्रवाल मुख्य महाप्रबन्धक, इं. एसके सिंघल महाप्रबन्धक सी, इं वाईके गुप्ता महाप्रबन्धक कोयला संचालन, मेसर्स दूसान पावर इण्डिया प्रा.लि के इं. चो एवं मेसर्स जी.ई. के इं प्रवीण कुमार के साथ ओबरा सी परियोजना तथा मेसर्स दूसान पावर इण्डिया प्रा.लि.एवं मेसर्स जी.ई. के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इकाई का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से इकाई का भार धीरे-धीरे बढ़ाते हुए इकाई को अगले सप्ताह तक पूर्ण क्षमता पर परिचालित कर लिया जायेगा। मुख्य महाप्रबन्धक इं. आरके अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि निगम एवं दूसान तथा उसके वेण्डरों के इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और सभी संबंधित कर्मचारियों के निरंतर परिश्रम और प्रतिबद्धता का परिणाम है।

महत्वपूर्ण मील के पत्थर के साथ हम विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति की दिशा में एक कदम आगे बढ़े हैं। यह उपलब्धि न केवल ऊर्जा क्षेत्र में हमारी क्षमता को दर्शाती है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में हमारे योगदान को भी सुदृढ़ करती है। कहा कि सी की इकाई संख्या एक बीते 9 फरवरी, 2024 से वाणिज्यिक भार पर परिचालित है। इकाई संख्या दो के परिचालित हो जाने से प्रदेश को 660 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध होने लगेगी तथा परियोजना विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में पुनः अपने स्वर्णित इतिहास को दोहरायेगी।

## धोखाधड़ी कर चार लाख 24 हजार ऋण लेने में दो गिरफ्तार

**ओबरा।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर जनपद में अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने गुरुवार को धोखाधड़ी कर कृषि ऋण लेने वाले दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर परसोई गांव के तिराहा से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपी राम केवल गुज्जर पुत्र सुबे लाल निवासी नदहरी, ओबरा तथा संतोष कुमार पुत्र स्व दुनिया प्रसाद निवासी परसोई टोला, खैरटिया, ओबरा के खिलाफ मामला दर्ज था। बताया कि गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पीड़ित की खतौनी में फर्जी तरीके से गजाधर पुत्र रामसुंदर का नाम दर्ज कराया और उसके नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर इंडियन बैंक शाखा अनपरा से चाार लाख 24 हजार रुपए का कृषि ऋण लिया था। धोखाधड़ी पूरी तरह से योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। टीम में राम सिंह यादव, पंकज पाल, श्रवण कुमार शामिल रहे।

# एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत हुए राजीव अकोटकर

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक के रूप में राजीव अकोटकर पदोन्नत हुए। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, यूनियन एवं एसोसिएशन और कर्मचारियों द्वारा राजीव अकोटकर का अभिनंदन किया गया।

राजीव ने एनटीपीसी में अपनी करियर यात्रा की शुरूआत सन् 1989 में की। उन्होंने एनटीपीसी विंध्याचल में 1990 से लेकर सितंबर 2010 तक ऑपरेशन विभाग में एवं अक्टूबर 2010 से अगस्त 2018 तक एनटीपीसी विंध्याचल में अपर महाप्रबंधक के पद पर ऐश हैंडलिंग विभाग में सेवाएं दी। अगस्त 2018 में उन्हें एनटीपीसी नबीनगर में फ्यूल मैनेजमेंट पीजीसीएल में स्थानांतरित किया गया, जहां उन्होंने 2021 तक अपनी सेवाएं दीं।

अक्टूबर 2021 को वे एनटीपीसी सोलापुर में ऑपरेशन और मेंटेनेंस विभाग में नियुक्त हुए, जहां उन्होंने फरवरी 2023 तक कार्य किया। उनकी कार्यशैली और तकनीकी जानकारी ने उन्हें संगठन में एक विश्वसनीय और सम्माननीय पद तक पहुंचाया।

विशेष कार्य क्षमताओं एवं कुशल नेतृत्व कला की वजह से एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा राजीव अकोटकर को एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया। अकोटकर ने कहा कि यह सफलता सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि उन सभी का प्रयास है जिन्होंने मुझे मार्गदर्शन दिया और मेरे साथ काम किया।

उन्होंने एनटीपीसी के कोर वैल्यूस, मिशन तथा विजन पर भी नजर डालते हुए सभी को संगठित होकर भविष्य की नई चुनौतियों के प्रति दृढ़ता एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनकी यह प्रेरक यात्रा युवा पीढ़ी के लिए एक उदाहरण है कि सफलता पाने के लिए मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करना महत्वपूर्ण होता है।



कार्यकारी निदेशक का अभिनंदन करते एनटीपीसी कर्मी

## बच्चों को स्कूल भेजने पर जोर

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज विकासखंड के बहुआर न्याय पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भुराईनटोला प्रांगण में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि एआरपी आशा भारती ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस क्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके अलावा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों को मजबूती प्रदान करना हम सभी का लक्ष्य है। शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर परिषद के शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी से अवगत कराएं। राष्ट्र निर्माण हेतु भावी पीढ़ी का सृजन करने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। मुख्य अतिथि ने अभिभावकों से अपील किया कि इस मुहिम में वे शिक्षकों का सदैव साथ दें और बच्चों को निरंतर समय से विद्यालय भेजें। उषा रानी ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप शिक्षक बच्चों को निपुण बनाने में हर संभव कोशिश कर रहे हैं। संचालन शिक्षा मित्र मेनका देवी ने किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुनीता देवी , विनोद कुमार, शुभ लाल ,मंजू बिंदु समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# रासलीला : सुदामा चरित्र का मंचन देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

**सोनभद्र।** रासलीला समिति द्वारा नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय रासलीला के आठवें दिन कलाकारों ने महारास के साथ भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का नृत्य के माध्यम से मार्मिक मंचन किया। कलाकारों ने दिखाया कि बाल्यकाल में सुदामा उज्जैन नगरी स्थित शांति वन गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पैर में कांटा गड़ गया। इस पर वे दर्द से चीखने लगे। उसी रास्ते से होकर भगवान कृष्ण भी गुरुकुल शिक्षा ग्रहण करने जा रहे थे। सुदामा को मुसीबत में देख उन्होंने उनके पांव से कांटा निकाला और जड़ी बूटी लगाई। इसके बाद दोनों मित्र बन गए। गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान सुदामा अपना पाठ भूल गए। गुरु द्वारा पूछे जाने के बाद उन्होंने पाठ नहीं सुनाया। इस पर गुरु ने उन्हें जंगल जाकर लकड़ी लाने को कहा। मित्र को मुसीबत में देख भगवान भी अपने याद किए पाठ को भूलने का नाटक कर बैठे। इस पर क्रोधित गुरु ने उन्हें भी सुदामा के साथ जंगल से लकड़ी लाने का आदेश दिया। भूख लगने पर खाने के लिए सुदामा को दो मुट्ठी चने दिए। जंगल में कृष्ण लकड़ियां लाने चले गए। उसी समय सुदामा को भूख लगी और उन्होंने पूरा चना खा लिया। लकड़ी लेकर लौटे कृष्ण ने भूख लगने पर सुदामा से चने मांगे तो सुदामा ने सच सच बता दिया। इस पर भगवान ने उन्हें श्राप दिया कि हक पराया खाय के, यही मिलेगी सीख, हो दरिद्री आज से दर दर मांगे भीख। पढ़ाई पूरी करने के बाद श्रीकृष्ण मथुरा के राजा बन गए और सुदामा भिखारी। एक समय आया कि सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। देने के लिए कुछ नहीं था तो वे अपने साथ कच्चा चावल ले गए। सुदामा को देख श्रीकृष्ण अति प्रसन्न हुए। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर जब उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। रासलीला का समापन द्वारकाधीश की दिव्य आरती के साथ हुई। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, कृष्णमुरारी गुप्ता, पवन जैन, अशोक श्रीवास्तव, प्रमोद गुप्ता, डा. अशोक, डा. चन्द्रभूषण देव, उमेश केशरी, मनीष सोनकर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



रासलीला मंचन करते कलाकार

# स्पोर्ट्स



इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलत हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच।

# फाइनल खिताबी मुकाबले में 25 साल बाद भिड़ेंगी दोनों टीमें, भारत का पलड़ा भारी

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को खेला जाएगा। दोनों टीमें 25 साल बाद इस टूनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। साल 2000 के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर खिताब जीता था। फाइनल 9 मार्च यानि दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं भारत का पलड़ा भारी नजर आता दिख रहा है।

भारत ने अपने सभी मैच इसी मैदान पर खेले और सभी जीते। दूसरी ओर न्यूजीलैंड को टूनामेंट में इकलौती हार भारत के खिलाफ ही मिली। यह हार दुबई के मैदान पर ही ग्रुप स्टेज में मिली थी। वहीं टीम इंडिया ने 20 फरवरी को अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ मैच से की। बांग्लादेश पहले खेलते हुए 228 रन ही बना सका। भारत ने शुभमन गिल की सेंचुरी के दम पर 47वें ओवर में मैच जीत लिया। वहीं भारत ने दूसरा मैच 23 मार्च को पाकिस्तान के खिलाफ खेला। पाकिस्तान पहले खेलते हुए 241 रन ही बना सका। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 43वें ओवर में ही मैच जीत लिया। कोहली ही प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। 4 मार्च को भारत का सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया से हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 264 रन बनाए। स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी ने फिफ्टी लगाई। भारत ने पावरप्ले में ही 2 विकेट गंवा दिए, यहां विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ पारी संभाल ली।

विराट ने संभलकर बैटिंग की, 56 सिंगल और 5 चौके लगाकर 84 रन बनाए। उन्होंने श्रेयस के साथ 91 रन की पार्टनरशिप की। आखिर में अक्षर पटेल, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या ने अहम पारियां खेलकर टीम को 49वें ओवर में जीत दिला दी। वहीं न्यूजीलैंड ने अपने अभियान की शुरूआत मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग मैच में ही की। टॉम लैथम के शतक के दम पर टीम ने 5 विकेट खोकर 320 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान 260 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। वहीं कीवी टीम का दूसरा मैच रावलपिंडी में बांग्लादेश से हुआ। बांग्लादेश ने 9 विकेट खोकर 236 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल ने महज 26 रन देकर 4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र के शतक के दम पर 47वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम ने 5 विकेट ही गंवाए।




**भारत न्यूजीलैड को हराकर सेमीफाइनल में किया था प्रवेश, अभी तक नहीं हारी है एक भी मैच**

**साल 2000 के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर खिताब जीता था**

न्यूजीलैंड का सेमीफाइनल लाहौर में साउथ अफ्रीका से हुआ। टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। रचिन रवींद्र और केन विलियमसन के शतक के दम पर टीम ने 6 विकेट खोकर 362 रन बना दिए। आखिर में ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने 49-49 रन की पारियां खेलीं। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने संभलकर शुरूआत की। कप्तान टेम्बा बावुमा और रासी वान डर डसन ने फिफ्टी लगाई। दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। डेविड मिलर ने एक एंड संभाला, लेकिन उन्हें दूसरे एंड से साथ नहीं मिला। उन्होंने सेंचुरी लगाई, लेकिन टीम 312 रन ही बना सकी। भारत और न्यूजीलैंड दूसरी बार इस चैंपियंस ट्रॉफी में भिड़ेंगे। इससे पहले 2 मार्च को दुबई में दोनों का सामना हुआ। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 249 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 79 और हार्दिक पंड्या ने 45 रन बनाए। मैट हेनरी को 5 विकेट लिए।

वहीं 250 रन के टारगेट के सामने धीमी पिच पर न्यूजीलैंड से केन विलियमसन ने 81 रन बनाए। उन्हें दूसरे एंड से किसी भी बैटर का साथ नहीं मिला। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिए और टीम 45.3 ओवर में 205 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अब दोनों टीमें फिर एक बार दुबई में ही खिताब के लिए भिड़ेंगी। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी टूनामेंट के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में 2 विकेट लिए। उन्होंने भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए थे। भारत के मोहम्मद शमी 8 विकेट लेकर दूसरे और वरुण चक्रवर्ती 7 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट 227 रन बनाकर टॉप पर हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र 2 शतक लगाकर 226 रन बना चुके हैं। वे दूसरे नंबर पर हैं। भारत के विराट कोहली 217 रन बनाकर चौथे नंबर पर हैं। फाइनल में इन्हीं 2 बैटर्स के बीच टॉप बैटर बनने की जंग होगी। न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह भी बना ली। टीम ने इससे पहले 2000 और 2009 में फाइनल खेला था। टीम अब दूसरी बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी।

## द्विपक्षीय सीरीज खेलने का फैसला हमारे हाथ में नहीं : बीसीसीआई

**लाहौर।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि दोनो देशों के बीच सीरीज खेलने का फैसला हमारे हाथ में नहीं है। इसबारे में सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसके अनुसार काम करेंगे। शुक्ल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के आमंत्रण पर चैम्पिसंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल खेलने यहां आये हुए थे। इस दौरान स्थानीय मीडिया ने उससे दोनो देशों के बीच सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछे थे। जिनका जवाब देते हुए शुक्ल ने ये बातें कहीं। शुक्ल ने यह भी कहा कि भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए अनुकूल पिचों पर निर्भर नहीं है। इससे पहले कहा जा रहा था कि भारतीय टीम को दुबई में खेलने का लाभ मिल रहा है। शुक्ला ने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारत सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे।


उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है और यह अच्छी बात है। उन्होंने इसका अच्छे से आयोजन किया है। शुक्ला ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के प्रशंसक द्विपक्षीय संबंध फिर से शुरू करना चाहते हैं पर तटस्थ स्थल पर खेलने के विचार पर वह सहमत नहीं दिखे। उन्होंने कहा, यह सच है कि दोनों देशों के प्रशंसक चाहते हैं कि टीमें खेलें, लेकिन बीसीसीआई की नीति रही है कि द्विपक्षीय मैच एक-दूसरे की धरती पर ही होने चाहिए ना कि किसी तीसरे देश में मेरा मानना है कि पीसीबी की भी ऐसी ही नीति होगी। शुक्ला ने आगे कहा, बीसीसीआई की लगातार यही नीति रही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में भी एक प्रावधान है की बोर्ड अपने देश की सरकार की सहमति के अनुसार ही काम कर सकते हैं। उन्होंने सरकार को लेकर कहा, हम अपनी बात सरकार के सामने रखते हैं, लेकिन वे विचार-विमर्श के बाद फैसला करते हैं। जब सरकार कोई फैसला लेती है तो वह कई पहलुओं पर विचार करने के बाद लेती है।

### शुभमन बने एमआरएफ के ब्रांड एंबेसडर



**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के उप-कप्तान शुभमन गिल अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अब दिग्गज कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने शुभमन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। ऐसे में वह भी एमआरएफ के स्टीकर लगे बल्ले से खेलते नजर आयेंगे। एमआरएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि शुभमन गिल अब एमआरएफ ब्रांड से जुड़ने वाले विराट कोहली सहित अन्य प्रमुख क्रिकेटरों में शामिल हो गये हैं। उन्हें हाल ही में आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज के रूप में भी मान्यता मिली है। एमआरएफ ने कहा कि वह लंबे समय से क्रिकेट के विकास से जुड़ा रहा है और ऐसा आगे भी होता रहेगा। शुभमन की यह भागीदारी विराट के साथ कंपनी के पहले से जारी सहयोग के अतिरिक्त होगी। एमआरएफ लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के. एम. मैमन ने कहा, हम शुभमन गिल को एमआरएफ परिवार में शामिल करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी फ्रेड का निधन



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेनिस स्टार फ्रेड स्टोल का निधन हो गया है। फ्रेड 86 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वह दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल विजेता होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की तीन बार डेविस कप जीतने वाली टीमों में शामिल रहे हैं।

टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने कहा कि एक कमेंटेटर के रूप में भी फ्रेड ने अपनी खास जगह बनायी है। टिली ने कहा, ह्यउनकी विरासत उत्कृष्टता, समर्पण और टेनिस के प्रति गहरा प्रेम सभी जानते हैं। फ्रेड ने एक कोच और टिप्पणीकार के रूप में अपने शानदार करियर से खेल में अहम योगदान दिया। स्टोल ने 1965 में फ्रेंच ओपन और 1966 में अमेरिकी ओपन का एकल खिताब जीता था। इसके बाद वह विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंच गए थे। उन्होंने 10 पुरुष युगल और सात मिश्रित युगल जीते हैं।

## बांग्लादेशी विकेट कीपर बल्लेबाज मुशफिकुर ने लिया संन्यास



**ढ़ाका।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खराब प्रदर्शन के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। मुशफिकुर ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया पर की है।

मुशफिकुर ने बांग्लादेश की टीम के सालाना अनुबंधों की घोषणा के ठीक बाद ही खेल को अलविदा कह दिया। इसी के साथ ही उनका दो दशक का करियर समाप्त हो गया। इस क्रिकेटर ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं आज से एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। साथ ही लिखा कि भले ही वैश्विक स्तर पर हमारी उपलब्धियां सीमित रही पर एक बात तो तय हैः जब भी मैं अपने देश के लिए मैदान पर उतरा, मैंने समर्पण और पूरी ईमानदारी के साथ अपन पूरा योगदान दिया। इस टूनार्मेंट में मुशफिकुर के अलावा पूरी टीम का प्रदर्शन भी खराब रहा है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं और मुझे एहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मुशफिकुर ने साल 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना एकदिवसीय प्रारुप में डेब्यू किया था। अब वह इस प्रारूप में सबसे अधिक मैच खेलने वाले बांग्लादेशी खिलाड़ी बन गये हैं। उन्होंने 274 मैचों में 36.42 की औसत से 7,795 रन बनाए हैं, जिसमें 144 रन उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसक अलावा उनके नाम नौ शतक भी हैं। उन्होंने 243 कैच लिए और 56 स्टंपिंग भी की हैं।

## आईसीसी रैंकिंगः वरुण ने छलांग लगायी, रोहित पिछड़े



**दुबई।** भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 100 खिलाड़ियों में पहुंच गये हैं। वरुण को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन का लाभ मिला है और उन्होंने लंबी छलांग लगाते हुए 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, वरुण के अलावा स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी रैंकिंग में ऊपर आये हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण बल्लेबाजी रैंकिंग में पिछड़े हैं। वरुण 143 पायदान की छलांग लगाकर अब 97वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

वरुण ने चैम्पियस ट्रॉफी 2025 में अब तक 2 मैच खेले, जिसमें 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में यह 5 विकेट लिए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 2 विकेट हासिल किए थे।दूसरी ओर बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली को एक पायदान का फायदा हुआ है और वो चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 2 पायदान नीचे आकर पांचवें नंबर पर फिसल गए हैं। विराट इस ने चैम्पियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 72.33 के दमदार औसत से 217 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाये थे।

रोहित की फॉर्म अच्छी नहीं रही है। उन्होंने अब तक 4 मैच खेले, जिसमें 26 के बेहद खराब औसत से 104 रन बनाए। शीर्ष -10 बल्लेबाजों में शुभमन, कोहली औ? रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर भी शामिल हैं। श्रेयस एक पायदान ऊपर आकर 8वें नंबर पर आ गए हैं। दूसरी ओर ऑलराउंडरों की बात करें तो शीर्ष दस में केवल भारत के रविन्द्र जडेजा है। जडेजा को नौवां स्थान मिला है। वहीं भारतीय टीम के अक्षर 17 स्थान ऊपर आकर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## बुमराह के नहीं होने से मुझ पर है अधिक जिम्मेदारी : शमी



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। शमी ने माना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से इस टूनार्मेंट में उनपर अधिक जिम्मेदारी है। इसी कारण उनका ध्यान अपनी लय कायम रखने ओर फिटनेस बनाये रखना रहा है। चोट से उबरकर वापसी कर रहे शमी ने बुमराह की गैर मौजूदगी में नये तेज गेंदबाजी हर्षित राणा और ऑलराउंडडर हार्दिक पांड्या के साथ नई गेंद संभाली। शमी ने अभी तक टूनार्मेंट में 8 विकेट लिए हैं।

उन्होंने फाइनल में पहुंचने पर कहा, मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। शमी ने कहा कि बुमराह की गैर मौजूदगी में उनका कार्यभार बढ़ गया है ऐसे में अपना सौ फीसदी से से ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा ऑलराउंडर है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट के लिए मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना सौ फीसदी से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली हार से तीन कप्तानों पर गाज गिरी



**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट में इस बार टीम की हार के कारण एक नहीं तीन-तीन कप्तानों का करियर खराब हो गया। सबसे पहले इसमें मेजबान टीम पाकिस्तान का आता है।

भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार के बाद उसके कप्तान मोहम्मद रिजवान को टीम से बाहर कर दिया गया। पाक टीम का प्रदर्शन टूनार्मेंट में बेहद खराब रहा और वह एक मैच भी नहीं जीत पायी। वहीं दूसरी गाज इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर पर गिरी। बटलर को भी टीम के खराब प्रदर्शन के कारण पद गंवाना पड़ा। इंग्लैड टीम का प्रदर्शन भी टूनार्मेंट में खराब रहा। वहीं तीसरे कप्तान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को तो एकदिवसीय प्रारुप से ही संन्यास लेना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारतीय टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

### पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी शामिल

(पीसीबी) रिजवान से इस कदर नाराज हुआ कि टी20 टीम से ही बाहर कर दिया। उनकी जगह न्यूजीलैड दौरे पर टी20 का कप्तान सलमान आगा को बनाया गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के दौरे पर आई इंग्लैंड की टीम को एकदिवीसय सीरीज में सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद टीम की तरफ से बयान में कहा गया था कि वो भारत में हार से दुखी नहीं क्योंकि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में हराना चाहते हैं पर वहां भी जब टीम की हालत खराब रही और उसे अफगानिस्तान की टीम से भी हार मिल तो बटलर की के पास पद छोड़ने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। इसी प्रकार की स्थिति ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्मिथ की रही। वह सेमीफाइनल में मिली हार से बेहद निराश देखे और उन्होंने संन्यास का ही ऐलान करना ठीक समझा।

### न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी का सर्वोच्च स्कोर बनाया 362 रन का विश्व रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया के 356 रन को पीछे छोड़ा

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हरा दिया। लाहौर स्टेडियम में केन विलियम्सन और रचिन रवींद्र की सेंचुरी के दम पर टीम ने रिकॉर्ड 365 रन बनाए। कप्तान सैंटनर के 3 विकेट से प्रोटियाज टीम 312/9 का स्कोर बना सकी। अब न्यूजीलैंड का मुकाबला फाइनल में 9 मार्च को भारत से होगा। मैच में कई मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी का हाईएस्ट टोटल बनाया।

## बॉलीवुड न्यूज

### शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' का प्रीमियर 8 मार्च को




**मुंबई ।** एंड पिक्चर्स पर शनिवार 8 मार्च को रात 8 बजे शाहरुख खान की डंकी का चैनल प्रीमियर होने जा रहा है। राजकुमार हिरानी के बेमिसाल निर्देशन में बनी यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि जज्बात, हंसी और समाज का आईना भी है, जो हर दिल को छू जाएगी। शाहरुख खान, बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे दमदार कलाकार इस कहानी को असली रंग देते हैं, जो सपनों, संघर्षों और अपनों के बीच बंधे रिश्तों की गहराई को बखूबी दिखाती है। हर किरदार अपनी खासियत से इस फिल्म को खास बनाता है, जो दर्शकों को एक यादगार सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म 'डंकी' का प्रीमियर एंड पिक्चर्स के उस वादे को दोहराता है, जो भारत के जोश, महत्वाकांक्षा और युवा सोच से जुड़ीं दमदार कहानियां दर्शकों तक पहुंचाने के लिए समर्पित है। डंकी उस कुख्यात रास्ते की कहानी है, जिसे बेहतर ज़िंदगी की तलाश में लोग विदेश जाने के लिए अपनाते हैं। यह सिर्फ अवैध प्रवास की उलझनों को नहीं दिखाती, बल्कि उन रिश्तों को भी उजागर करती है, जो संघर्षों के बीच पनपते हैं, और उस अटूट उम्मीद को सलाम करती है, जो इंसान को आगे बढ़ने की ताकत देती है। यह संवेदनशील कहानी नए सिरे से ज़िंदगी शुरु करने की चाहत और सरहद पार करने की तकलीफों पर रोशनी डालती है, जिससे दर्शक गहराई से खुद को जुदा हुआ पाते हैं।

### 'वीर हनुमान' में हनुमान के बाल्यकाल का भावपूर्ण चित्रण



**मुंबई ।** सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति लेकर आ रहा है 'वीर हनुमान' जिसमें युवा मारुति के कम ज्ञात सफर को दशार्या गया है। यह शो दिखाएगा कि कैसे वे अपने सच्चे उद्देश्य की खोज करते हैं और अपने दिव्य भविष्य के लिए खुद को तैयार करते हैं। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है। बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, जबकि सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली दोहरे किरदार में नजर आएंगे। यह शो बाल हनुमान की मासूमियत, उनके दिव्य शक्तियों के प्रति जागरूकता और अपनी नियति को पूरा करने के लिए आने वाली कठिनाइयों को पार करने की यात्रा को उजागर करेगा। भगवान हनुमान की कहानी आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है। यह शो साहस, निःस्वार्थता और बुराई पर अच्छाई की विजय की शाश्वत गाथा को प्रस्तुत करेगा।


### 'अनुपमा' में मनीष गोयल की एंट्री, निभाएंगे अहम किरदार



**मुंबई।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा अपनी दमदार कहानी, मजबूत किरदारों और इमोशनल गहराई के साथ लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है और टीआरपी चाट्र्स में टॉप बना हुआ है। रूपाली गांगुली जहां अनुपमा के किरदार में हमेशा की तरह शानदार नजर आ रही हैं, वहीं अद्रिजा रॉय और शिवम खजुरिया भी राही और प्रेम के रोल में बेहतरीन परफॉर्मेंस दे रहे हैं। फिलहाल शो में राही और प्रेम की शादी की तैयारियां जोरों पर हैं, जिससे कहानी में नया उत्साह जुड़ गया है। शादी के माहौल में जहां ढेर सारी खुशियां और इमोशन्स देखने को मिल रहे हैं, वहीं फैंस ये सोचने पर मजबूर हैं कि क्या इस खुशी के मौके पर कोई बड़ा ट्विस्ट आने वाला है? स्टार प्लस के सुपरहिट शो अनुपमा में जल्द ही एक नया चेहरा नजर आने वाला है। मनीष गोयल इस शो में एक अहम किरदार निभाने जा रहे हैं, जो कहानी में जबरदस्त रोमांच जोड़ देगा। हालांकि, उनके किरदार को लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन चर्चा है कि उनकी एंट्री शाह और कोठारी परिवार की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है। मनीष गोयल, जो अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं, उनकी एंट्री से शो में नया तड़का लगने वाला है। अब देखने वाली बात यह होगी कि उनका किरदार अनुपमा की जिंदगी में कौन-सी नई चुनौतियाँ या बड़े खुलासे लेकर आता है। फैंस इस नए ट्विस्ट को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और इंतजार कर रहे हैं कि आगे कहानी किस मोड़ पर जाएगी!

## न्यूजीलैंड दौरे पर आकिब ही रहेंगे मुख्य कोच : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसबी) ने पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को न्यूजीलैंड दौरे के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया है। वहीं पूर्व कप्तान मोहम्मद युसूफ को बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। पाक टीम अपने न्यूजीलैंड दौरे में सीमित ओवरों की एक सीरीज खेलेगी। इसी को लेकर पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब को ही मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं , ह्यपीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।



पेरिस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए पेरिस संट जर्मन और लीवरपूल के खिलाड़ी।



जमीन से कुछ ऊंचाई पर बिजली के तार से जकड़ा है मोहल्ला ख्वाजगी टोला। स्थानीय लोग अगर बचकर न चलें तो करंट उन्हें अपना डंक मारने से नहीं चूकता।

# जौनपुर



# मोटरसाइकिल की रफ्तार ने छीन ली दो युवकों की जिंदगी

**दु:खद**

**सरायख्वाजा के सुल्तानपुर गौर गांव के पास की घटना**

जनसंदेश न्यूज



मृतक मुन्ना सिंह की फाइल फोटो



मृतक आशीष सोनकर की फाइल फोटो

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार जंगीपुर खुर्द मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर गौर गांव के पास बुधवार रात करीब 10 बजे दो मोटरसाइकिलों की आपस में भीषण टक्कर हो गई, इस दौरान दो लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम करावाकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जंगीपुर खुर्द गांव के निवासी राणा सिंह ने जंगीपुर खुर्द बाजार में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान खोल रखी है। बुधवार की रात राणा सिंह का 30 वर्षीय पुत्र रत्नाकर उर्फ मुन्ना सिंह बहादुद्दीनपुर गांव के अपने मित्र सचिन उर्फ बंटी (24) को साथ लेकर मोटरसाइकिल से कोठवार बाजार खरीदारी करने गया हुआ था। खरीदारी के बाद करीब 10 बजे जब वह कोठवार जंगीपुर खुर्द मार्ग होते हुए घर के लिए जा रहा था इसी दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार कोतवाली थाना क्षेत्र के सुखीपुर निवासी छेदीलाल सोनकर का 21 वर्षीय पुत्र आशीष सोनकर से टकरा गया। दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी भीषण थी कि सुक्खीपुर कस्बा के छेदीलाल सोनकर के 21 वर्षीय पुत्र आशीष ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया तथा जंगीपुर खुर्द के राणा सिंह के 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह ने देर रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि परिजनो द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा दिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें : सीओ

**बैठक**

**जॉइंट मजिस्ट्रेट ने होली पर्व को लेकर की शान्ति समिति की बैठक**

**मीरगंज।** थाना परिसर में बुधवार को शांति सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट मछलीशहर कुमार सौरभ, क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा व थानाध्यक्ष मीरगंज रमेश कुमार ने क्षेत्र से आये हुये सम्भ्रान्त लोगों से त्योहार पर सुरक्षा के सम्बन्ध में सुझाव माँगा। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जाएंगे।

जॉइंट मजिस्ट्रेट द्वारा पूछताछ के दौरान बंधवा निवासी मोहम्मद शैफ ने कहा कि मस्जिद के सामने कुछ अराजकतत्वों द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा है जिस पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिया। जॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि समाज में कुछ असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का काम करते हैं, ऐसे लोगो से सावधान रहें और पुलिस प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अवैध नशीले पदार्थों को बेचने वालों की सूचना पुलिस को तत्काल दे। सूचना देने वालो का नाम गोपनीय रखा जायेगा। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने कहा कि होली के मौजमस्ती भरे त्योहार को शांति पूर्वक मिलजुल कर मनाएं। होली के नाम पर कोई हंगामा कदापि न करने पाए यह पुलिस ही नही क्षेत्र समाज के लोगो की भी जिम्मेदारी है। होली का रंग जिन्हें नही भाता है उन्हें चाहिए कि वह बाहर न निकले और होली खेलने वालों को भी चाहिए कि वह किसी के घर में घुसकर रंग न लगाएँ। कुछ असमाजिक तत्व और साम्प्रदायिक शक्तियां ऐसे अवसर पर त्यौहार की आड़ में रंग के बहाने सौहार्द को खराब करने का प्रयास करते हैं।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**गौराबादशाहपुर।** नेहरू युवा केंद्र जौनपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकास खंड धर्मापुर के मालती देवी इंटर कालेज सरैया मोड़ के परिसर में बुधवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित हुईं।

400 मीटर दौड़ में सौरभ यादव प्रथम, अंश यादव द्वितीय और अमित निषाद तृतीय रहे। वालीबाल में मालती देवी इंटर कालेज की टीम प्रथम वह बजरंग स्पोर्ट उपविजेता रही। कबड्डी में स्मार्ट प्लेयर विजेता और क्रांति एमडी उपविजेता। कुश्ती में उमाशंकर प्रथम, शुभम निषाद द्वितीय। उज्जवल निषाद तृतीय। साइकिल स्लो रेस में रिया यादव प्रथम, प्रियांशी यादव द्वितीय शिवांगी गिरी तृतीय। बैडमिंटन में दीपाली यादव प्रथम, सबा द्वितीय, रिया गौतम तृतीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक मखंचू प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान राममूरत यादव और विशिष्ट अतिथि विनय यादव रहे। रेफरी की भूमिका में राजीव यादव, हरेंद्र यादव, इंद्राज यादव, संजय मौर्या रहे। इस मौके पर नन्हकू प्रजापति, साधना, प्रमोद यादव सुनील यादव, रोशनी, खुशबू विश्वकर्मा, राहुल, रंजना, माया, रागिनी प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। नेहरू युवा मंडल केराकत के अध्यक्ष रामसिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र में विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें कई प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ। रंगोली खेल प्रतियोगिता में सावित्री विश्वकर्मा, वंदना श्रीवास्तव, सरिता यादव, अंजू कुमारी, रितु मिश्रा, ज्योति सिंह, मधुलिका ने हिस्सा लिया। खेल में पीएम श्री विद्यालय मेहंदीपुर विजेता और उप विजेता कम्पोजिट विद्यालय सहोदरपुर रहे। खेल प्रतियोगिता यादवेश इंटर कॉलेज में कराया गया जिसमें ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव प्रमुख बक्शा, खंड शिक्षा अधिकारी शिखा मिश्रा, क्षेत्रीय खेल अधिकारी रवि प्रकाश यादव, खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी, अटेवा जिला मंत्री ब्रह्माशील यादव, वेदप्रकाश सिंह, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद यादव रहे। मंच संचालन डॉ. मनीष सोमवंशी, आशीष लोहिया, अमित यादव, राय साहब सिंह, संजय यादव, दयाकर उपाध्याय, विवेक यादव, धर्मेंद्र यादव, यादवेश इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जयप्रकाश यादव, प्रबंधक रामदत्त यादव उपस्थित रहे।



## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, समान जलकर राख



जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार बाजार में एक जनरल स्टोर की दुकान में बुधवार रात करीब पौने दस बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे दुकान के अंदर सामान जलकर राख हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से लोगों की सहायता से आग पर काबू पा लिया। काजीबाजार निवासी आकाश गुप्ता की कोठवार बाजार में जनरल स्टोर की दुकान है। रोज की तरह जब वह बुधवार रात को दुकान बंद करके घर चला गया इसी दौरान करीब पौने 10 बजे उसे फोन पर किसी ने सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही आकाश आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर देखा की दुकान में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। शोरगुल के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

## घर में चोरी का प्रयास, पुलिस नहीं दर्ज कर रही मुकदमा

**गुहार**

**तीन सप्ताह से थाने में मुकदमा लिखवाने को भटक रहा पीड़ित**

**मुंगराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन सप्ताह पहले दो बदमाश चोरी करने की फिराक में घर में घुसे थे। घंटों प्रयास करने के बाद जब दरवाजे का लॉक नहीं काट पाए जिससे चोरों के मंसूबों पर पानी फिर गया। चोरों की हरकर लगभग 3 घंटे की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। थाना क्षेत्र के गांव दल्लू का पूरा भीखपुर निवासी हरिकेश बहादुर सिंह बीते 2 फरवरी को अपने परिवार के साथ श्री जगन्नाथ धाम पुरी उड़ीसा की यात्रा में गए थे। चोरों ने कई दिनों रैकी करने के दौरान जब घर में कोई नहीं दिखा तो 5 फरवरी की रात को दो नकाबपोश बदमाश बगल की दीवार डांककर घर में घुस गए और कमरे के दरवाजे में लगे लॉक को तोड़ने में जुट गए। कई घंटों प्रयास के बाद केवल एक लाक तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकें। जब परिवार 9 फरवरी को लौटा तो देखा कि दरवाजे का एक लॉक टूटा हुआ था। उनको कुछ अजीब लगा कि घर में कोई घुसा था। उन्होंने जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो दो नकाबपोश बदमाश घर में चोरी की नीयत से घुसे थे और दूसरा लॉक तोड़ते तोड़ते सुबह हो गई। लोगों की आवाज सुनकर दोनों बिना चोरी किए ही उन्हें मायूस होकर जाना पड़ा। हरीकेश बहादुर सिंह घटना की तहरीर के साथ सीसीटीवी फुटेज भी थाने में दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बजाय घटनास्थल पर जांच करने भी नहीं पहुंची। पीड़ित 3 सप्ताह से थाने का चक्कर लगा रहा है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

## होली को लेकर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**नेवढ़िया।** थाना में होली के त्योहार को लेकर उपजिलाधिकारी मड़ियाहू और सीओ द्वारा थाना प्रभारी अमित पाण्डे की अध्यक्षता में एक पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी चौकीदार और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक में सभी से अपील की गई कि वे होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उपजिलाधिकारी और सीओ ने सभी को यह हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और अशांति की स्थिति से बचें और समाज में भाईचारे की भावना बनाए रखें। थाना प्रभारी अमित पाण्डे ने भी सभी उपस्थित लोगों को ध्यान दिलाया कि इस समय किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए थाना प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

# चोरों ने चार दुकानों का ताला काटकर हजारों के कैश उड़ाये

जनसंदेश टाइम्स

**बेखौफ**

**दो मेडिकल, एक बेकरी सहित लोहे की दुकान में चोरी, भुक्तभोगियों ने कोतवाली में दी तहरीर**



**मछलीशहर।** स्थानीय नगर में बुधवार की रात बेखौफ चोरों ने चार दुकानों का ताला काटकर हजारों रुपए कैश चुरा ले गए। नगर के रोडवेज निवासी ओम प्रकाश गुप्ता तहसील कार्यालय से पचास फीट दूरी से भी कम पर अपना मेडिकल स्टोर चलाते है।

रोज की भांति मेडिकल बंद कर घर चले गये थे। रात में चोरों ने शटर का ताला काट कर गल्ले में रखा 12000 हजार रुपया कैश के साथ सीसीटीवी का डीवीआर भी उठा ले गए। इसके बाद वहीं बगल स्थित नगर के चैलहा निवासी मनीष मौर्य के शांति मेडिकल स्टोर का ताला काटने का प्रयास किया। एक तो कट भी गया किंतु एक नहीं कटा। यहां असफल होने वाले चोर वहीं बगल स्थित दिनेश यादव की बेकरी का ताला काट अंदर घुस गए। दिनेश यादव ने बताया आज वह अपना पत्नी का टूटा मंगल सूत्र और झुमका बनवाने लाए थे जो नहीं बना तो वहीं गल्ले में रख दिया था।

चोर उसे भी उठा ले गए। उसके अलावा गल्ले में रखा पांच हजार कैश भी चुरा ले गए। इसके पहले चोरों ने पन्ना लाल लोहार की दुकान पर लगे बांस के गेट का दरवाजा तोड़कर उसमें से छीनी, हथौड़ी, सरिया, गहडाला निकाला और उसी औजार से चोरी की घटना को अंजाम दिया। गुरूवार सुबह दुकान पहुंचे दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचीं पुलिस लिखा पढ़ी कर कोतवाली चली गईं। भुक्तभोगियों ने कोतवाली पहुंच घटना की तहरीर दे दी है। कोतवाल त्रिवेणी सिंह का कहना है कि मामले की बहुत ही गहनता से छानबीन की जा रही है।

# दस से 12 मार्च तक शाही किले में होगा आयोजन

**जौनपुर महोत्सव**

**जनपद के कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का मिलेगा अवसर**

**500 से अधिक जोड़ों का कराया जायेगा सामूहिक विवाह**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जनपद के शाहीकिला में 10 से 12 मार्च तक प्रस्तावित तीन दिवसीय ₹जौनपुर महोत्सव₹ की तैयारी के संबंध में एक बैठक खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के सिपाह स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर नगर अध्यक्ष कमलेश निषाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव रहे। बैठक में नगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि ₹जौनपुर महोत्सव₹ के मंच के माध्यम से जनपद के कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। महोत्सव में 500 से अधिक जोड़े का सामूहिक विवाह माध्यम से विधि विधान से विवाह कराया जाएगा। परिषदीय स्कूलों एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाएगा। महोत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिससे जनपद व देश के नामी कवि भाग लेंगे। महोत्सव में सांसद व अभिनेता रवि किशन, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ व आम्रपाली दुबे और बॉलीवुड सिंगर वरदान सिंह भी अपना अमूल्य समय देगे।

महोत्सव में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिवार वालों, शहीद के परिवार वालों को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता, कला, संस्कृति, गायन, शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. रामसूरत मौर्या, प्रतिनिधि अजय सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, प्रदीप तिवारी, अमित श्रीवास्तव, ब्रह्मेश शुक्ला, धर्मपाल, बसंत, नंदलाल, सुनील, सीपीन, यशवन्त साहू, जय विजय, विष्णु, शिव कमल, अभिषेक, पुष्पेंद त्यागी, सचिन व रमेश आदि लोग उपस्थित रहे।

## हृदय गति रुकने से हुई थी युवक की मौत

**शोक**

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई पुष्टि, मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति में मिली थी लाश**

**सुइथाकला।** क्षेत्र के समोधपुर गांव में मंगलवार शाम घर के ही लान में एक युवक की संदिग्धावस्था में मिली लाश के मामले में लोगों द्वारा लगाए जा रहे तमाम कयासों पर विराम उस समय लग गया जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक द्वारा हृदयगति रुकने से मौत होने की पुष्टि की गई। इस आशय की जानकारी प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने दी।

गौरतलब हो कि उक्त गांव में मंगलवार की शाम घर के ही लान में लालचंद सोनी 42 वर्ष पुत्र स्व. छोटेलाल सोनी की लाश सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस को मिली थी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान भी मौके पर पहुंच मौत की संदिग्धता के आधार पर घटना के बारे में आवश्यक जानकारी ली थी। उधर ग्रामीणों में भी तमाम तरह के कयास अपनी अपनी तरह से लगाए जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने युवक की लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजवाते हुए संदिग्धों से पूछताछ करते हुए मामले के खुलासे में लगे हुए थे कि इसी बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयगति रुकने से युवक की मौत होने की पुष्टि ने लोगों द्वारा लगाए जा रहे तमाम कयासों पर विराम लगा दिया। गौरतलब हो कि मृतक लालचंद अस्वस्थ रहने के कारण पिता की मौत के बाद अविवाहित होने के कारण अकेले ही घर में रहता था। वर्तमान में उसकी मां उसके भाई के साथ मुम्बई में रह रही थी। पिछले मंगलवार को वह घर के लान में मृत अवस्था में पाया गया था। फिलहाल परिजनों के मुम्बई से आने के बाद गुरुवार को युवक की लाश का अंतिम संस्कार इमिलिया घाट पर किया गया।

## संक्षेप

### स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय प्रयागराज स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्र द्वारा संचालित प्रो. रामनाथ पांडेय महिला पीजी कालेज के बीएड विभाग के अंतर्गत स्काउट गाइड प्रशिक्षण गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रो. प्रदीप कुमार पांडेय रिसर्च डायरेक्टर के रूप में उपस्थित रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के सचिव प्रकाश पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट गाइड छात्रा अंकित पांडेय और नेहा यादव के द्वारा किया गया। महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण का अभियान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री पांडेय द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया। बीएड विभाग की अध्यक्ष डॉ. ज्योति पांडेय द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। स्काउट गाइड प्रशिक्षक अजय चौहान, नितेश प्रजापति ने बच्चों को स्काउट गाइड के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। अंत में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति पांडेय द्वारा आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक मणि तिवारी, डॉक्टर कमलेश पांडेय, डॉक्टर रविशंकर शुक्ल, बिंदु पटेल, संजू मिश्रा, लक्ष्मी मौर्य, डॉक्टर अल्पना सिंह, रेनू मिश्रा, धीरज समेत समस्त प्रवक्ता गण मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितयों में पोखरे के किनारे युवक की लाश पाए जाने से सनसनी

**खेतासराय।** थाना क्षेत्र के अमरेथूवा गांव में ईंट भट्टे से कुछ दूरी पर युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुरुवार तड़के आसपास के ग्रामीण जब अपने दैनिक कार्य से घर के बाहर निकले तो देखा की एक युवक की लाश पड़ी हुई है। ग्रामीणों की जुटी भीड़ में एक ने पुलिस को सूचना दिया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने इसकी शिनाख्त कर लिया, वह आजमगढ़ जनपद के थाना फूलपुर ग्राम इटकुहिया निवासी अखिलेश कुमार गौतम के नाम के पहचान कर लिया। पुलिस का अनुमान है कि अधिक शराब पीने के कारण वह पोखरे के किनारे बेहोश हो गया और ठंड लगने के कारण उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मौत का सही कारण पता लगाने के लिए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई।

### समाज के लिए अभिशाप है नशा और दहेज : डॉ. पूनम यादव



**केराकत/मुफ्तीगंज।** नशा और दहेज दो ऐसी चीजें हैं जिससे हमारा समाज अभिशप्त है और आर्थिक व नैतिक रूप से गर्त में जा रहा है। गुरुवार को शुभकान्हा जी संस्थान खड़हर डगरा मुतुर्जाबाद में छात्राओं एवं छात्राओं द्वारा नशामुक्त भारत व दहेज मुक्त समाज से संबंधित जागरूकता रैली को रवाना करते हुए प्रबंधक डॉ. पूनम यादव ने उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहाकि इसके लिए जन जागरूकता की आवश्यकता है जिसके लिए समाज के बुद्धिजीवी तबके को आगे आना होगा। रैली में शामिल छात्रों और छात्राओं ने आसपास के गांवों का भ्रमण किया तथा लोगों का इस ओर ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर रेखा यादव, सीमा सिंह, सुषमा यादव, सीमा भारती, दीपाली सिंह, अभिषेक मिश्रा, सतीश यादव, पवन यादव, पंकज यादव, मन्नू, देवेश, पंकज, रूपेश, राजू आदि लोग उपस्थित रहे।

### पीएम श्री विद्यालय भदेवरा के छात्र शैक्षणिक टूर पर हुए रवाना



**गौराबादशाहपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में पीएम श्री विद्यालय भदेवरा के छात्र शैक्षणिक भ्रमण यात्रा पर सारनाथ के लिए रवाना हुए। इस दौरान बाबा प्रसिद्ध नारायण विद्यालय बगथरी में भी इन छात्रों को भ्रमण कराया जाएगा, जहां पर वह कंप्यूटर लैब सहित अन्य आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित होंगे। शैक्षणिक भ्रमण यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए समाजसेवी सत्यानंद चौबे और प्रधानाध्यापक महेंद्र चौहान ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सारनाथ के ऐतिहासिक स्थलों, बौद्ध स्तूप इत्यादि के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी वहीं उनको इन स्थानों को नजदीक से देखने समझने का भी मौका मिलेगा। बाबा प्रसिद्ध नारायण विद्यालय में छात्रों को कंप्यूटर लैब से भी परिचित कराया जाएगा। यात्रा के रवाना होने के दौरान ममता पांडे, राजन यादव, सुरेंद्र सिंह, जफर अब्बास, आलोक कुमार सिंह, रूबी पांडे, सर्वेश पाठक, सचिन राजभर इत्यादि मौजूद रहे।

### स्प्रिंकलर से सिंचाई किसानों के लिए साबित हो रही वरदान

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि "पर ड्राप मोर काप" योजनान्तर्गत विकास खण्ड बक्शा एवं बदलापुर में अवधेश उपाध्याय ग्राम दुधौड़ा केला में लगे ड्रिप, पवन कुमार पाण्डेय ग्राम मछलीगांव विकासखंड बदलापुर के गेहू में लगे मिनी स्प्रिंकलर, राकेश कुमार सिंह ग्राम तरसड़ा विकास खण्ड बक्शा गेहूँ में लगे मिनी स्प्रिंकलर एंव जंगबहादुर सिंह ग्राम नरी विकासखण्ड बक्शा गेहू में लगे मिनी स्प्रिंकलर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कृषक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा मिनी स्प्रिंकलर पद्धति से गेहूँ में, सिचाई एवं उर्वरक नैनो यूरिया का इस्तेमाल वेन्चुरी के माध्यम से करके लेबर एवं पानी की बचत कर अच्छी खेती का उदाहरण पेश कर रहे है। वहीं विकासखंड बक्शा के कृषक जंग बहादुर सिह ग्राम नरी बक्शा में स्प्रिंकलर पद्धति द्वारा गेहूँ की सिचाई की जा रही है। उनके द्वारा बताया गया कि गेहूँ की बाले लम्बी और पौधे स्वस्थ है। स्प्रिंकलर की अपेक्षा पलड इरीगेशन से सिंचाई से बाली छोटी और पौध भी उतने विकासित नही हुये है। प्रगतिशील कृषक का कहना है कि स्प्रिंकलर पद्धति से सिचाई करने पर पानी व लेबर की बचत होती है, खाद एवं दवा हम लोग वेन्चुरी के माध्यम से डाल सकते है और फसल की अच्छी उपज भी अधिक ले सकते है, जिससे कृषक की आय दुगनी करने में मदद मिलती है। जो कृषक बन्धु स्प्रिंकलर पद्धति की स्थापना करवाना चाहते है। वे किसी भी कार्य दिवस मे जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय मे आधार, खतौनी, फोटो व बैंक पासबुक फोटोकापी के साथ सम्पर्क कर सकते है।

### होली को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**केराकत।** होली में धुरड्डी के दिन शुक्रवार होने से गंभीरता को लेते हुए गुरुवार को कोतवाली के लघु सभागार में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में होलिका दहन को लेकर समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया कि कहीं भी किसी प्रकार की दिक्कत आने पर पलिस को तुरंत सूचनाएं दें जिस से समय रहते समस्याओं का निराकरण हो सके। आपने स्पष्ट किया कि रंग और गुलाल का ही प्रयोग करें किसी भी प्रकार की अराजकता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर निरीक्षक विजय शंकर यादव, एसआई विद्यासागर सिंह, श्रीराम सिंह, रविन्द्र नाथ व राजबली, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार सिंह, रणजीत सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल मिथिलेश कुमार, कमला यादव, हाजी गोगा अंसारी, प्रदीप कुमार पिंकू, सभासद राजेश साहू तथा विभिन्न गांवों से आए हुए लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी एमएलसी ने लक्ष्मी की हत्या के खुलासे की मांग की

जनसंदेश न्यूज



वाराणसी बीजेपी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा

**भदोही।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रड़ईपुर निवासी लक्ष्मी विश्वकर्मा की हत्या के मामले में अभी तक कोई सुराग न मिलने से भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य वाराणसी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने प्रमुख सचिव (गृह) को शिकायती पत्र देकर तत्काल खुलासा किये जाने की माँग की हैं। प्रमुख सचिव गृह को भाजपा एमएलसी ने शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि भदोही कोतवाली क्षेत्र में पिछले वर्ष 24 नवम्बर को लक्ष्मी पुत्री राजकुमार विश्वकर्मा की हत्या कर दी गई थी, जिसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया, जिससे विश्वकर्मा समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है तथा सरकार की छवि भी धूमिल हो रहीं है। भाजपा एमएलसी ने प्रमुख सचिव से प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत तत्काल टीम गठित कर बच्ची की हत्या का खुलासा कराने की माँग की हैं। ज्ञात हो कि 26 नवम्बर को नाबालिग लक्ष्मी विश्वकर्मा के क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। घटना के चौथे महीने में भी आजतक भदोही पुलिस किसी भी नतीजे पर नही पहुँच पाई।

इस घटना में पुलिस की शिथिलता से आक्रोशित अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन भी किया था। समाजवादी पार्टी ने भी इस मामले में पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाकर विरोध कर चुकी हैं। इसके अलावा घटना को लेकर कई संगठनों से जुड़े लोगों ने भी जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मामले के खुलासे की मांग कर चुके हैं।

### बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से हुई घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के केड़वड़िया रेलवे फाटक के पास बाइक से गिर जाने से मीना देवी 40 वर्ष घायल हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूरे भिखारी निवासी लालजी गौतम की पत्नी मीना देवी परिवार के एक व्यक्ति के साथ किसी काम के लिए जा रही थी। क्रासिंग के पास संतुलन बिगड़ जाने से बाइक से नीचे गिर जाने से गंभीर रुप से घायल हो गई, घायल महिला को गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# कालीन कंपनी के प्रेसिडेंट ने दिव्यांग को प्रदान किया बैटरी चालित वाहन



**गोपीगंज।** क्षेत्र के गोपपुर स्थित प्रमुख कालीन कंपनी ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दिव्यांग व्यक्ति को बैटरी चलित तीन पहिया वाहन प्रदान किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कंपनी के अधिकारियों द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए दिव्याग को सुविधा उपलब्ध करा दिया गया।

विकास खंड डीघ के गोधना निवासी दोनों पैर से असहाय दिव्याग सुरेश चंद यादव ने जिलाधिकारी को समस्या से अवगत कराया था। जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देश पर ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड ने दोनो पैरों से असहाय दिव्यांग सुरेश चन्द्र यादव को जिला अधिकारी के कार्यालय में उनके कार्य की व्यस्तता के कारण एडीएम न्यायिक शिव नारायण सिंह और उप जिलाधिकारी शिव प्रकाश यादव की मौजूदगी बैटरी चालित तीन पहिया वाहन दिया गया, जिससे कि वह अपना जीवन यापन सुचारू रूप से कर सकें। तीन पहिया वाहन पाकर सुरेश यादव के चेहरा खुशी से खिल उठा और दिव्यांग ने जिलाधिकारी एवं ओबीटी कम्पनी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### 2027 में बनेगी बसपा की सरकारः कमला शंकर भारती



**भदोही।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में 392 विधानसभा भदोही इकाई की समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार को स्टेशन रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी बहुजन समाज पार्टी कमला शंकर भारती ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगाह किया कि वर्तमान में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जो चल रही है, इस सरकार ने देश और प्रदेश का बुरा हाल कर दिया है। समाज में ऐसा विषाक्त वातावरण पैदा कर दिया है कि जाति के नाम पर धर्म के नाम पर नफरत फैलाया जा रहा है। पुर्व राज्य मंत्री ने कहा कि गरिबों, मजदूरों के मकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। कानून और संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही? है??। मथुरा, गोरखपुर, बलिया हो बागपत भदोही से लेकर हरदोई तक हाहाकार मचा हुआ है। शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि गरीबों के? बच्चे के लिए दिवा स्वप्न जैसे लग रहा है?। आज सर्वसमाज के? लोग बहन कुमारी मायावती की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे है। प्रदेश की जनता 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार जरूर बनाएगी। कार्यक्रम अध्यक्षता सलाउद्दीन अंसारी ने तथा संचालन एडवोकेट संतोष कुमार राव विधानसभा अध्यक्ष भदोही ने किया। इस मौके पर संजय कुमार प्रजापति, रायचंद गौतम, अमित कुमार गौतम सभासद, मो, फजल अंसारी, अर्जुन बिन्द, डॉ राजेश, जाकीर हुसैन पूर्व सभासद, समर जीत पासी, अशोक कुमार बिन्द, नीरज पाल, लक्षमण गौतम, अहसान करीम अंसारी, अशोक भारती, शुभम सरोज, जिलाजीत गौतम आदि बहुत से लोग मौजूद रहें।

### गुंडा ऐक्ट के तहत दो अभियुक्त हुए जिला बदर

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जनपद के थाना भदोही व सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए राहगिरों से मोबाइल छिनैती, मोटरसाइकिल चोरी, लूट, तमंचा साथ लेकर चलने व आमजन को धमकाने आदि जैसे अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले दो अभ्यस्त अभियुक्तों संदीप कुमार विश्वकर्मा पुत्र रमाशंकर विश्वकर्मा निवासी सुल्तानपुर थाना भदोही व राजन चौहान पुत्र देवानंद चौहान निवासी नई बाजार थाना भदोही के विरुद्ध स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर जिला मजिस्ट्रेट भदोही (वि./रा.) द्वारा यूपी गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है।

### 224 आबकारी दुकानों का ई लाटरी से हुआ आवंटन

**भदोही।** सीतामढ़ी में गुरुवार को पुंज मल्टीपरपज हॉल में आबकारी विभाग ने शराब ठेकों के आवंटन के लिए लकी ड्रा का आयोजन किया। लकी ड्रा कार्यक्रम प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव समीर वर्मा जिलाधिकारी विशाल सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक व आबकारी विभाग के अधिकारियों और प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में ठेकों का आवंटन पारदर्शी तरीके से हुआ। इस प्रक्रिया में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की देशी, विदेशी और बीयर की 224 दुकानों का आवंटन किया गया। आबकारी निरीक्षक के अनुसार, सभी आवेदकों को समान अवसर देने के लिए लॉटरी सिस्टम अपनाया गया। कुल दो हजार पाँच आवेदकों में से लकी ड्रा के माध्यम से विजेताओं का चयन किया गया। किसी भी विवाद से बचने के लिए पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से वीडियो ग्राफी के साथ संपन्न की गई। कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि चयनित आवेदकों को जल्द ही शराब बिक्री के लाइसेंस जारी किए जाएंगे। आबकारी विभाग ने सभी चयनित ठेकेदारों को निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन और बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित थे।

# केवाईसी करने का झांसा देकर व अंगूठा लगवाकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर जालसाजो व ऑनलाइन ठगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोइरौना पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ दिलाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया हैं।कोइरौना पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मामले का खुलासा किया। 25 दिसम्बर को वंशराज सरोज निवासी सोनईचा ने थाना कोईरौना पर सूचना दिया गया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति घर पर आए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में केवाईसी करने के नाम पर झांसा देकर थम्ब मशीन पर अंगूठे का निशान लगवा लिए फिर ओटीपी पूछ कर दो बैंक खातों से पाँच हजार व दो हजार रुपये फ्रॉड कर लिए हैं। उक्त सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को केवाईसी करने के नाम पर छलपूर्वक थम्ब मशीन पर अंगूठा निशान लगवा कर बैंक खातों से रुपयों की ठगी करने वाले दो आरोपी आशीष कुमार दुबे निवासी बलापुर, रोही थाना गोपीगंज उम्र करीब 35 वर्ष व विपिन पाण्डेय निवासी ग्राम सारीपुर उमरपुर थाना गोपीगंज उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में रामसरीख गौतम प्रभारी निरीक्षक कोईरौना, उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव, उपनिरीक्षक अशोक सिंह, मुख्य आरक्षी छट्ठू लाल गुप्ता व आरक्षी संदीप कुमार शामिल रहें।

### होली के मद्देनजर दुकानों पर की गयी छापेमारी

**ज्ञानपुर।** होली पर्व के मद्देनजर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में पेय व खाद्य पदार्थो में सम्भावित मिलावट पर प्रभावी बिक्री भण्डारण की रोकथाम हेतु गुरुवार को खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य शशि शेखर की टीम द्वारा अभिया, चकमानसिंह, नागमलपुर में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उलघंन के संदेह के आधार पर जायसवाल किराना स्टोर से सूजी यथार्थ डेरी से खोया एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों से सरसो का तेल तथा रंगीन कचरी के नमूने सग्रहित कर जांच हेतु लैब भेज दिया गया। विवेचना के उपरारंत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही निर्देशित किया गया कि व्यापारी खाद्य पदार्थ में किसी भी प्रकार की कोई मिलावट न करे तथा खाद्य प्रतिष्ठानों जिनकी साफ सफाई की व्यवस्था उचित नही है को यथाशीघ्र ठीक करने को कहा गया, अन्यथा की दशा मे उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। समस्त शोक विक्रेता खाद्य पदार्थ सिर्फ लाईसेंस पंजीकरण धारक को ही विक्रय करे।

# हरिहर नाथ मंदिर के पास से बाइक चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज




**ज्ञानपुर।** अरविंद शुक्ला निवासी सादौपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा गत 11 जनवरी को हरिहरनाथ मंदिर के पास से हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में सूचना दिया गया। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के सूचना पर बुधवार को कुल पांच शातिर चोरों रोहित मौर्या पुत्र मुन्नू मौर्या निवासी गोसाईदासपुर उम्र 19 वर्ष, मिनहाज पुत्र लुकमान अंसारी निवासी पुरानी बाजार उम्र 19 वर्ष, पंकज पाल पुत्र राजकुमार पाल निवासी भुड़की उम्र 18 वर्ष, गुलाब पुत्र अमृतलाल हरिजन निवासी बनकट जमीने छनौरा उम्र 25 वर्ष सभी कोतवाली ज्ञानपुर और एक चोर को के.एन.पी.जी. कॉलेज की पुरानी खंडहर बिल्डिंग ददरहा से गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस का इंजन व पाट्र्स ( मोटरसाइकिल की टंकी, चैनस्पाकेट, वाइजर, मडगार्ड, प्लास्टिक काउल, सीट, पैनल, बैटरी, वायरिंग) बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाइकिल को उनके द्वारा थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत हरिहरनाथ मंदिर के पास से चोरी किया गया था। मोटरसाइकिल के पाट्र्स को हम लोग बेचने के फिराक में थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

# होली के दिन 12 बजे तक ही खेलें रंग : डीएम

**बैठक**

### जिला शांति समिति की बैठक में जनपदवासियों से की अपील

### निर्वाध विद्युत आपूर्ति और साफ-सफाई का दिया निर्देश

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि रमजान महीने और होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में मस्जिदों और ईदगाह की सफाई, चूने का छिड़काव सहित अन्य व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। होलिका दहन स्थल के आसपास सफाई करने हेतु निर्देश दिया गया। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि यदि कहीं जर्जर तार हो तो उसे तत्काल बदल दिए जाए, त्योहारों के दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति बनी रहे। किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या न आने पाए। इसके लिए कंट्रोल रूम की स्थापना करते हुए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरे को चेक कर लिया जाए और यदि कोई सीसीटीवी खराब है तो उसे तत्काल ठीक करना सुनिश्चित किया जाए। शांति समिति के सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया कि जनपद में होली के दिन मध्यान्ह 12 बजे तक ही रंग खेला जाए। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को आगामी त्योंहारों की बधाई देते हुए अपील किया कि जनपद में होली के दिन मध्यान्ह 12 तक ही रंग खेला जाए तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाया जाए।

अभिहित अधिकारी खाद्य को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किया जाए, जिसमें दूध, खोवा सहित अन्य दुग्ध पदार्थो आदि में मिलावट करने वालों पर कार्यवाही की जाए, इसके लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि एक समिति बनाकर मिलावट करने वालों पर कार्यवाही करे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सीओ और उप जिलाधिकारी तहसीलों में भी शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करें। सभी को निर्देशित दिया कि त्योहार रजिस्टर को अनिवार्य रूप से पढ़ लिया जाए, त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाए।

सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रसार से बचे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का प्रसार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक में कहा कि जौनपुर बुद्धिजीवियों का शहर है इसलिए आगामी त्योहारों को गंगा जमुनी की तहजीब रखते हुए मनाया जाए। सभी एसडीएम व सीओ तहसीलों पर भी शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चैहान, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# 350 लाभार्थियों को 90 करोड़ रुपये के ऋण किए गए स्वीकृत

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

### एसएचजी सीसीएल, मुद्रा योजना के आवेदक लाभान्वित

**भदोही।** ज़िले की अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भदोही में आयोजित मेगा एमएसएमई आउटरीच कैम्प कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ ज़िलाधिकारी विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एमएसएमई क्षेत्र में ऋण वितरण हेतु यूबीआई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं ऋण प्रवाह सभी जरूरतमंदों तक सुगमता से उपलब्ध हो इस पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूबीआई केंद्रीय कार्यालय से आए महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बैंक कर्मियों को ग्राहक सेवा को और बेहतर करने एवं जिले के आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने हेतु निर्देशित किया। यूबीआई के क्षेत्र प्रमुख संतोष कुमार ने शासन द्वारा सरकारी योजनाओं में बैंक को प्रदत्त लक्ष्यों की पूर्ति का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा प्रायोजित सीएम युवा उद्यमी योजना पर विशेष रूप से अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से आच्छादित करने पर बल दिया गया। साथ ही एसएचजी सीसीएल, मुद्रा योजना इत्यादि के अंतर्गत भी आवेदकों को लाभान्वित किया गया।

उक्त योजनाओं के अंतर्गत कुल 350 लाभार्थियों को 90 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र आशुतोष पाठक, उपायुक्त एनआरएलएम अनुराग राय, सहित बैंक के गणमान्य ग्राहको एवं बैंक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संचालन बैंक अधिकारी चंद्रेई बसु ने किया और भदोही के अग्रणी जिला प्रबंधक अभिषेक कुमार द्वारा धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया।

# लीनेस क्लब ने किया मातृ शक्ति का सम्मान



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लीनेस क्लब जौनपुर द्वारा महिला दिवस को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं के अधिकारों, समानता और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए ₹मातृ शक्ति सम्मान समारोह₹ का आयोजन नगर के एक होटल में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. शुभा सिंह अध्यक्ष आईएमए ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

विभिन्न क्षेत्रों में अपनी-अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं डॉ. सुलोचना सिंह, डॉ. गीता यादव, डा. अंजना सिंह एवं डा. लक्ष्मी सिंह व डा. शुभा सिंह को अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। लीनेस क्लब अध्यक्ष ज्योति कपूर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला दिवस महज एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। डा. शुभा सिंह ने कहा कि आज जहाँ महिलाएँ सशक्त हुई है वहीं खुद को पूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस कर निर्भिक होकर विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रही है। देश की महिला राष्ट्रपति व वित्त मंत्री के कुशल नेतृत्व में पूरा देश आज तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ममता उपाध्याय ने कहा कि समाज को तब तक विकसित नहीं किया जा सकता, जब तक महिलाएं हर क्षेत्र में स्वतंत्र और सशक्त न हो जाएं। संयेजक मिदहत फात्मा, डा. प्रिया सिंह, डा. आकांक्षा व मिनहाज ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

**आयोजन**

### महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक

इस अवसर पर सचिव पूजा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष स्वाती मेहरोत्रा, निवर्तमान अध्यक्ष नपपा माया टंडन, शर्मिला सिन्हा, गीता गुप्ता, रविन्द्र कालरा, ममता सिंह, कविता वर्मा, जयश्री, पूनम सिंह, शशि श्रीवास्तव, शीला सिंह, मंजू सिंह, आशा तिवारी, उर्मिला सिंह, नीता अग्रवाल व पुष्पा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रही।

# होली नजदीक आते ही नकली मिठाइयों व खोवा से पटे बाजार



जनसंदेश न्यूज

**होली का त्योहार**

### फूड विभाग कार्रवाई के नाम पर करता है कोरम पूरा

**खेतासराय।** होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावट खोर पूरी तरह से सक्रिय हो गए है। ऐसे में आप सभी को सावधान होने की जरूरत है। कहीं आप मिठाई के नाम पर जहर तो नहीं खा रहे है? यह कोई नई बात नहीं है। वर्ष भर में तमाम त्योहार आते है जिसमें मिठाई व खोवा की प्रमुख रूप से जरूरत होती है। ऐसे में ज्यो-ज्यो त्योहार नजदीक आता है त्यों-त्यों मिलावट खोरी का धंधा शुरू होता है। इन दिनों बड़े धूमधाम से यह गोरखधन्धा कस्बा खेतासराय व क्षेत्र के आसपास बाजारों में चल रहा है। जिससे खेतासराय कस्बा मिलावटी, मिठाइयों, सिंथेटिक, दूध से बने खोवा से से गुलजार है। वही विभागीय उदासीनता के कारण ऐसे गोरखधन्धा करने वालों का हौसला बुलन्द है। यदि भूले भटके से कोरम पूरा करने की नियत से जिम्मेदार अधिकारी पहुँच भी जाते है तो बस खानापूर्ति करके बैरंग लौट जाते है या फिर हिम्मत जुटाकर सैम्पलिंग कर लेते है और बाद में मामला रफा-दफा हो जाता है। ऐसे में इस लचर व्यवस्था के आगे सभी लोगों को सावधान होने की जरूरत है। वरना फूड प्वाइजन या अन्य बीमारियों का सामान करना पड़ सकता है।

### रेडीमेड मिठाइयां बेचने की रहती है होड़

त्योहार में दुकानदारों द्वारा मिठाइयां बेचने की होड़ मची रहती है। कितना अधिक से अधिक बेच ले। जिसमें ज्यादातर पहले से मिठाइयां बनी रहती है या फिर रेडीमेड यानी बना बनाया खरीदकर दुकानदार बिक्री करते है। जिससे पता नहीं पाता है मिठाई कब की और कहां से बनी है। इसको खाने का समय सीमा क्या है। जबकि सरकार का आदेश है कि मिठाई की दुकानों पर बिकने वाली मिठाइयों की मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सस्पायरी डेट लिखकर लगाएं। लेकिन ऐसा कस्बा व क्षेत्र के आस-पास के बाजारों में पालन नहीं हो रहा है। अधिकारियों की नाक के नीचे धड़ल्ले से खुलेआम मिलावटी मिठाईयां बेची जा रही है। मिठाइयों का गोरखधंधा चिराग तले अंधेरा वाली कहावत को सिद्ध कर रहा है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

मिलावटी या डेट एक्सस्पायर मिठाइयों का यदि आप सेवन करते है तो आप के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इस सम्बंध में चिकित्साधिकारी पीएचसी सोंधी डॉ. मसूद अहमद खान ने बताया कि खास तौर पर बाजारों में खुले में बिकने वाली मिठाई को नही लेना चाहिए। जिस पर धूल या अन्य मक्खी बैठ जाने से दूषित होती है जो स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक होती है। इसके अलावा मिलावटी या डेट एक्सस्पायर मिठाई खाने से व्यक्ति को उल्टी-दस्त, डायरिया, फूड प्वाइजनिंग भी हो सकती है। मिठाई में पड़े रंग भी काफी हानिकारक होते है उससे कैंसर या लीवर इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी ज्यादा उल्टी-दस्त शुरू हो जाता है तो दिक्कतें बढ़ जाती है। ऐसे में व्यक्ति को डेट एक्सस्पायर या कलरफुल मिठाई खाने से बचना चाहिए।

### दुकानदार मिठाई के शोकेस पर नहीं लिख रहे एक्सपायरी डेट

त्योहार में यदि आप मिठाई की दुकान पर मिठाई खरीदने जाते है तो थोड़ा ठहरिये कहीं आप डेट एक्सस्पायर की मिठाई तो नहीं खरीद रहे है। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिठाई बेचने वालों को ट्रे में रखी मिठाई के साथ एक पर्ची रखना जरूरी है की ट्रे में रखी मिठाई कब तक उपयोग किया जा सकता है, लेकिन स्थानीय कस्बे में कोई भी दुकानदार इसका पालन नहीं करता है। जबकि कस्बा में कई दर्जन मिठाई की दुकान है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा के तहत जारी गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है। खाद्य सुरक्षा की गाइड लाइन का पालन दुकानदार कागजों में भले कर रहे हो उसकी अगल बात है। लेकिन लोग डेट एक्सस्पायर मिठाई खाने को मजबूर है? या तो कह सकते है की जिम्मेदार अधिकारियों की नजर में कस्बे की हर दुकानों पर ताजी और शुद्ध मिठाई प्रतिदिन मिलती है। ऐसे में विभागीय जिम्मेदार कार्यवाही करने में कोताही क्यों बरत रहे है समझ से परे है। अगर त्योहारों में कार्यवाही के लिए टीम आती भी है तो इतिश्री करके वापिस लौट जाती है और मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# ब्लैक फंगस की वजह से निकाला जबड़ा, तीन साल बाद इंप्लांट

**कामयाबी**

**बीएचयू के डाक्टरों की टीम को मिली सफलता, अब पहले की तरह खाना खा सकेगा मरीज**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय में 75 साल के एक मरीज का जाइगोमा इंप्लांट किया गया। इसके बाद अब मरीज पहले जैसे चबाने वाली चीजें खा सकता है। साथ ही स्पष्ट बोल सकता है। कोरोना काल में ब्लैक फंगस के कारण उसका जबड़ा निकाल दिया गया था। प्रोफेसर रमेश सोनी की टीम ने यह सर्जरी की है। उन्होंने कहा कि मरीज की उम्र अधिक होने से सर्जरी भी जटिल थी। डा. प्रियांक राय, डा. स्टैनजिन, डा. स्निग्धा, डा. नन्दमई ने क्वाड जाइगोमा इम्प्लांट तकनीक (इसमें गाल के पास की हड्डी का प्रयोग करते हैं) का इस्तेमाल किया। इस प्रक्रिया में गाल की हड्डियों में चार इम्प्लांट लगाए गए, जिससे ऊपरी जबड़े की हड्डी के बिना भी एक स्थिर आधार बनाया जा सका। इसके बाद, एक खास धातु का फ्रेम बनाकर उसमें मैग्नेट लगाए गए। इन मैग्नेट्स की मदद से कृत्रिम दांत (प्रोस्थेसिस) को भी आसानी से जोड़ा जा सका। बताया कि इस सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। साथ ही उसके चेहरे की सुंदरता भी वापस आई। दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो. एचसी बरनवाल ने टीम को बधाई दी।

# आंचल की परिकल्पना चिली कटर का चयन

**प्रेरक प्रसंग**

**इंस्पायर योजना के तहत पिंडरा ब्लॉक के चार छात्र-छात्राओं का हुआ चयन**



**पिंडरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर अवार्ड के लिए जनपद बनारस से 65 विद्यालयों के बच्चों का चयन किया गया है। इसमे पिंडरा ब्लॉक के चार छात्र-छात्राओं का भी चयन हुआ। कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी की कक्षा आठ की छात्रा आंचल, कंपोजिट स्कूल भई के आशुतोष कुमार, कंपोजिट स्कूल नाथपुर की स्नेहा मौर्या, उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबतपुर के धीरेंद्र गौतम का चयन इंस्पायर योजना के तहत होने पर विद्यालयों में उनका भव्य स्वागत किया गया। कंपोजिट विद्यालय रमईपट्टी की छात्रा आंचल ने इंस्पायर्ड अवॉर्ड के लिए अपने प्रोजेक्ट चिली कटर का ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण किया था। कम लागत से निर्मित मॉडल से समस्या का प्रभावशाली समाधान निकालने की प्रक्रिया को आंचल ने प्रोजेक्ट में विस्तार से समझाया था। विद्यालय के स्टेट अवॉर्डी शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार की तरफ से छात्रा को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जनपद से चयनित मॉडल को प्रोत्साहन स्वरूप 50 हजार रुपये के साथ दूसरे चक्र में प्रवेश मिलेगा। यह क्रम इसी प्रकार चलता रहा तो इस नन्हें वैज्ञानिक को अपनी प्रतिभा के एक्सपोजर का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवसर भी प्राप्त होगा। आंचल की सफलता की जानकारी मिलते ही विद्यालय के सभी शिक्षकों संग बच्चों ने आंचल को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। पिंडरा ब्लॉक की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी पिंडरा विनोद मिश्र ने चयनित बच्चों को बधाई दी।

## मृत शिक्षामित्र को बीईओ ने दी आर्थिक मदद

पिंडरा। स्थानीय विकास खंड के भानपुर गांव निवासिनी व प्राथमिक विद्यालय भानपुर में तैनात शिक्षामित्र शीला देवी का कैंसर बीमारी के चलते निधन गत दिनों हो गया था। गुरुवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भानपुर संकुल के शिक्षक मृत शिक्षामित्र के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए आर्थिक मदद की। इस दौरान शिक्षक संकुल संतोष मौर्य, सुरेंद्र प्रताप, संतोष यादव, अमित कुमार, अनिल राजभर,सुनील कुमार, शरद कुमार, उषा रानी, शिवकुमारी, वर्तिका सिंह, विजय प्रताप समेत अनेक शिक्षक रहे।

# काशी कहीं अपने आनंद भाव को खो न दे: मिथिलेश नंदिनी

## बीएचयू कला संकाय में कार्यशाला में शामिल हुए अयोध्या हनुमत निवास के पीठाधीश्वर

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** बीएचयू पहुंचे अयोध्या स्थित हनुमत निवास के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने अपने व्याख्यान में काशी के आनंद और दुख दोनों का मर्म समझा गए। उन्होंने कहा कि जो दुनिया भर में विषाद का विषय है, वो काशी में प्रसाद का विषय बन जाता है। लेकिन, आप प्रयास करें कि काशी कहीं अपने आनंद भाव को खो न दे, जबकि काशी ने हजारों पीढ़ियों में अपने-आप को नहीं खोया।

कला संकाय में 'काशीः संस्कृति, परंपरा एवं परिवर्तन' विषय पर आयोजित 15 दिवसीय कार्यशाला में धर्मस्थलों पर जुटने वाली भारी भीड़ पर मिथिलेश नंदिनी ने तंज कसा। कहा कि यदि सबको ही पर्यटन के लिए केदारनाथ भेजा जाएगा तो फिर एकांतवास में पूजा-पाठ कैसे होगी। जिस तरह लोग मंदिरों में पहुंचने लगे हैं, यदि शंकर जी का जरा भी मिजाज बदल गया तो आप जानते हैं क्या होगा...। सभागार में बैठे विद्वान और छात्र-छात्राएं यह सुन ठिठक गए। उन्होंने पूछ लिया महादेव हैं या नहीं।

इस पर आचार्य मिथिलेश नंदिनी ने कहा कि भगवान शिव अभी तो हैं, लेकिन जिस दिन महादेव काशी छोड़कर चले जाएंगे, उस दिन यहां कोई ये पूछने वाला नहीं होगा कि महादेव हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने महादेव के होने के आनंद को कम कर दिया है। काशी में हो रहे सांस्कृतिक परिवर्तन का मूल बाजार ही है इसलिए 15 दिन की कार्यशाला में उस पर मंथन हो। उन्होंने कहा कि विकास का नाम कॉरिडोर बनाना नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वभाव में काशी को आनंद, आनंदवन या शिव का सच्चिदानंद कहा जा सकता है। ये ही आनंद, ज्ञान में कन्वर्ट हुआ और अब काशी की परंपरा बन गया। दुनिया की प्राचीन सभ्यताएं गर्त में चली गईं, लेकिन काशी आज भी वैसी रही।

### काशी के अल्हड़पन से डरती है दुनिया

आनंद क्या है इस पर उन्होंने कहा कि दूसरे शहरों में लोग शवों को देखकर दूर भागते हैं, लेकिन काशीवासी शवों को ही धक्का देकर आगे निकल जाते हैं। बाहरी लोग काशी के अल्हड़पन से डर जाते हैं। ये वैसे ही है जैसे शिव को दूल्हा देख घराती भागते हैं। सैकड़ों को पीएचडी करा चुके प्रोफेसर घाट पर विस्फोट की परवाह किए बिना सोते हैं। ध्यान से देखो तो उसी घाट के नीचे एक देवता भी सोए होते हैं। इसी को आनंद कहा जाता है।

### काष्ठ जिह्वा स्वामी के तैल चित्र का लोकार्पण

यह कार्यक्रम काशी कथा न्यास, भारत अध्ययन केंद्र बीएचयू और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से कराया जा रहा है। दृश्य कला संकाय की संकाय प्रमुख प्रो. उत्तमा दीक्षित के निर्देशन में तैयार काष्ठ जिह्वा स्वामी के तैल चित्र का लोकार्पण भी किया गया। आईआईटी बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रो. सिद्धनाथ उपाध्याय ने तमाम संस्कृतियों का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी ने हमेशा से विश्व का मार्गदर्शन किया है। भारत अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. सदाशिव द्विवेदी, प्रो. उमाशंकर गुप्ता, प्रो. राणा पीबी सिंह, प्रो. अवधेश प्रधान, डा. प्रभाकर सिंह, डा. हरेंद्र राय, कला केंद्र के डा. अभिजीत दीक्षित, प्रो. पीके मिश्र, डा. सुजीत चौबे, डा. अमित पांडेय और डा. अवधेश दीक्षित आदि रहे।

# तीस छात्रों व अभिभावकों को किया गया सम्मानित



**वाराणसी।** प्राइमरी विद्यालय नहवानीपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'अभ्युदय' का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डा. अरविंद कुमार पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव, सेवापुरी विकास खंड की खंड विकास अधिकारी प्रतिभा मिश्रा उपस्थिति रहीं। प्रधानाध्यापक चक्रधर चंद्र चौबे ने अतिथियों का स्वागत किया। एसएमसी अध्यक्ष ऊदल ने सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदन एवं इसके उपरांत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बीएसए एवं विधायक प्रतिनिधि ने गणित टीएलएम जोन, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी आदि का भ्रमण किया तथा भूरि भूरि प्रशंसा की। विकास खंड सेवापुरी के लगभग सभी एआरपी डा. आलोक त्रिपाठी, डा. दिनेश चंद, संजय गिरी, भोलानाथ उपस्थिति थे। कार्यक्रम में 30 छात्रों एवं उनके अभिभावकों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाध्यापक चक्रधर चंद्र चौबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दलित महिला को पीटने वाले को कोर्ट से राहत



**वाराणसी।** दीवार तोड़ने का विरोध करने पर दलित महिला को घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) देवकांत शुक्ला की अदालत ने आरोपित दिनेश मौर्या को 25- 25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही नियमित जमानत के लिए अगली तिथि 20 मार्च नियत कर दी। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व रवि तिवारी ने पक्ष रखा।अभियोजन पक्ष के अनुसार दनियालपुर, सारनाथ निवासिनी रीता देवी ने सारनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि प्रार्थिनी का उसकी जमीन पर प्रधान मंत्री आवास योजना से मकान बनवाने का पैसा आया हुआ था, जिससे वह अपने जमीन पर निर्माण करवा रही थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला दिनेश मौर्या अपने साथ छः लडको को लेकर 19 जुलाई 2022 को सुबह 10 बजे मेरे घर में घुस आए और उनलोगों द्वारा विना कुछ पूछताछ किए घर मे घुस कर निर्माण किए गए दिवार को गिरा दिया गया। इस दौरान घर मे कोई भी पुरुष नहीं थे। जिस पर घर की महिलाओं ने विरोध किया तो दिनेश मौर्या और उसके साथ आए लोग महिलाओं को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देने के साथ ही मारने पीटने लगे। शोर सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी हमलावर मकान न बनवाने के चेतावनी व बात न मानने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इसी मामले में आरोपित ने अपने अधिवक्ताओं के साथ अदालत में समर्पण कर जमानत के लिए अर्जी दी थी।

# विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग के मुकदमे का फैसला 11 को

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में नए मंदिर के निर्माण और हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने को लेकर स्वयंभू विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग की ओर से स्व. पं.सोमनाथ व्यास,डा.रामरंग शर्मा व पं.हरिहर नाथ पांडेय की ओर से 1991 में दाखिल मुकदमे की गुरुवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) युगुल शंभू की अदालत में सुनवाई हुई। मुकदमें के वादी रहे पं.हरिहर पांडेय की बेटियों मणिकुंतला तिवारी,नीलिमा मिश्रा और रेनू पांडेय की ओर से मुकदमें में पक्षकार बनाए जाने का दाखिल प्रार्थना पत्र पर पक्षकारों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश के लिए 11 मार्च की तिथि मुकर्रर की है। स्व.हरिहर पांडेय के पुत्रियों की प्रार्थना पत्र पर आपत्ति करते हुए वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने मुकदमें के संचालन के लिए गठित ट्रस्ट डीड की प्रति अदालत में प्रस्तुत किया था और इसे पत्रावली पर उल्लेखित करने की मांग की थी। इसके खिलाफ आपत्ति दाखिल करने के लिए अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद और स्व.हरिहर पांडेय की बेटियां ने अदालत से समय मांगा था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद और तीनों पुत्रियों की ओर से आपत्ति अदालत में दाखिल की गई और वाद मित्र की अपील को निरस्त करने की दलील दी गई। सभी पक्षकारों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आदेश के लिए 11 मार्च की तिथि मुकर्रर कर दी।

# निरीक्षक मनोज तिवारी की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच शुरू

**वाराणसी।** प्रबुद्धजन काशी न्यास के अध्यक्ष डा संजय सिंह गौतम ने पुलिस उपाधीक्षक विशेष अपराध अनुसंधान शाखा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निरीक्षक मनोज तिवारी की आय से अधिक अकूत सम्पति अर्जित की जांच के सापेक्ष में साक्ष्य सहित शपथ पत्र के साथ जबाब के संदर्भ में निरीक्षक मनोज तिवारी के भ्रष्टाचार कर करोड़ो की अर्जित चल अचल सम्पत्ति के ब्योरे का साक्ष्य सबूत के साथ देते हुये शपथ-पत्र सहित जबाब दिया। जिसमें आय से अधिक अकूत सम्पत्ति का आरोपी निरीक्षक मनोज तिवारी वाराणसी , चन्दौली सहित अन्य शहरो में अपने तथा अपनी पत्नी एवं बच्चों के नाम दर्जनो महंगी जमीने, होटल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान सहित अन्य महंगे सामग्रियों के अर्जन का प्रमाण है। डा.संजय सिंह गौतम ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई के बिना भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना कोरा सपना है।

# 51 हजारी कुश्ती बराबरी पर छूटी

**सेवापुरी।** क्षेत्र के जगापट्टी गांव में स्व.रामसुन्दर त्रिपाठी,धनपत पहलवान,बाबा पहलवान व गंगा पहलवान के स्मृति में अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का उदघाटन रविवार को गढ़वाघाट आश्रम के शिष्य भारती प्रसाद व रोहनिया विधायक डा.सुनील पटेल ने फीता काटकर पहलवानों का हाथ मिलाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में ऐसे कुश्ती का आयोजन समय-समय पर होने से पहलवानों का मनोबल बढ़ता है। यह देश के लिए गौरव की बात है।कुश्ती दंगल में 51 हजारी कुश्ती यूपी के लालजी (तेंदुई) व जंबू के राकेश के बीच हुआ जिसमें काफी गर्मी गम के बीच कुश्ती अंत में बराबरी पर छूट गई।दीपक यादव (जगापट्टी)ने चंदन यादव (गयासेठ)धोबिया पाट मारकर चित करते हुये जगापट्टी का गौरव बढ़ाया।वही कुश्ती दंगल में मंगलाबीर, जगापट्टी,डीएलडब्ल्यू, मुर्दहा, तेन्दुई, ककरहिया, चौबेपुर,डुहिया, छाहि, मुंगवार, कछवां, मिजार्पुर, चक्का, चमाव सहित आदि जगहों के सैकड़ो पहलवानों की कुश्ती हुयी। जिसमें अधिकतर कुश्तीयां बराबरी पर रही।सबसे बड़ी कुश्ती 51 हजार की हुयी।

# रमना में पीस कमेटी की बैठक

**वाराणसी।** लंका थाना अंतर्गत रमना चौकी पर आज पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कमेटी में एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी और लंका इंस्पेक्टर अपने समस्त चौकी प्रभारी के साथ पहुंचे थे। इसमें रमजान और होली को लेकर आमजन से वार्ता किया गया तथा इस त्यौहार के दौरान आने वाले समस्याओं पर वार्ता कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस दौरान क्षेत्र में आने वाले समस्याओं को नोट भी किया गया। न्यायालय और पुलिस कमिश्नर द्वारा दिए गए आदेश को भी लोगों से अवगत कराया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय और हिंदू समुदाय के लोग भारी संख्या में पहुंचे थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गोशाला में लगी आग से झुलसी भैंस

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी किसान शेषमणि शुक्ल के गौशाला में बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। संयोग ठीक था कि रात में लघुशंका करने के लिए उठे किसान के भतीजे दिलीप शुक्ल ने गौशाला में धुआं सुलगता देख पास जाकर देखा तो आग लगी हुई थी। शोरगुल मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और गौशाला के भीतर बंधी हुई एक भैस, दो गाय और एक बछड़े को किसी तरह से रस्सी खोलकर गौशाला से बाहर निकाला। आग की चपेट में आने से बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं गाय और भैंस आंशिक रूप से झुलसे हैं। गौशाला के बगल के कमरे में रखा पशु आहार और रजाई गद्दे जलकर राख हो गए। किसान की सूचना पर गुरुवार दोपहर पहुंचे हल्का लेखपाल हंसराज मौर्य ने घटना की जांच पड़ताल की। किसान ने पशु चिकित्सक को बुलाकर झुलसे हुए पशुओं का उपचार करवाया।

# 11 स्थानों पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू

**बढ़े कदम**

**103 स्थानों के ट्रांसफॉर्मर की क्षमता दोगुनी करने की तैयारी**

**बलिया।** गर्मी में शहर सहित आस-पास के गांवों में लोगों को बिजली से जुड़ी समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा। इसके लिए बिजली निगम अभी से तैयारियों में जुट गया है। विद्युत वितरण निगम की तरफ से शहर के आस-पास 11 स्थानों पर नए ट्रांसफर्मर लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 103 स्थानों पर रखे गए ट्रांसफर्मर की क्षमता बढ़ाकर दोगुनी कर दी जाएगी। इसके लिए निगम की तरफ से 14 करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे।

शहर के 25 वार्ड में करीब दो लाख से अधिक लोग निवास करते हैं। गर्मी शुरू होते ही शहर सहित आस-पास के लोग लो-वोल्टेज और बार-बार फल्ट की समस्या से परेशान हो जा रहे है। विद्युत कटौती की समस्या से निजात के लिए जनता ने कई बाद नए ट्रांसफार्मर लगाने एवं क्षमता वृद्धि के साथ जर्जर हो चुके बिजली पोल और तार बदलवाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद बिजली लोड की वास्तविकता जानने और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ट्रांसफर्मर लगाने के लिए सर्वे कराया था। निगम की तरफ से नए ट्रांसफार्मर लगाने एवं क्षमता वृद्धि के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इन कार्यों की निगम की तरफ से टेंडर प्रक्रिया भी हो गई है। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता नरेंद्र प्रकाश ने बताया कि गर्मी के पहले बिजली सुचारू रूप से देने के लिए नए ट्रांसफार्मर लगाने एवं क्षमता वृद्धि का कार्य प्रगति पर है। निगम का पूरा प्रयास है कि लोगों को निर्बाध बिजली सप्लाई दी जाए।

### छह करोड़ से चमकेगी नपं नगरा की सूरत

**बलिया।** नगर पंचायत नगरा में छह करोड़ रुपए खर्च कर विकास कार्य कराए जाएंगे। शासन की ओर से नगरोदय योजना के अंतर्गत बजट स्वीकृत की गई है। इसमें कान्हा गौशाला एवं एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य शुरू होगा। जनहित के इन 10 कार्यों से नगर पंचायत नगरा की तस्वीर बदल जाएगी। सभासदों के दिए प्रस्ताव के अनुमोदन के साथ ही नगरोदय योजना से पंचफेड़वा पोखरी के दक्षिण घाट का सुंदरीकरण 40 लाख, चचयां में व्यायामशाला का निर्माण 40 लाख, नया विवाह घर एक करोड़ 15 लाख, स्टडी केंद्र एवं लाइब्रेरी के निर्माण पर एक करोड़ 25 लाख, छोटे-छोटे चार पोखरों के सुंदरीकरण पर 50 लख रुपए खर्च होंगे। वहीं, 50 लाख रुपए की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र तथा बंद पड़ा कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य एक करोड़ 65 लाख की धनराशि से होगा। इन सभी कार्यों के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य कराए जाएंगे। साथ ही 25 लाख रुपए की लागत से टूटी हुई सीसी सड़कों का मरम्मत कार्य कराया जाएगा। साथ ही नगर के सभी मार्गों पर यूरिनल एवं तीन जगहों पर सामुदायिक शौचालय बनाने की कवायद तेज हो गई है। अधिशासी अधिकारी टीएन मिश्रा ने बताया कि कुछ कार्य निविदा प्रक्रिया में है। नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु देवी ने कहा कि नगर पंचायत नगरा को आदर्श नगर पंचायत बनाया जाएगा। इसके लिए प्रयास जारी है।

# चहनियां में हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण



**चहनियां।** कस्बा के ग्राम सभा खंडवारी में पंचायत भवन के सभागार में रॉकेट लर्निंग संस्था के ट्रेनर जिला समन्वयक संजीव कुमार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं को कौशल विकास के लिए गतिविधि एजुकेशन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में शिक्षा के साथ साथ बच्चों को समय-समय पर खेल के माध्यम से हर गतिविधि के द्वारा विकास के विभिन्न स्किलो में शिक्षा दिया जाय। बच्चों को शिक्षा देते वक्त पांच नियम जरूर फॉलो करें। भाषा का विकास, शारीरिक विकास, रचनात्मक विकास, सामाजिक एव भावनात्मक विकास, बौद्धिक और संज्ञानात्मक विकास। बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाते हुए यह जरूर ध्यान दीजिए कि बच्चे नियमो का फालो कर रहे है कि नहीं। मौखिक रूप, छोटी मांसपेशियां व बड़ी मांसपेशियां, पिक्चर बनाना व पिक्चर के माध्यम से पढ़ाना, समय-समय पर गृह कार्य करना, व अन्य भाषाओं के विषय में पढ़ाए। इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी, शशिकला देवी, बेबी पांडेय, सरिता पांडेय, सिंधु यादव व अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# प्रतिबंध के बावजूद नहीं थम रहा डीजे का शोर

जनसंदेश न्यूज

**डर नहीं**

**प्रदूषण को रोकने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का भी नहीं हो पा रहा अनुपालन**

**गाजीपुर।** प्रदूषण को रोकने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का भी अनुपालन नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि प्रतिबंध के बावजूद भी रात दस बजे के बाद डीजे व साउंड का शोर नहीं थम रहा है। अभी भी बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्होंने वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे बजाने की अनुमति तक प्रशासन से नहीं ली है। जो स्थिति है उसमें ध्वनि प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के दावों की धज्जियां उड़ने लगी हैं। वैवाहिक समारोह में रोक के बाद भी डीजे व साउंड बज रहा है। बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रशासनिक अधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं।

ध्वनि प्रदूषण को लेकर न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए प्रदेश सरकार ने शासनादेश जारी करते हुए रात दस बजे से सुबह छह बजे तक तेज आवाज में बजने वाले साउंड, डीजे व लाउडस्पीकर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही वैवाहिक कार्यक्रमों और संस्थानों को भी ध्वनि प्रदूषण की बाबत जिला प्रशासन से अनुमति लेने के आदेश दिया गया है।

बीते माह से वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए है। सरकार ने साफ निर्देश दिया गया है कि आयोजक दस बजे के बाद किसी भी तरह के ध्वनि प्रदूषण वाला यंत्र नहीं बजाएंगे। इसमें भी यह लिखा रहता है कि डीजे कितने बजे तक बजाना है, इसकी डेसिबल क्षमता कितनी होगी। आवासीय इलाकों, बाजारों व ग्रामीण क्षेत्रों में डेसिबल का मानक तय होता है। प्रशासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद क्षेत्र में मनमाने तरीके से वैवाहिक कार्यक्रमों में डीजे, साउंड व बैंडबाजा बज रहा है। जिससे तेज ध्वनि के कारण हृदय रोगियों का खतरा बढ़ जाता है। फुल्लनपुर निवासी राजीव कुमार सिंह का कहना है कि शादी समारोह में देर रात डीजे बजता रहता है, जिससे काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। कोर्ट के आदेश के बाद भी कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। शादी-विवाह के अवसर पर प्रभावी रोक लगाने के दौरान होने वाले विवाद की आशंका में कार्रवाई के कदम थम जा रहे हैं। यही कारण है कि सहालग के इस मौसम में एक तरह से मौन छूट भी दिया गया है।

शादी समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए डीजे संचालक के आवेदन पर अनुमति प्रदान की जाती है। नियम उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। एसडीएम सदर।